हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, गुरूवार, 26 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 175, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते, माफ़ी मांगे: सीजेआई

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के जज द्वारा बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहे जाने पर कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि किसी भी देश के हिस्से को पाकिस्तान कहना न केवल गलत है, बल्कि यह देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है। सीजेआई ने जजों को हिदायत दी कि किसी भी समुदाय के प्रति टिप्पणी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा, आप देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। यह देश की एकता के मौलिक सिद्धांत के खिलाफ है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशनंदा द्वारा दिए गए इस बयान का वीडियो वायरल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सुनवाई शुरू की। जस्टिस श्रीशनंदा ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी समुदाय को ठेस पहुंचाना नहीं था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उनकी माफी को स्वीकार करते हुए मामला बंद कर दिया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने जजों और वकीलों को सलाह दी कि इलेक्ट्रॉनिक युग में सार्वजनिक मंचों पर उचित और जिम्मेदार टिप्पणियां करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को अपनी टिप्पणियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। विशेषकर ऐसे समय में जब कोर्ट की कार्यवाही लाइव स्ट्रीम होती है और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होती है। इस घटना के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने बिना अनुमति के अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया को अधिकतम पारदर्शी बनाने के लिए इसे प्रकाश में लाने की जरूरत है, न कि दबाने की। उन्होंने कहा कि लाइव स्ट्रीमिंग न्याय की पारदर्शिता को बनाए रखने का एक अहम जरिया है, और इसे बंद करने का विकल्प सही नहीं है।

### केजरीवाल ने संघ प्रमुख से पूछे सवाल........क्या संघ ने इसतरह बीजेपी की कल्पना की थी?

**अगर ऐसा ही चलता रहा तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा**

नई दिल्ली (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखा। केजरीवाल ने अपने पत्र में भाजपा की कार्यशैली और देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। केजरीवाल ने अपने पत्र में कहा, भाजपा इस देश को जिस दिशा में लेकर जा रही है, वहां भारतीय लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तब देश का लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। केजरीवाल ने संघ प्रमुख से पहला सवाल पूछा, भाजपा के नेतृत्व में तरह-तरह के लालच देकर, ईडी और सीबीआई की धमकी देकर, दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ा जा रहा है। क्या इस तरह से लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक चुनी हुई सरकार को गिरा देना सही है? उन्होंने पूछा कि क्या इस तरह बेईमानी करके सत्ता हासिल करना आरएसएस को मंजूर है।

दूसरे सवाल में, केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर निशाना साधकर कहा कि दोनों नेताओं ने भरे मंच पर कुछ नेताओं को भ्रष्टाचारी कहा और फिर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि 28 जून 2023 को प्रधानमंत्री ने एक नेता पर 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया और उसके कुछ दिन बाद उसी नेता को डिप्टी सीएम बना दिया। क्या संघ ने इसतरह बीजेपी की कल्पना की थी? केजरीवाल का तीसरा सवाल, भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो आरएसएस के कोख में पैदा हुई है। अगर भाजपा पथ भ्रमित हो जाए, तब भाजपा को सही रास्ते पर लाने की जिम्मेदारी आरएसएस की बनती है। चौथे सवाल में, केजरीवाल ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान का जिक्र किया, इसमें नड्डा ने कहा था कि हमें आरएसएस की जरूरत नहीं है। केजरीवाल ने कहा, क्या बेटा अब इतना बड़ा हो चुका है कि वहां अपनी मां को आंखें दिखाने लगेगा? अंत में, केजरीवाल ने कानून का जिक्र कर कहा कि भाजपा ने एक कानून बनाया था कि 75 साल बाद नेता रिटायर हो जाएंगे, लेकिन शाह ने कहा कि यह कानून प्रधानमंत्री मोदी पर लागू नहीं होगा। उन्होंने पूछा, क्या इस पर आपकी सहमति है कि जिस कानून के तहत आडवाणी जी को रिटायर किया गया, वह अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लागू नहीं होगा? क्या कानून सबके लिए समान नहीं होना चाहिए?

### नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का हुआ उद्भेदन,भारी मात्रा में शराब बरामद

बोकारो(ईएमएस)।बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने चीरा चास थाना अंतर्गत नन्दुस्थान इलाके में छापेमारी कर मिनी अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में अवैध और नकली शराब बनाने वाली एवं पैक करने की कई सामग्री जब्त की गई है।टीम ने मौके से 1500 लीटर स्पिरिट, 735 लीटर विदेशी शराब, 1500 पीस शराब की खाली बोतल, 220 पीस शराब की खाली पेट बोटल, विभिन्न ब्रांडों के ढक्कन और स्टीकर, पंचिंग मशीन एक पीस एवं कारामेल आदि बरामद किया है।

### सेना में बहाली के लिए दौड़ रहे 3 युवकों को वाहन ने रौंदा

जहानाबाद (ईएमएस)। यहां के हुलासगंज थाना क्षेत्र में तड़के सुबह बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास सेना में बहाली के लिए दौड़ लगा रहे 3 युवकों को वाहन ने रौंद दिया। हादसे में जख्मी युवकों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। यहां से एक युवक को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा है। घायलों में मनोज का पुत्र बिपिन, जगजीवन और शेखर के रूप में की गई है। तीनों हुलासगंज थाने के पाप एक बस्ती के निवासी हैं। जख्मी युवकों के परिजनों ने कहा कि तीनों युवक सेना में बहाली को लेकर रोज की तरह सुबह पटना-गया स्टेट हाइवे पर दौड़ने गये थे। इसी दौरान चारमुहानी चौक पर सामने से आती पुलिस गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। सूत्रों के अनुसार अचानक झपकी लगने से चालक ने नियंत्रण खो दिया। जिससे पुलिस गाड़ी बेकाबू हो सड़क के किनारे दौड़ रहे युवकों को रौंद दिया। फिर पुलिस ने लोगों की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया।

### पूर्व सीएम चंपाई की सुरक्षा में तैनात हैं 63 जवान व 5 वाहन, सुरक्षा में कोई कटौती नहीं : झारखंड पुलिस

रांची(ईएमएस)।झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की सुरक्षा में कटौती करने की खबर चलने के बाद झारखंड पुलिस ने अपना बयान जारी किया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि चंपाई सोरेन की सुरक्षा में 63 जवान और पांच वाहन प्रतिनियुक्त हैं। उनकी सुरक्षा में कोई कटौती नहीं की गई है। जारी बयान में कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री, सुरक्षा में उनके सुरक्षा श्रेणी के अनुरूप ही सुरक्षा उपलब्ध है। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन "जेड प्लस" (एएसएल सहित) श्रेणी के लिए अनुमान्य थे।वर्तमान में सोरेन को जेड प्लस (एएसएल रहित) श्रेणी सुरक्षा प्राप्त है।पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि चंपाई सोरेन के साथ कुल 63 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी तैनात हैं। इसके अलावा उनके बेटे बाबूलाल सोरेन के पास दो बॉडीगार्ड और उनके सलाहकार धर्मेन्द गोस्वामी उर्फ चंचल गोस्वामी के पास तीन बॉडीगार्ड और एक/चार आवास गार्ड उपलब्ध है। कुल मिलाकर 73 सुरक्षा बल उपलब्ध है।पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद चंपाई सोरेन के पास कुल सात वाहन उपलब्ध थे।जिनमें तीन फॉर्च्यूनर, एक स्कॉर्पियो, एक सफारी और दो जिप्सी वाहन शामिल थे।उल्लेखनीय है कि इनमें से तीन फॉर्च्यूनर, एक स्कॉर्पियो मुख्यमंत्री सुरक्षा के कारकेड का हिस्सा है, जो चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके साथ उपलब्ध था।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता







साहिबगंज। साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के भोगनाडीह गांव में सिद्धू कान्हू स्टेडियम के समीप मैदान में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खराब मौसम और मूसलाधार बारिश के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम स्थल में पहुंच नहीं पाए। उन्होंने कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर जनसभा को संबोधित किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव -पंचायत एवं टोला- मोहल्ला में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। बीडीओ-सीओ जैसे जिन अधिकारियों को आपने कभी देखा नहीं, वे आपके दरवाजे पर आकर सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ने का काम कर रहे हैं।हेमंत सोरेन ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी पहली प्राथमिकता है। झारखंड में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के माध्यम से हम आधी आबादी को मान-सम्मान देने का काम कर रहे हैं। आज 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की लगभग 50 लाख माताओं और बहन-बेटियों को हर महीने एक हज़ार रुपए सम्मान राशि दे रहे हैं इनके खाते में दूसरी किस्त की भी राशि भेजी जा चुकी है।मैं आपको भरोसा दिलाना चाहता हूं कि यह योजना निरंतर चलेगी, ताकि इस राज्य की बहन बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में और मजबूती के साथ आगे बढ़ सकें।श्री सोरेन ने कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, परिसंपत्तियों का वितरण एवं नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया। कार्यक्रम में राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा,महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी,झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू, संथाल परगना क्षेत्र के डीआईजी और आयुक्त जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रामचंद्र राव झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बने, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

रांची । जस्टिस एमएस रामचंद्र राव झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के 16वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। यह समारोह राजभवन में हुआ। जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर झारखंड सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, और कई मंत्री और महत्वपूर्ण लोग मौजूद थे। जस्टिस रामचंद्र राव से पहले बीआर सारंगी इस पद पर थे, जिन्होंने 19 जुलाई को रिटायरमेंट लिया था। इसके बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद को यह दायित्व सौपा गया था। जस्टिस राव पहले हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रहे। उनकी झारखंड हाईकोर्ट में नियुक्ति की अधिसूचना भारत सरकार के कानून एवं न्याय



मंत्रालय ने 21 सितंबर को जारी की थी। जस्टिस रामचंद्र राव एक न्यायिक परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता, जस्टिस एम. जगन्नाथ राव, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रहे हैं और उनके दादा भी आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस रहे थे।

जस्टिस रामचंद्र राव का जन्म 7 अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने भवान्स न्यू साइंस कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित ऑनर्स की पढ़ाई की, जहां वे यूनिवर्सिटी टॉपर रहे। इसके बाद, उन्होंने 1989 में उस्मानिया विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय से एलएलबी की डिग्री हासिल की, जिसमें उन्हें सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। 1991 में, उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। उनके पास सिविल लॉ, मीडिएशन, कंपनी लॉ, एडमिनिस्ट्रेटिव और कांस्टीट्यूशनल लॉ, लेबर और सर्विस लॉ के क्षेत्रों में कई सालों का अनुभव है। उनके पदभार ग्रहण करने से झारखंड हाईकोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया को और मजबूती मिलेगी।

### हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस पर 2,500 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का आरोप

नई दिल्ली (ईएमएस)। हिंदुजा समूह की कंपनी हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) के ऊपर करीब 2,500 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का आरोप लगा है। आयकर विभाग ने करीब 9 माह चली जांच के बाद आंतरिक रिपोर्ट में यह आरोप लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, आयकर विभाग ने संबंधित इंटरनल रिपोर्ट को इस माह की शुरुआत में दाखिल किया है। विभाग पिछले 9 माह से मामले की जांच कर रहा था। जांच में आयकर विभाग ने पाया कि एचजीएस ने टैक्स चोरी करने के लिए घाटे में चल रही एक एंटिटी को मर्ज किया, जबकि हेल्थकेयर बिजनेस को फायदे के साथ डाइवेस्ट किया गया। हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस ने अपना हेल्थकेयर बिजनेस बीटाइन बी.वी की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरीज को बेच दिया था, जो बेयरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया से जुड़ा फंड है। बाद में उसे हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस की डिजिटल मीडिया एंड कम्युनिकेशन बिनेस यूनिट एनएक्सटी डिजिटल के साथ मर्ज किया गया। विभाग का कहना है कि एनएक्सटी डिजिटल घाटे में चल रही कंपनी थी और मर्जर पूरी तरह से टैक्स बचाने के लिए किया गया था। रिपोर्ट में विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया कि जांच पूरी हो गई है। जांच में पाया गया हैं कि मर्जर का उद्देश्य सिर्फ टैक्स बचाना था। इसकारण जीएएआर के तहत 1,500 करोड़ रुपए की और 1000 करोड़ रुपए के कैपिटल गेन की डिमांड की गई है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस संबंध में कंपनी के परिसर का नवंबर 2023 में सर्वे किया था। कंपनी का कहना है कि उसे इस तरह का कोई नोटिस नहीं हुआ है। कंपनी का मानना है कि जिस मर्जर की बात हो रही है।

## मलेशिया में फंसे झारखण्ड के 70 प्रवासी मजदूर, लगायी वतन वापसी की गुहार

गिरिडीह (ईएमएस)। मलेशिया में एक बार फिर झारखंड के 70 मजदूर फंस गये हैं। जिन्हें कम्पनी द्वारा चार माह से वेतन नहीं दिया गया है। उन मज़दूरों के समक्ष आर्थिक संकट के साथ खाने पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाया है। झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर मलेशिया से सामने आया है। इस बार झारखंड के 70 प्रवासी मजदूर मलेशिया में फंसे हुए हैं। इन मजदूरों में झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के मजदूर शामिल हैं।मजदूरों ने सोशल मीडिया




के माध्यम से वीडियो शेयर कर बताया है कि पिछले चार माह से उन्हें कंपनी द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण उनके समक्ष खाने-पीने का संकट उत्पन्न हो गया है।उन मजदूरों ने बताया है कि कम्पनी द्वारा उनका पासपोर्ट भी जप्त कर लिया गया है। मजदूरों ने केंद्र और राज्य सरकार से बकाया वेतन के भुगतान कराने और वतन वापसी की गुहार लगाई है।प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए भारत सरकार और राज्य सरकार से मलेशिया में फंसे झारखण्ड के 70 मजदूरों की मदद करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि झारखंड में रोजगार की कमी के कारण आये दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के मजदूर रोजी-रोटी कमाने विदेश जाते हैं, जहां वह प्रताड़ना का शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए राज्य सरकार को रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है।

### रांची पहाड़ी मंदिर कमिटी को हाईकोर्ट ने किया भंग,डीसी के नेतृत्व वाली कमिटी देखेगी पहाड़ी मंदिर का कार्यभार

रांची(ईएमएस)।राजधानी रांची स्थित पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार और धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा बनाई गई कमिटी को भंग कर दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समिति को किसी प्रकार का धारा 29 का नोटिस (समिति भंग करने का कारण) नहीं दिया गया। ना ही जिला न्यायाधीश से मंदिर विकास के लिए कोई योजना दी गई और न ही जिला न्यायाधीश से किसी प्रकार की कोई सहमति ली गई। वहीं समिति भंग करने से पहले बोर्ड से कोई आदेश भी पारित भी नहीं कराया गया। धार्मिक न्यास के चेयरमैन का आदेश सही नहीं है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : राहुल ने कहा- जम्मू-कश्मीर को दिलाकर रहेंगे पूर्ण राज्य का दर्जा

जम्मू,(ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए बारामूला पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं देती है तो इंडिया ब्लॉक संसद में अपनी पूरी ताकत के साथ इस मांग को उठाएगा और जरूरत पड़ने पर सड़क पर भी उतरेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि यह यहां के लोगों के साथ अन्याय करने जैसा ही है, कि 2019 में जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया। भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था कि किसी राज्य से उसके राज्य का दर्जा ही छीन लिया गया हो और उसे केंद्र शासित



प्रदेश में बदल दिया हो। राहुल ने कहा, कि हम तो चाहते थे कि चुनाव से पहले ही आपको आपका स्टेटहुड वापस मिल जाए। यही जम्मू-कश्मीर के लोग भी चाहते थे. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। अब जम्मू-कश्मीर में चुनाव के बाद मोदी सरकार को जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड वापस देना पड़ेगा। इंडिया गठबंधन आपको आपका स्टेटहुड वापस दिला कर रहेगा, यदि अभी संभव नहीं हुआ तो केंद्र में इंडिया गठबंधन के आते ही इसे कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि पिछले तीन हफ्तों में राहुल गांधी का यह तीसरा जम्मू-कश्मीर दौरा रहा है।

इससे पहले 4 सितंबर को उन्होंने बनिहाल और दूरू में चुनाव प्रचार किया था, जबकि 23 सितंबर को उन्होंने सुरनकोट और सेंट्रल-शाल्टेंग में चुनाव प्रचार किया था। आज बुधवार 25 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान हुआ है। बताते चलें कि यहां पर तीन चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने हैं। दूसरे चरण के तहत आज 26 सीटों पर मतदान करवाया गया है। अंतिम चरण का मतदान 1 अक्टूबर को होना है और परिणाम हरियाणा विधानसभा चुनाव के साथ 8 अक्टूबर को आएंगे।

### मेक इन इंडिया ने दिखाया दम........90 से अधिक देशों को हथियार निर्यात कर रहा भारत

**केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोस्ट कर बताया**

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोदी सरकार में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 2023-24 में मूल्य के लिहाज से 1.27 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है और भारत अब 90 से अधिक मित्र देशों को हथियार और सैन्य साजो सामान निर्यात कर रहा है। राजनाथ सिंह ने एनडीए सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की 10वीं वर्षगांठ पर एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारतीय सशस्त्र बल अब भारतीय सरजमीं पर निर्मित हथियारों और साजो सामान का उपयोग कर रहे हैं और देश वैश्विक रक्षा औद्योगिक परिदृश्य में उभर रहा है।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व के तहत सरकार ने देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा तब से 10 साल बाद, रक्षा सहित हर क्षेत्र में कई सुधार हुए हैं। भारत दुनिया के रक्षा औद्योगिक परिदृश्य में उभर रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा आज भारतीय सशस्त्र बल इसतरह के हथियारों और साजो सामान का उपयोग कर रहे हैं, जो हमारी अपनी धरती पर निर्मित हैं और हम 90 से अधिक मित्र देशों को रक्षा सामग्रियां भी निर्यात कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसका फोकस घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से चीन के साथ लगी सीमा पर स्थित क्षेत्रों में सैन्य तैयारियों को मजबूत करने पर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यापतिनगर में बारिश में सड़क बनाने से लोगों में रोष

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।बारीडीह के विद्यापतिनगर में ठेकेदार द्वारा बारिश में सड़क बनाने से स्थानीय लोगों में रोष है. बस्ती वासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने सड़क बनाने से पूर्व पुरानी सड़क पर पड़ी धूल को साफ भी नहीं किया।ऊपर से मौसम खराब होने से बारिश होने लगी और उसने बारिश में ही सड़क का कालीकरण कर दिया।भाजमो के बारीडीह मंडल अध्यक्ष विजय नारायण ने कहा कि सड़क निर्माण विधायक सरयू राय की अनुसंशा 15 वीं वित्त योजना से की जा रही है।बस्ती वासियों ने ठेकेदार से इस संबंध में शिकायत भी की है।इसके बाद ठेकेदार ने काम में सुधार करने का आश्वासन दिया।

### रांची में साईं नाथ विवि में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन

रांची(ईएमएस)।साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के द्वारा बुधवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया।सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम की शुरूआत की। वीसी ने दुनिया भर के फार्मासिस्ट्स को सम्मान दिया तथा उनके योगदानों के प्रति अभार जताया एवं वैश्विक स्वास्थ्य के सुधार के लिए फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।कहा कि फार्मासिस्टस दवाओं के बारे में लोगों को शिक्षित करने, स्वास्थ्य देखभाल और फार्मेसी उत्पादों के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ावा देने में अभिन्न अंग हैं।तत्पश्चात फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ मनीष मजूमदार, डीन ऑफ एफएमएसआर डॉ के राजेश्वर दत, स्कूल ऑफ फार्मेसी के प्रिसिंपल इनचार्ज प्रो राखी रानी, एफएमएसआर के प्रिसिंपल इनचार्ज प्रो महेश कुमार यादव एवं एफएमएसआर के वाइस प्रिसिंपल प्रो अंकिता सिंह ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्टों की भूमिका एवं योगदानों को विस्तारपूर्वक बताया।इस अवसर विद्यार्थियों द्वारा दो दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।विश्व फार्मासिस्ट दिवस के सफल आयोजन में प्रो इन्द्रजीत कुमार, स्मृति रेखा बेहरा, किंगशुक सरकार, अबरारूल हक, अनुपमा कुमारी व रिया आर्यण का सराहनीय योगदान रहा।

### जैप वन में इप्सोवा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर,डीजीपी ने किया उद्घाटन

रांची(ईएमएस)।डोरंडा स्थित जैप-1 में ईप्सोवा के बैनर तले बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन डीजीपी अनुराग गुप्ता, शिखा गुप्ता और 108 वर्षीय सेवानिवृत्त सीनियर सिटिजन जय नारायण प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया गया।शिविर में झारखंड पुलिस परिवार की महिलाओं और उनके बच्चों की स्वास्थ्य जांच शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से आए विशेषज्ञों द्वारा की गई। शिविर में जैप एडीजी प्रिया दुबे, जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, जैप वन कमांडेंट राकेश रंजन, जैप टू कमांडेंट सरोजनी लकड़ा, जैप टेन कमांडेंट पीयूष पांडेय और रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार उपस्थित थे।

### अठारह माह के आयुष रविदास के दिल का सफल ऑपरेशन

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।बिरसानगर जोन नंबर 4 निवासी राजू रविदास के 18 माह के बेटे आयुष का ब्रह्मानंद अस्पताल में दिल का निःशुल्क ऑपरेशन हुआ। बच्चे को जन्म से दिल की बीमारी थी।एक साल पहले डॉ अभिषेक से इलाज के दौरान इसकी जानकारी मिली।बच्चे के पिता सिक्युरिटी गार्ड में नौकरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं।पैसे के अभाव में वे ऑपरेशन नहीं करवा पा रहे थे।इसकी जानकारी सैल्यूट तिरंगा के झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी को मिली। इसके बाद तिवारी ने ब्रह्मानंद हॉस्पिटल तामोलिया के मैनेजमेंट से बातें कर 10 सितम्बर को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। 12 सितंबर को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ परवेज ने आयुष रवि दास के दिल का सफल ऑपरेशन किया। कुछ दिनों तक बच्चे को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया।

### हजारीबाग में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

हजारीबाग(ईएमएस)।विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत खरकट्टो में विवाहिता भगिया देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मण टुंडा निवासी मृतका की मां झलवा देवी और पिता जागेश्वर साव ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए बेटी की जान लेने का आरोप लगाया है।थाने में दी गई तहरीर में मृतका के पति धनेश्वर साव, ससुर नारायण साव, सास मेघनी देवी, भैसुर मुरली साव, महेंद्र साव, गोतिनी मीना देवी तथा ममता देवी को हत्यारा बताया गया है। कहा है कि वर्ष 2016 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक बेटी भगिया की शादी धनेश्वर साव के साथ हुई थी।क्षमता अनुसार दान दहेज भी दिया गया था, मगर शादी के कुछ महीनों बाद आरोपियों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। घरेलू विवाद में जहर खाने से हुई मौत ससुराल पक्ष पिता ने कहा कि दहेज में पांच लाख रुपए व एक जोड़ा बैल मायके से लाने की मांग की जाने लगी। 22 सितंबर को फोन पर बेटी द्वारा इसकी जानकारी दी गई और 23 सितंबर को उसकी हत्या कर दी गई। इधर ससुराल पक्ष वालों का कहना है कि घरेलू विवाद में जहर खाने से उसकी मौत हुई है।अब शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा हो पायेगा।इस संबंध में थाना कांड संख्या 179/24 अंकित कर बीएनएस की धारा 127(1), 127(2), 195(2), 103(1)/35 तथा दहेज प्रतबेध अधिनियम 23/4 के तहत आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### गुमला के 387 गांव जल्द रौशन होंगे सोलर लाइट से

गुमला(ईएमएस)।जिले के विभिन्न स्थानों को सोलर स्ट्रीट लाइट से आच्छादित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। प्रथम चरण में जिले के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित 387 ग्रामों से चिन्हित कुल 2015 स्थानों में सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन जिला प्रशासन के अनुशंसा पर जरेडा, ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा किया जाएगा। आपको बता दें कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा कुछ दिनों पूर्व अपने सोशल मीडिया हैंडल में जिले के नागरिकों से सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु अपने क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित स्थानों की भी सूची की मांग की गई थी, जिसमें जिले के सैंकड़ों नागरिकों के द्वारा विभिन्न स्थानों की सूची दी गई है।

# झारखंड में घूम रहे हैं कई बहरुपिएः कल्पना सोरेन



पलामू(ईएमएस)।गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार जिला स्टेडियम के पास भारत माता भवन परिसर में मंईयां सम्मान यात्रा को संबोधित किया।कल्पना ने कहा कि आज झारखंड में कई बहुरूपिए घूम रहे हैं। ये लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि मंईयां सम्मान योजना दो माह ही चलेगी और चुनाव के बाद यह योजना बंद हो जायेगी।आप ऐसी भ्रामक बातों में नहीं आए। उन्होंने कहा कि योजनायें बंद करने का काम बीजेपी का है। झामुमो योजनायें लाती है और बीजेपी योजनायें बंद करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाकर झारखंड की महागठबंधन सरकार ने महिलाओं को उनका सम्मान व स्वाभिमान लौटाया है।उन्होंने कहा कि झारखंड की महिला और बेटियों को शिक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर वे शिक्षित होगी तो अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होंगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाकर घर की बेटी और महिलाओं के लिए एक सहारा बनने का कार्य किया है।एक हजार की राशि मिलने से उन्हें जरूर मदद मिली है। भविष्य में इसे बढ़ाया भी जा सकता है।वहीं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग व आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि झारखंड की यह सरकार समाज के हर तबके के लोगों के काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने समाज के हर घर की महिला की चिंता की है।जिन योजनाओं को केंद्र सरकार ने बंद कर दिया है, उन योजनाओं को झारखंड की सरकार ने चालू किया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि केंद्र की सरकार ने एक साजिश के तहत बिना किसी कारण के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में पांच महीने बंद कर रखा।लेकिन हमें न्यायालय पर पूरा विश्वास था और हेमंत सोरेन बाहर निकले। बैद्यनाथ राम ने कहा कि झारखंड की सरकार ने हर दिशा में कार्य किया है।इसका नेतृत्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया। कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे,कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, झामुमो जिला सचिव समशुल होदा युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, आलोक कुमार मंटू आदि मौजूद थे. इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बरवाडीह में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की मईयां सम्मान यात्रा के दौरान बुधवार को पलामू से लातेहार में आहुत जनसभा में जाने के दौरान दुबियाखाड़ में सोरेन के अलावा मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और विधायक रामचंद्र सिंह ने दुबियाखाड़ में स्थापित राजा मेदिनिराय की प्रतिमा पर फूलमाला भेंटकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इससे पहले महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, दीपू तिवारी और अरुण सिंह खरवार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जे पी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मना वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे





धनबाद, बाईपास बलियापुर रोड कोला कुसमा मंझलाडीह सरायढेला स्थित जे पी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट के छात्र-छात्राओं एवं प्रोफेसर के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटा गया।इस अवसर पर चेयरमैन प्रदीप मंडल ने कहा कि फार्मासिस्ट रोगियों की देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए विशेषता प्रदान करने के अलावा जांच परीक्षण और सहायक उत्पादों सहित आवश्यक दवाओं और चिकित्सा तक पहुंच सुनिश्चित कराया जाता हैं। फार्मासिस्ट हॉस्पिटल के अभिन्न अंग होते है,वे स्वस्थ से जुडी सलाह और और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए संपर्क का शुरुआती केंद्र होते हैं। साथ ही अलग-अलग तरीकों से हमारी आबादी के स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते है इसके मद्देनजर फार्मासिस्ट का कोर्स सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के साथ साथ सामाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण है।जेपी कॉलेज ऑफ़ फार्मासिस्ट के सारे विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाए दी । प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा मरीजों के स्वास्थ को सुरक्षित रखने के कोर्स को एकाग्रता से अध्यन हेतु उनका हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से जे पी कॉलेज में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जा रहा है ताकि वे अपने फार्मासिस्ट के कोर्स के महत्व को बारीकी से समझ सके। छात्राओं के बीच वर्ड वर्ल्ड फार्मासिस्ट सेलिब्रेशन पे जेपी कॉलेज ऑफ़ फार्मासिस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल,कॉलेज डायरेक्टर किमी नित्यानन्द मंडल,प्रिंसिपल नीलम, प्रोफेसर गोपाल पासवान, श्याम, सोवना भट्टाचार्य प्रियंका उपस्थित थे।

## सिंगरौली पटना एक्सप्रेस से 456 बोतल शराब बरामद

पलामू(ईएमएस)।आरपीएफ पोस्ट जपला ने गाड़ी संख्या 13349 अप (सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस) के जनरल कोच से 456 बोतल शराब बरामद किया है।गुप्त सूचना मिली थी की सिंगरौली पटना एक्सप्रेस के जेनरल डिब्बे में शराब ले जाई जा रही है।तश्दीक में निरीक्षक प्रभारी जपला के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद, सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार तिवारी व प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन,प्रधान आरक्षी सुनील कुमार राय, प्रधान आरक्षी सुधीर कुल्लू एवं प्रधान आरक्षी सुभाषचन्द्र सिंह अपराध आसूचना शाखा गया ने उक्त गाड़ी सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस को जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 03 पर आगमन के पश्चात जनरल कोच को चेक किया।चेक करने पर सीट के नीचे 09 अदद सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरा लावारिस हालत में देखा गया।जिससे शराब की गंध आ रही थी।उक्त प्लास्टिक के बोरे के पास किसी भी व्यक्ति को न पाकर कोच में मौजूद यात्रियों से पूछा गया कि यह बोरा किसका है, किन्तु किसी ने उक्त बोरे को अपना नहीं बताया। साथ ही साथ कुछ यात्रियों द्वारा यह भी बताया गया कि हमलोग नगर ऊंटारी, गढ़वा से चढ़े हैं।यह सब बोरा पहले से ही सीट के नीचे रखा हुआ था।संदेह होने पर उक्त सभी बोरे को जपला रेलवे स्टेशन पर उतारा गया।चेक करने पर उसमें टनाका ब्रांड एवं शक्तिमान ब्रांड का देसी शराब पाया गया।सभी 09 अदद सफेद रंग के प्लास्टिक बोरे में से टनाका ब्रांड का देसी शराब 180 एमएल का 420 बोतल, जिसका मूल्य 16800 रुपया एवं शक्तिमान ब्रांड का देसी शराब 180 एमएल का 36 बोतल, जिसका मूल्य 1980 रुपया है।

प्रत्येक बोतल पर सेल इन झारखंड ऑनली अंकित पाया गया।नियमानुसार उक्त 09 अदद प्लास्टिक बोरे से पाए गए कुल 456 बोतल टनाका ब्रांड एवं शक्तिमान ब्रांड का देसी शराब कुल अनुमानित मूल्य 18780 रुपया को सहायक उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद ने जब्ती सूची तैयार कर जब्त किया गया। सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से लावारिस हालत में पाए गये जब्त 456 बोतल टनाका ब्रांड एवं शक्तिमान ब्रांड देसी शराब के बाबत अग्रिम कार्रवाई करने के लिए उत्पाद अधीक्षक कार्यालय डाल्टनगंज को अग्रसारित कर दिया गया।

## आयेश कोल ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कोयला लोडिंग का कार्य स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शुरू हुआ



लोयाबाद।लोयाबाद नई रेलवे साईडिंग में बुधवार को आयेश कोल ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा कोयला लोडिंग का कार्य स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शुरू हुआ। इस अवसर पर धनबाद सांसद ढुलू महतो के समर्थक ग्रामीण एकता मंच की अनिता देवी और पूनम प्रसाद ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर तथा जय श्री राम के जमकर नारे लगाते हुए एक दूसरे के बीच लड्डू बाटकर ख़ुशी प्रकट कर रैक लोडिंग का कार्य की शुरुआत कराया। बताया जाता है कि बुधवार उक्त साईडिंग में कंपनी को रेलवे के द्वारा पहला दिन 59 बोगियों का रैक में कोयला लोडिंग के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है। जबकी लोडिंग कार्य पुरा होने के पश्चात यह रैक हरियाणा के लिए रवाना किया जाएगा। जिसमें कोयला लोडिंग के लिए शांति पूर्ण ढंग से चार पेलोडर के साथ काम आज दोपहर से शुरू किया गया। हालांकी इस लोडिंग में विरोधी गुट व्यावधान न खड़ा करें इसके लिए स्थानीय लोगों ने अपनी सुरक्षा में लेकर रैक लोडींग कार्य को पुरा करवाने में लगे हुये हैं।वही लोयाबाद पुलिस और आरपीएफ पुलिस शांति व्यवस्था के लिए मौके पर मौजूद थे।

## जमशेदपुर में दस दिनों में पांच करोड़ की ठगी करने वाला अपराधी गिरफ्तार




पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।जमशेदपुर पुलिस के हाथ एक बार फिर से सफलता लगी है जहां पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने ने सफलता हासिल की है। इस ठग के अकाउंट से विगत 10 दिनों मे तक़रीबन पांच करोड़ रुपए फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है।पुलिस के गिरफ्त मे आये ठग का नाम नदीम अंसारी है और वह कपाली थाना क्षेत्र का निवासी है, ये व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर साइबर ठग को अंजाम दिया करता था, और ठगी के रकम का 10 प्रतिशत हिस्सा नदीम को प्राप्त होता था, नदीम के ही बैंक अकॉउंट के माध्यम से तमाम पैसों की ठगी की जाती थी और उसका अकाउंट एन. ए. टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से संचालित था, फिलहाल पुलिस ने अपराधी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है और बैंक अकाउंट को सीज कर दिया है।

## हजारीबाग के गोंदुलपारा खनन परियोजना में रैयतों को मिलेंगे प्रति एकड़ 25 लाख रुपए



हजारीबाग(ईएमएस)।बड़कागांव के गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत सेक्शन 19 लगाए जाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है।यह खनन शुरू होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस कदम से झारखंड में एक और खदान खुलने का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत मुआवजे की राशि प्रति एकड़ 24,56,986 रुपए होगी। इसके अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।इस परियोजना से जिले और राज्य को लगभग 500 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का राजस्व मिलने से प्रशासन अनेक लाभप्रद और कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू कर सकेगा।परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है।इसके लिए हजारीबाग समाहरणालय में रैयतों को मुआवजे के रूप में दी जाने वाली 478 करोड़ रुपए की राशि जमा कर दी गई है।बता दें कि झारखंड में 199 कोयला खदानें सालाना 15.6 करोड़ टन कोयला उत्पादित करते हुए देश की प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।देश में बढ़ रही निरंतर और किफायती बिजली की जरूरत के लिए कोयला खनन परियोजना का शुरू होना आवश्यक है।

इसके साथ ही खनन आधारित अर्थतंत्र वाले राज्य में एक और खनन परियोजना शुरू होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।गोंदुलपारा परियोजना की प्रक्रिया के तहत बड़कागांव के बलोदर में 91.35 एकड़, गोंदुलपारा में 285.715 एकड़ व गाली में 175.45 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। इसके चलते स्थानीय लोगों को अनेक फायदे होंगे। रैयतों को प्रति एकड़ भूमि के मुआवजा के रूप में 24,56,986 रुपये (गुणाक घटक-2, सांत्वना राशि 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) दिए जाएंगे।परिसम्पतियों का भी मुआवजा मिलगा। इसके लिए राज्य सरकार का संबंधित विभाग उन सम्पत्तियों का मूल्यांकन करेगा, जिसके बाद उस राशि का दुगुना मुआवजा के रूप में दिया जाएगा।

पुलिसकर्मियों के पास 12 जिलों में काम करने का अवसर

## इच्छुक पुलिसकर्मी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

रांची(ईएमएस)।झारखंड पुलिसकर्मियों के पास 12 जिलों में काम करने का अवसर है।इच्छुक पुलिसकर्मी इन जिलों में काम करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है।जारी आदेश के मुताबिक, गढ़वा, पलामू, लातेहार, चाईबासा, चतरा, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ और जामताड़ा के अलावा जंगल वार फेयर स्कूल नेतरहाट और सीटीसी मुसाबनी में सिपाही और हवलदार को पदस्थापित किया जाना है। जो पुलिसकर्मी इन जगहों पर जाने को इच्छुक हैं वो क्यूआर कोड लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## नाबालिक लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

### 50 हजार रुपया अर्थदंड

पलामू(ईएमएस)।पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी नीरज मेहता को भारतीय दंड विधान की धारा 376( 3) में दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।वहीं 50 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है।अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वही 366 भादवि में सात बर्ष सश्रम कारावास की सजा व 20हजार रूपये अर्थ दंड लगाया है। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना अंतर्गत सोतम डबरा निवासी गुस्ताख़ खान( बदला नाम) ने लेस्लीगंज थाना अंतर्गत बनुवा निवासी नीरज मेहता के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जो लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 50 सन 2022 तिथि 12 मई 2022 को भारतीय दंड विधान की धारा 366 ए के तहत दर्ज किया गया था।मुदालय पर आरोप था कि चार मई 2022 को सुबह जब पीड़िता टयूशन जा रही थी तब रास्ते मे पोखराहा के पास उसका मुंह बांधकर जबरदस्ती उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया और उसे डाल्टनगंज स्टेशन लाये। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पीड़िता का मुंह खोल दिया और उसको धमकी दिया कि हल्ला करने पर उसके पिता का जान से मार देंगे ।पीड़िता को शाम 6 बजे ट्रेन से रांची ले गए और वहां एक कमरे में रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया।इसके बाद ट्रेन से पीड़िता को बैंगलोर ले गए वहां भी एक रूम में 20 दिनों तक रखा वहां उसके साथ कई बार बलात्कार किया।धमकी दिया कि हल्ला करने पर उसे तथा उसके घर वाले को जान से मार देंगे।जब मुदालय को केस दाखिल होने की जानकारी मिली तो पीड़िता को 26 मई 2022 को वापस ले आए।

# हजारीबाग में एनईपी के प्रति जागरूकता को लेकर निकाली गई कौशल विकास यात्रा



हजारीबाग(ईएमएस)।बीते 39 वर्षों से कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट की ओर से छात्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य से देशव्यापी कौशल विकास यात्रा बीते 9 सितंबर से पूरे देश भर में आयोजित की जा रही है। यह यात्रा आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस पहुंची, जहां विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया।बता दें कि यह यात्रा आगामी 28 सितंबर तक झारखंड के हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, बोकारो, रामगढ़, साहिबगंज व अन्य जिलों का भ्रमण करेगी।आईसेक्ट विश्वविद्यालय में स्वागत के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने बड़ी संख्या में मौके पर मौजूद विद्यार्थियों को कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया और करियर को लेकर उठ रहे विद्यार्थियों के सवालों का भी जवाब दिया।वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कौशल विकास को रोजगार पाने का मुख्य साधन बताया और कहा कि युवाओं के भारत को कौशलयुक्त कर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है। इसके बाद कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व अन्य ने हरी झंडी दिखाकर कौशल यात्रा को रवाना किया। यात्रा के क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि कौशल यात्रा चतरा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल, पांडेय बारा, अपग्रेडेड हाई स्कूल एरूगेरुआ, रामगढ़ के एसएस प्लस टू हाईस्कूल, पतरातू, एसएस प्लस टू हाईस्कूल, चितरपूर, बोकारो के अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, ओरदाना, प्लस टू हाईस्कूल, पेटरवार, कोडरमा के अपग्रेडेड गवर्नमेंट हाईस्कूल, अपग्रेडेड गवर्नमेंट हाईस्कूल, साहिबगंज के अपग्रेडेड प्लस टू हाईस्कूल समेत अन्य स्थानों से होते हुए आगामी 28 सितंबर को आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस पहुंच कर झारखंड की कौशल यात्रा समाप्त होगी।बताते चलें कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षों से आईसेक्ट द्वारा युवाओं के कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है। इस यात्रा में बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न, ऑनलाइन निःशुल्क कोर्सेज, रोजगार मंत्रा पोर्टल समेत आईसेक्ट के अन्य नवीन गतिविधियों के साथ साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय समुह द्वारा चलाए जा रहे कोर्सो व आईसेक्ट के अंतर्गत संचालित फ्यूचर स्किल कोर्सेज की भी जानकारी दी जा रही है।इस यात्रा में क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कुमार के साथ साथ प्लेसमेंट समन्वयक दीपेंद्र कुमार व बीडी सन्त्री कुमार पांडेय भी शामिल हैं।वहीं विश्वविद्यालय से यात्रा रवाना करते वक्त सहायक कुलसचिव अमित कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, डॉ आलोक राय, माधवी मेहता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौके पर मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ, कहीं सस्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। कच्चे तेल में फिर से हल्की गिरावट नजर आ रही है। वैश्विक बाजार में क्रूड की कीमतें 71.39 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रही हैं। वहीं ब्रेंट क्रूड 75.08 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। कच्चे तेल की कीमतों का पेट्रोल-डीजल के दामों पर असर पड़ता है। हालांकि, भारत में ईंधन की कीमतों में कोई ज्यादा अंतर नहीं आया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के भाव अपडेट कर दिए हैं। देश के चारों महानगरों में से सिर्फ चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं, जबकि दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में ईंधन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। वहीं आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी-बढ़ी हैं। वहीं गोवा, झारखंड और केरल समेत कुछ प्रदेशों में पेट्रोल के दाम कम हुए हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। गुरुग्राम में पेट्रोल 95.04 रुपये और डीजल 87.90 रुपये प्रति लीटर, गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 94.80 रुपये और डीजल 87.93 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.79 रुपये और डीजल 87.92 रुपये प्रति लीटर और जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

### सोने के भाव में तेजी, चांदी के लुढ़के दाम

**सोने के भाव 76000 रुपए, चांदी लगभग 92,200 रुपए**

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस सप्ताह सोने के वायदा भाव में लगातार तेजी देखी जा रही है। दो दिन से भाव नया रिकॉर्ड छू रहे हैं। बुधवार को भी सोने के भाव 76000 रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। जबकि चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव 75,300 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 98 रुपये की तेजी के साथ 75,103 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 247 रुपये की तेजी के साथ 75,250 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 76,000 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 75,051 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 76,000 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 93 रुपये की गिरावट के साथ 92,300 रुपये पर खुला। इस समय यह 199 रुपये की गिरावट के साथ 92,194 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 92,309 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 92,100 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में चांदी के भाव गिर गए। सोना पिछले बंद भाव पर ही खुला। कॉमेक्स पर सोना 2,682.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,677 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 10.70 डॉलर की तेजी के साथ 2,687.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.44 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.43 डॉलर था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 32.29 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

### कलाकारों ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से सरकार के जन कल्याण योजनाओं की दी जानकारी

ओरमांझी(मोहसीनआलम):उपायुक्त-सह -जिला दंडाधिकारी,रांची के जिला जन संपर्क विभाग के सौजन्य से जन सेवी संगठन प्रगति परिषद के कलाकारों द्वारा ओरमांझी बाजार टांड़,शास्त्री चौक,चुटुपालू और गांगुटोली,ओरमांझी में नुक्कड़ नाटकों एवं नृत्य- संगीत और गीतों के माध्यम से जन-जागरण अभियान-2024 चलाया गया।जिसमें राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा कल्याणकारी योजनाओं को सम्मिलित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से खाद्य सामग्री गारंटी योजना,मुख्य मंत्री मईया योजना,मुख्य मंत्री रोजगार सृजन योजना,सावित्री बाई फूले योजना,मुख्य मंत्री फूलो-झानो योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। कलाकारों में दिलेश्वर महतो,रोहिल कुमारी,सरिता देवी,देवेन्द्र साहु,कृष्ण कुमार नायक,चरकू विश्वकर्मा,राम किशुन बेदिया,स्वयं प्रकाश एवं सुनील नायक शामिल थे। इस संबंध में महासचिव शैलेन्द्र मिश्र ने बताया कि परिषद के इस कार्यक्रम का मकसद है कि जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को गीत- संगीत एवं नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को सरकार के नई-नई योजनाओं से लाभ उठाने के लिए जागरूक और प्रेरित करना है। ताकि समाज अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठा सके।

## पांचा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने रवि साहू

ओरमांझी(मोहसीनआलम):ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के पांचा दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की बैठक वीरेंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुर्गा पूजाऔर रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से क्षेत्र के युवा समाजसेवी रवि साहू क्रो अध्यक्ष मनोनीत किया गया,वहीं दुर्गा पूजा कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए प्रवीण कुमार साहू व शंकर चौरसिया को उपाध्यक्ष बनाया गया,इसके अलावा रामानंद महतो क्रो सचिव,और देवराज करमाली व सचिन करमाली को सह सचिव,विनोद कुमार साहू कोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव व विक्की साहू को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है,संरक्षक के रूप में संतु साहू,अशेश्वर लाल गुप्ता,प्रकाश चौधरी,नवीन साहू,बालक महतो,दिलीप महतो मुख्य भूमिका में रहेंगे,इस अवसर पर नव नियुक्त दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने बैठक में उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने जो हम पर विश्वास जताकर हमें अध्यक्ष बनाया है मैं पूरी ईमानदारी से दुर्गा पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दूंगा,मां दुर्गे हम सभी पर कृपा बनाए रखें, वहीं उन्होंने सभी मनोनीत सदस्यों क्रो कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने कि बात करते हुआ कहा कि सभी सक्रिय सदस्यों की मेहनत से ही कार्यक्रम सफल हो पाएगा, पूजा पंडाल में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी, इसके अलावा रावण दहन के दिन वालंटियर बनाकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया जायेगा,ताकि शांति व्यवस्था भंग नहीं होने देंगे ,दुर्गा पूजा घूमने आने वाली महिलाओं एवं बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाएगा,वही पूजा समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने क्षेत्र के लोगों से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने में सहयोग करने की अपेक्षा की हैं,बैठक में मुख्य रूप से कृष्णनाथ साहू, राजधाम साहू आनंद महतो पवन साहू संजय महतो आशीष साहू सुभाष साहू, सेना प्रजापति, सरोज महतो सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।

### विधायक ने किया विकास योजना का शिलान्यास

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरकंनगांगों में विधायक अमित कुमार यादव ने बुधवार को विकास योजना का शिलान्यास किया। विधायक ने बनने वाली सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। सड़क निर्माण कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत चार करोड़ 12 लाग रुपये की लागत से शिव लिंगम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कराया जाएगा। उक्त सड़क बरकंनगांगों से भाया श्मशानघाट बनपुरा होते हुए गैड़ा हाई स्कूल तक जोड़ेगी।

मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके बन जाने से बरकट्ठा जाने में दूरी कम होगी साथ ही आवागमन में सहुलियत होगी।उन्होंने संवेदक से सड़क का कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने की नसीहत दी। कहा कि सड़क अच्छा से बने यह सुनिश्चित करें।प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों कि सड़कों को बनाकर एक दूसरे गांव को जोड़ा जा रहा है।

# 55वॉं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : सूचना एवं प्रसारण सचिव जाजू ने की गोवा सीएम सावंत से मुलाकात

### फिल्म महोत्सव 2024 के संबंध में किया विस्तार से चर्चा



गोवा (ईएमएस)। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने पणजी में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत से मुलाकात की और इस साल के 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को अधिक से अधिक जन-केंद्रित, समावेशी और उत्सवपूर्ण बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की। श्री जाजू के साथ महोत्सव के निदेशक शेखर कपूर, फिल्म महोत्सव की संचालन समिति के सदस्य और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में फिल्म महोत्सव को आम जनता से जोड़ने और उसका विस्तार करने के साथ ही उचित कदम और पहल करने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान चर्चा की गई कि 55वें फिल्म महोत्सव के माहौल को भारतीय सिनेमा और भारतीय प्रतिभाओं के उत्सव मनाने के लिए और जीवंत बनाया जाए। फिल्म महोत्सव के पूर्व प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न आयोजन करने और विशेष विषय पर केन्द्रित परेड करने की योजना के संबंध में भी चर्चा की गई। महोत्सव को रंगारंग बनाने और स्थानीय समुदाय को उससे जोड़ने पर जोर दिया गया। फिल्म महोत्सव 2024 में युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां सिनेमा की उभरती प्रतिभाओं को अपना काम दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और गोवा सरकार, आईएफएफआई 2024 को एक यादगार कार्यक्रम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो भारतीय सिनेमा के समृद्ध चित्रपटल को प्रदर्शित करे और दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं और सिनेप्रेमियों को जुड़ने और जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करता हो।

संचालन समिति के सदस्य बॉबी बेदी और रवि कोट्टाराक्कारा; पृथुल कुमार, संयुक्त सचिव (प्रसारण), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और एनएफडीसी प्रबंध निदेशक; सुश्री वृंदा देसाई, संयुक्त सचिव (फिल्म), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सुश्री अनुरिमा शर्मा, निदेशक; श्रीराग मुकुंदन, ओएसडी फिल्म्स; और ईएसजी की सीईओ सुश्री अंकिता मिश्रा भी मुख्यमंत्री के साथ बैठक में उपस्थित थे।

## गिरिडीह में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा द्वितीय एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024" का आयोजन किया गया




गिरिडीह, 25 सितंबर 2024:- आज झंडा मैदान में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, गिरिडीह के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024" का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह मो० इमरान फारूकी एवं श्रम अधीक्षक सह सहायक श्रमायुक्त, गिरिडीह श्री रविशंकर सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर रोजगार मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। रोजगार मेला में भारी संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवक/ युवतियों ने भाग लिया। रोजगार मेला में कुल-24 प्रतिष्ठान / संस्थानों ने भाग लिया। जिसमें स द्वारा कुल-60 अभ्यार्थियों को अंतिम रूप से चयनित करते हुए ऑफर लेटर प्रदान किया गया एवं अन्य 21 नियोजकों द्वारा कुल- 283 अभ्यार्थियों को किया गया है। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर से बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों के द्वारा जिले के युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके। जिससे कि उनका भविष्य बेहतर हो सके। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। रोजगार सृजन मेले से आज सैकड़ों युवक – युवतियां अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटेंगें। लेकिन,वैसे अभ्यर्थी जिनका किसी कारण चयन नहीं हो सका,वह निराश नहीं होंगे। पुनः रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ज्यादा से ज्यादा युवाओं/ युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत है। जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि जिले के हुनरमंद युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सके। श्री मो० इमरान फारूकी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह के मार्गदर्शन में "रोजगार मेला 2024" का सफल आयोजन किया गया। आयोजित रोजगार मेला 2024 के स्थानीय युवक/युवतियों के द्वारा विशेष रुची दिखाई गई। मो० इमरान फारूकी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह ने बताया कि बेरोजगारों के हित में भविष्य में भी रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। आयोजित "रोजगार मेला" में जिला नियोजनालय, गिरिडीह कार्यालय के श्री कुमार अनिरूद्ध सिंह, उ०व० लिपिक, श्री धर्मेन्द्र कुमार, यंग प्रोफेशनल, श्री प्रमोद बेदिया, अनुसेवक, श्री मनोहर मुर्मू, श्री सुनु राम हॉसदा, श्री रंजीत दास, सुरक्षा प्रहरी का भी सहयोग सराहनीय रहा।

## झारखंड में जल्द पेसा कानून लागू किया जाएगा:निशा उरांव



ओरमांझी(मोहसीनआलम):ओरमांझी प्रखंड कार्यालय सभागार में ग्राम प्रधानों का पंचायती राज विभाग की ओर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंचायती राज विभाग के डायरेक्टर निशा उरांव शामिल हुए,और सभी ग्राम प्रधानों को अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम प्रधानों/ ग्राम सभा की क्या शक्तियां है उसको कैसे सशक्त किया जाए उसे संदर्भ में विस्तार पूर्वक बताएं और मैडम ने यह भी कहा कि झारखंड में जल्द ही पेसा कानून लागू किया जाएगा जिसका नियमावली बन चुकी है विधि विभाग में अनुमति के लिए नियमवाली भेजी जा चुकी है जल्द ही स्वीकृत होने की संभावना है इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट झारखंड उच्च न्यायालय भी झारखंड सरकार को पेसा कानून लागू करने के लिए निर्देश दिए हैं तथा मैडम यह भी कहा की बहुत सा शक्तियां पावर ग्राम प्रधानों अर्थात ग्राम सभा को दी जा रही है इस प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधान महासंघ प्रदेश अध्यक्ष सह ग्राम प्रधान मास्टर ट्रेनर रमेश उरांव ने शामिल सभी ग्राम प्रधानों को बताएं कि अनुसूचित क्षेत्र में पेसा अधिनियम 1996 कानून के तहत ग्राम सभा की अध्यक्षता सिर्फ और सिर्फ परंपरागत ग्राम प्रधान करेगी और गैर अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा की अध्यक्षता निर्वाचित मुखिया करेंगे ऐसा नियम पूर्ण रूप से लागू है। परंतु अफसर शाही हावी है जिसके कारण ग्राम प्रधानों एवं मुखिया को बरगलाकर आपस में लड़वाया जाता है जिसके कारण सभी विकास कार्यों में बाधित हो रहा है इसको सुधार करने की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज विभाग के डायरेक्टर निशा उरांव ग्राम प्रधान के अध्यक्ष रमेश उरांव विभाग के पदाधिकारी सौरभ कुमार प्रशिक्षक अनिल कुमार भगत प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा मनी मुंडा बालक पहान शंकर उरांव मनसा उरांव सुखराम पहान बालेश्वर उरांव रंजीत मुंडा इत्यादि ओरमांझी प्रखंड के राजस्व ग्राम के कई ग्राम प्रधान शामिल थे।

# पालू गांव में भाजपाइयों ने परिवर्तन यात्रा को लेकर की बैठक



ओरमांझी:ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के पालू गांव में राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा के तहत चुटूपालु पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक किया गया,बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन प्रभारी के रूप में उपस्थित थे.उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा परिवर्तन यात्रा का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना है।हमें जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को समझना और सरकार के खिलाफ मजबूत आंदोलन खड़ा करना है। इस यात्रा के माध्यम से हम राज्य की जनता को सही जानकारी देंगे और उन्हें जागरूक करेंगे।सभी ने एक स्वर में झारखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प लिया साथ ही परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए एकजुटता से काम करने का भी संकल्प लिया

बैठक में शशि मेहता ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री चतुर साहू मण्डल उपाध्यक्ष सुनील महतो मुखिया विरेन्द्र मुण्डा उपमुखिया राजकिशोर साहू अजय साहू रोहित साहू चन्द्र मोहन महतो राम-लखन महतो जागेश्वर मुण्डा संतोष महतो राजकमल बेदिया संतोष करमाली कालेश्वर साहू राजेंद्र मुण्डा संजय मुण्डा डुमेशर साहू मनोज महतो भिखु बेदिया अशोक करमाली उमेश साहू मुकेश साहू रितेश साहू सतीश साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रक और ऑटो हादसे में मरने वालों की संख्या 9 हुई.....2 मौंते इलाज के दौरान बुधवार को हुईं

दमोह (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के दमोह-कटनी स्टेट हाईवे पर ट्रक और ऑटो के बीच भीषण टक्कर में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 4 बच्चे, 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज जबलपुर में हो रहा है। जबकि, इलाज के दौरान एक बच्चे ने बुधवार को दम तोड़ दिया। तेज रफ्तार ट्रेक ने सवारियों से भरी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सात लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को मौत का आंकड़ा 7 से बढ़कर 9 हो चुका है।

बताया जा रहा है कि ऑटो में 10 यात्री सवार थे। सभी लोग बांदकपुर धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी शराब के नशे में धुत ट्रक डाइवर ने ऑटो को टक्कर मार दी।

### हाथियों ने मिट्टी के मकान को किया क्षतिग्रस्त, फसल को पहुंचाई नुकसान



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरहर ज्वार पहाड़पुर के कुशन टोला में हाथियों की झुंड ने मकान व फसल को नुकसान पहुंचाई है। बुधवार की सुबह हाथी ने कुशन टोला निवासी छोटन मांझी पिता कैला मांझी के खपरैल मिट्टी के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। जबकि बाड़ी में लगी मकई की फसल को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में चार हाथी शामिल हैं जो कटधावा-घंघरी होते हुए जीटी रोड़ पार कर गोरहर जंगल में प्रवेश किया।हाथियों की झुंड ने इसके पूर्व सोमवार की रात को बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम बुचई में काफी क्षति नुकसान थी।

# वर्ल्ड फार्मेसी डे विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी नेवरी में मनाया गया




ओरमांझी(मोहसिनआलम):विकास फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्थान विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी नेवरी विकास में बुधवार क्रो वर्ल्ड फार्मेसी डे धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विकास फाउंडेशन के सचिव राधा चरण सिंह उपस्थित थे I कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि एवं विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के सभी फैकल्टी द्वारा सम्मिलित रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, नेवरी विकास, रांची छात्रों का निरंतर शिक्षण-प्रशिक्षण कराकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है I विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुरुआत वर्ष 2009 में इंटरनेशनल फार्मास्यूटिकल फेडरेशन द्वारा गई थी.फार्मासिस्ट का स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम योगदान होता है. डॉक्टर जो दवाई प्रेस्क्राइब करते हैं, उन दवाइयों को कैसे खाना है यह हमें एक केमिस्ट या फार्मासिस्ट ही बता सकता है विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाने का मुख्य उद्देश दुनिया भर के फार्मासिस्ट को स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मान देना होता है. इसके साथ इस दिन को मनाने का मकसद फार्मेसी पेसे को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना भी है।अवसर पर विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल श्री पंकज कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की छात्रों को अपने पेसे पर गर्व होना चाहिए की आप एक ऐसे प्रोफेशन को चुने हैं जिसमे आपको मानव सेवा करने का अवसर मिलता है और मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकता इस लिए आप निरंतर शिक्षण प्रशिक्षण कर अपना एवं अपने संस्थान का नाम रौशन करें I इस अवसर पर विकास इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सफल छात्रों को पुरुस्कृत किया गया I इस अवसर पर विकास फाउंडेशन के सचिव राधा चरण सिंह, कोषाध्यक्ष डा एस०पी० सिंह,प्रिंसिपल पंकज कुमार ,एस०के०तिवारी,अलिया कुमारी, फैजान अंसारी,अनुराधा कुमारी, मोनिका कुमारी,अनूपा खलखो, श्रेया झा,जेबा प्रवीन,कौशल कान्त कुमार, इरशाद अंसारी,नाज़िश अंसारी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे I

### वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन इरबा में मनाया गया



ओरमांझी(मोहसीनआलम): फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन इरबा में वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पी एच डी अकेडमिक,एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के डीन डॉ० ब्रजेश एन० सिन्हा फ्लोरेंस कॉलेज के सचिव जीनत कौशर, डॉ० नाजनीन कौशर,निदेशक डॉ० शाहीन कौशर मुख्य रूप से उपस्थित रहे I कार्यक्रम का आयोजन द्वीप प्रज्वलित, केक कटिंग एवं छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम कर वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस का आगाज किया गया I मुख्य अतिथि के रूप में डॉ० ब्रजेश एन० सिन्हा ने कहा कि इस दिन को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र नायकों, फार्मासिस्टों और फार्मेसी पेशेवरों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। फार्मासिस्ट आम जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। फार्मासिस्ट हमें जीवन बचाने वाली दवाओं को उपलब्ध करने कार्य करते हैं। उन्हें हमारे स्वास्थ्य का संरक्षक भी कहा जाता है। संस्था के सचिव जीनत कौशर ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य संबंधित चिंताओं के साथ साथ एक फार्मासिस्ट की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। फार्मासिस्ट उचित दवाओं को रोगियों तक पंहुचाने के लिए एक कड़ी की तरह कार्य करते हैं। वे डॉक्टरों और नर्सों के साथ मिलकर रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के लिए काम करते हैं। फार्मासिस्ट नवीनतम दवाओं और उनके विकास के बारे में सम्पूर्ण जानकारी रखते हैंऔर उन्हे आगे हम सभी तक पंहुचाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य संजीब कुमार कर,आशुतोष बेहेरा,मजहर अंसारी,तनाया पलित, पवन कुमार, ज्योति कंचन,रेणु कुमारी,आदि उपस्थित थे I

## संक्षिप्त ख़बरें

### पति ने गर्भवती पत्नी को घायल किया आरोपी पति गिरफ्तार

बक्सर (ईएमएस)। यहां के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपट्टी में एक गर्भवती पत्नी को उसके पति ने निर्ममतापूर्वक पेचकस, चाकू आदि से वार कर घायल कर दिया। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर घायल महिला को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जख्मी की बहन के बयान पर केस दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जख्मी की बहन रेखा ने कहा कि उनकी बहन की शादी 2023 में पांडेय पट्टी निवासी राज नारायण चौधरी के पुत्र से हुई थी। शादी के बाद से पति समेत ससुरालवाले दहेज के लिए बहन को बुरी तरह प्रताड़ित कर रहे थे। गर्भवती होने के बाद बहन के नगरपुरा गांव स्थित अपनी मौसी के यहां चली गई थी। उसका पति उसे लेकर अपने घर आया था। रात में कमरे का दरवाजा बंद कर पत्नी पर ताबड़तोड़ कैची तथा चाकू आदि से वार करते हुए बुरी तरह जख्मी कर दिया। शोर सुनकर घर वालों ने दरवाजा तोड़ उसे बाहर निकाला और लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती करा जीजा फरार हो गए। अस्पताल के चिकित्सक के अनुसार जख्मी गर्भवती है। उसके शरीर पर करीब 70 से अधिक टांके लगाये हैं। वार्ड पार्षद ने कहा कि घटना की जानकारी होते ही घायल को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसकी स्थिति गंभीर बताई है। वहन ने कहा कि ससुराल वालों ने आर्थिक मदद करने से हाथ खींच लिए हैं। जिसके चलते चंदा कर इलाज कराया जा रहा है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने घटना की पुष्टि कर कहा कि इस मामले में जख्मी महिला की बहन के बयान पर प्राथमिकी कर आरोपी सनकी पति को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ

मुंगेर (ईएमएस)। यहां भागलपुर- किऊल रेलखंड पर 3 दिन बाद से तीनों लाइनों का परिचालन सामान्य हो गया है। अप लाइन में सुबह पहली ट्रेन हावड़ा-गया एक्सप्रेस गई। जबकि डाउन मार्ग पर रांची गोड्डा एक्सप्रेस गुजरी। ट्रेनों का परिचालन पहले की तरह सामान्य होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली है।जमालपुर जंक्शन पर सुबह से ही पटना व भागलपुर और दूसरी जगहों पर जाने के लिए यात्रियों की भीड़ लगी रही। ट्रेनों की जानकारी के लिए यात्री पूछताछ काउंटर पर पहुंचते रहे। जलस्तर कम होने के बाद रेलवे की टीम ने सुरक्षा की जांच की और गुड्स ट्रेन चला कर ट्रेनों का परिचालन सामान्य कराया। पूर्व ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। इस रेलखंड से गुजरने वाली कोई भी ट्रेन दूसरे रूट से नहीं जा रही है।

### गर्मी से परेशान लोगों को राहत के आसार

पटना (ईएमएस)। राजधानी समेत प्रदेश में बीते एक हफ्ते से मानसून कमजोर पड़ने के कारण लोग गर्मी से परेशान हैं। हालांकि अब गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। पटना सहित अधिसंख्य भागों में बादलों की आवाजाही बने रहने के साथ कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा की संभावना है।अगले 24 घंटों के दौरान 4 जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा जबकि किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में मेघ गर्जन व वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों मों हल्की वर्षा होने से मौसम सामान्य होने के साथ तापमान में गिरावट की संभावना है। हालांकि मौसम में बदलाव आने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से 33.5 डिग्री सेल्सियस रहाया। जबकि 39.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सीतामढ़ी में सर्वाधिक तापमान रहा।

### शॉपिंग मॉल में लगी आग, लाखों की क्षति

सीतामढ़ी (ईएमएस)। यहां के एक चौक के शॉपिंग माल में आग लग गई। इस आग से लाखों की क्षति हुई है। समझा जाता है कि शार्ट सर्किट से यह आग लगी है। घटना तड़के सुबह है। आग की सूचना पर पुलिस, अग्निशमन दस्ता और एसएसबी जवानों के कठिन प्रयास से आग पर काबू पा लिया। इसमें हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

### अफ्रीकी ट्रेनों में लगेंगे भारतीय इंजन, मढ़ौरा संयंत्र इंजन करेगा निर्यात, ट्रायल शुरु

पटना,(ईएमएस)। भारतीय रेलवे ने मढ़ौरा संयंत्र से अफ्रीका रेल इंजन निर्यात करने का फैसला लिया है। अगले साल से निर्यात शुरू हो जाएगा। मढ़ौरा संयंत्र से पहली बार निर्यात करने का फैसला लिया गया है। इस संयंत्र में वैश्विक ग्राहकों को रेल इंजन निर्यात करने की तैयारी की जा रही है।रेलवे के बयान के मुताबिक यहां पर 4,500 एचपी इवोल्यूशन सीरीज का इंजन तैयार किया जा रहा है, जो उच्च तापमान वाले वातावरण में ईंधन से जुड़ी सर्वश्रेष्ठ दक्षता और प्रदर्शन प्रदान करता है। भारतीय रेलवे की ओर से सवाई माधोपुर से सुमेरगंज मंडी तक कवच का ट्रायल किया गया। इस दौरान कुल सात टेस्ट किए गए। ट्रायल के दौरान ट्रेन को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया। ट्रायल का निरीक्षण रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। कवच ने निर्धारित जगह पर ट्रेन को रोक दिया। वह ट्रेन को 50 मीटर दूर जाने की इजाजत नहीं दी। कवच ने ट्रेन की गति को बेहद सावधानी के साथ किया।

### प्रशांत दो अक्टूबर को करेंगे पटना में सियासी धमाका, गरमाएगी राजनीति

पटना,(ईएमएस)। ढाई सालों के लगातार कोशिश और जन-भागीदारी पर बातचीत के बाद जनसुराज दो अक्टूबर को नए दल के स्वरूप में राजनीति में दस्तक दे रहा है। अभी तक यह अभियान था और अब आगे चुनावी राजनीति में प्रशांत किशोर (पीके) की प्रत्यक्ष भागीदारी होगी। आधिकारिक दावा किया गया है कि जनसुराज किसी व्यक्ति, परिवार जाति या वर्ग का न होकर, बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के लिए संकल्पित लोगों का दल होगा। मंच पर मुख्य उपस्थिति पीके की होगी। उनके साथ सेवानिवृत्त आइएएस-आइपीएस अधिकारी व दूसरे राजनीतिक दल छोड़कर आए नेता मौजूद रहेंगे। जनसुराज इसे बिहार में व्यवस्था परिवर्तन का सामूहिक प्रयास बता रहा और वेटनरी कॉलेज में होने वाले जुटान को एक पड़ाव। जनसुराज ने अपने संकल्प में सहभागिता के लिए पूरे बिहार के लोगों का आह्वान किया। बड़े जुटान की आशा है, इसीलिए इस आयोजन के लिए वेटनरी कॉलेज का मैदान चुना गया है।संभव है कि मंच से दल के पदाधिकारियों की घोषणा भी की जा सकती है। पीके पहले ही बता चुके हैं कि उनके दल की कमान बारी-बारी से सभी जाति-समुदाय के लोगों के हाथों में दी जाएगी।

### मंदिर में घुसने पर बुजुर्ग की पिटाई

शेखपुरा : शेखपुरा में मंदिर में प्रवेश करने पर एक बुजुर्ग सहित तीन लोगों को बेरहमी से पीटे जाने का मामला सामने आया है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल शेखपुरा में चल रहा है। यह घटना बाऊघाट थानाक्षेत्र के कोयला गांव में घटित हुई। जानकारी के मुताबिक, घायलों में बलिराम राम, पत्नी मीना देवी और बेटा सिकंदर राम शामिल हैं। जबकि गांव के ही सुरेश महतो, राजीव महतो, धीरज महतो और मनोज महतो पर जाति सूचक शब्द बोलकर गाली देने तथा लोहे की रॉड और लाठी से मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सोनम कुमारी ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्ष से कुल पांच लोग घायल हैं। मामला गांव के एक मजदूर की मौत से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीने पहले धान की मोरी उखाड़ने के दौरान बिजली का करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई थी। इसे लेकर गांव में पंचायत बैठाई गई थी।

### औरंगाबाद में जिउतिया स्नान के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में 8 बच्चों की मौत



पटना (ईएमएस)। बिहार के औरंगाबाद जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में 8 बच्चों की मौत हो गई. यह हादसा जिले के मदनपुर और बारुण प्रखंडों में जिउतिया स्नान के दौरान हुआ है. इनमें दो सगी बहनें भी थीं. घटना उस समय हुई जब बच्चे अपनी माताओं के साथ जिउतिया पर्व पर तालाब में स्नान करने गए थे. दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है.हादसे के बाद कई लोग घायल भी हुए हैं. लोग बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे हैं. लोगों ने प्रशासन पर देरी से पहुंचने और मदद न करने का आरोप लगाया है. साथ ही कोई व्यवस्था नहीं करने के लिए प्रशासन से नाराजगी जताई है. पर्व के दिन हुए इस हादसे से इलाके में गम का माहौल है.

# रेल मुख्यालय हाजीपुर में पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



हाजीपुर, (ईएमएस)। पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार दिनांक 25 सितंबर को राजभाषा पखवाड़ा-2024 का पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजभाषा पखवाड़ा-2024 की प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को एवं वर्ष-2024 के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में सराहनीय कार्य/कार्यान्वयन में सहयोग करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ सर्वोत्तम पुस्तकालय के अंतर्गत मैथिलीशरण गुप्त हिंदी पुस्तकालय/धनबाद को प्रथम व हरिवंशराय बच्चन हिंदी पुस्तकालय/डीडीयू को द्वितीय, सर्वोत्तम समिति के अंतर्गत हाजीपुर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति/सोनपुर को प्रथम व सीतामढ़ी स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति/डीडीयू को द्वितीय तथा सर्वोत्तम पत्रिका के अंतर्गत डीडीयू मंडल की "रेलमुक्ता पत्रिका को पुरस्कृत किया गया। सामूहिक पुरस्कार के अंतर्गत प्रशासन विभाग, पूमरे/हाजीपुर, डीडीयू मंडल के यांत्रिक शाखा एवं यांत्रिक कारखाना, पूमरे/समस्तीपुर को सामूहिक पुरस्कार प्रदान किया गया। पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस समारोह की शुरूआत मुख्यालय कला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति के साथ हुई जिसमें रेल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग को कार्यक्रम की बधाई देते हुए सभी पुरस्कार विजेताओं को भी हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने के लिए बधाई दी और राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को और गति प्रदान करने के लिए हमेशा सचेष्ट रहने को कहा। श्री सिंह ने इस विशेष अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2024 के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. इसके लिए उन्होंने राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में राजभाषा विभाग द्वारा दि. 02 सितंबर से 25 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा-2024 का सफल आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन 02.09.2024 को हिंदी कार्यशाला से की गई। उसी क्रम में 04.09.24 को हिंदी निबंध, 06.09.24 को हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन, 09.09.24 को हिंदी वाक्, 11.09.24 को राजभाषा क्विज (अधिकारियों के लिए), 13.09.24 को राजभाषा क्विज (कर्मचारियों के लिए) एवं 16.09.24 को विचार-गोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर उपस्थित अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय रेल जिस प्रकार देश की जीवन-रेखा है और इस विशाल देश को भौगोलिक रूप से जोड़ती है उसी प्रकार राजभाषा हिंदी भारतीय जनमानस को एक सूत्र में पिरोती है। हम प्रायः सुनते हैं कि जिस देश की अपनी कोई भाषा नहीं है वह राष्ट्र गूँगा है। इन्हीं कारणों से हिंदी को राजभाषा बनाने की माँग सबसे पहले हिंदीतर भाषियों ने उठायी। इसी तथ्य से राजभाषा हिंदी के महत्व को समझा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतुल कुमार, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (औ.सं.व कल्याण) ने कहा कि 02 सितंबर से चल रहे राजभाषा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत बुधवार दिनांक 25 सितंबर को पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम है. उन्होंने मौके पर उपस्थित महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, प्रधान विभागाध्यक्षगण सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया. कार्यक्रम का समापन अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उम्र को लेकर मचा है सियासी बवाल

पटना, (ईएमएस)। बिहार में जेडीयू नेता और मंत्री अशोक चौधरी के एक ट्वीट से सियासी बवाल मचा हुआ है। इस ट्वीट के बाद नेताओं की प्रतिक्रिया जारी है। दरअसल मंगलवार को मंत्री अशोक चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उम्र को लेकर ट्वीट कर दी थी. उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार को अब अपनी उम्र को देखते हुए राजनीति से हट जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने बाद में अपने इस ट्वीट को हटा लिया था लेकिन उनके इस ट्वीट के बाद से राजनीतिक जगत में हलचल तेज हो चला है. अब राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि अशोक चौधरी का ट्वीट बहुत ही आपत्तिजनक है। नीतीश कुमार की उम्र से क्या लेना देना है? नीतीश कुमार का योगदान बिहार के लिए इतना शानदार रहा है कि हमेशा उनको इतिहास याद रखेगा। कुशवाहा ने कहा कि आज भी हर तरह से रात-दिन बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार काम कर रहे हैं। उनके बारे में उम्र का हवाला देकर कोई व्यक्ति इस तरह से तंज कसे तो यह बिल्कुल गलत है।

# कुआं उगलने लगी गोलियां



गया : बिहार के गया जिले के एक कुआं गोलियां उगलने लगी। यह खबर पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई। सब लोग एक बार उस कुंए को देखने के लिए जमा हो गये। वहीं इस घटना से पुलिस और ग्रामीण दोनों हैरान हैं। फिलहाल पुलिस पूरे इलाके में सघन जांच अभियान शुरू कर दी है। यह पूरा मामला गया जिले के आंती थाना क्षेत्र के दुखी बिगहा गांव की है। कुएं से गया पुलिस ने 7.62 एमएम बोर के कुल 1490 कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि आंति थाना क्षेत्र के दुखी बिगहा गांव के समीप खेत के पास एक कुआं का पानी सुखने लगा। गांव के एक ग्रामीण को कुंए के अंदर गोली ऐसी चीज नजर आई। तुरंत इसकी जानकारी आंति थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस कुएं की तलाशी करने लगी तो एक-एक कर भारी मात्रा में 7.62 एम एम के लगभग 1490 जिंदा कारतूस बरामद हुए। वहीं भारी मात्रा में कारतूस बरामदगी देख पुलिस हैरान हो गई। वहीं पूरे इलाके में सनसनी फ़ैल गई। इस संबंध में सीनियर एसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले में अवैध हथियार और तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सूचना मिली कि आंति थाना क्षेत्र के दुखी बिगहा गांव के समीप कुएं में गोली जैसी कुछ चीज दिख रही है। कुंए की तलाशी ली गई तो 1490 कारतूस बरामद किया गया। कारतूस की बरामदगी के बाद थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मालूम हो कि आंति थाना क्षेत्र नक्सल प्रभावित इलाका है। उक्त इलाकों में हाल फिलहाल में भी नक्सलियों की गतिविधियां देखी गई है। कारतूस नक्सलियों या हथियार तस्करों द्वारा रखे जाने की आशंका जतायी जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर किया 20 लाख की अवैध शराब जब्त




मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थानाक्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी शराब की खेप बरामद की है। अंबारा चौक के पास स्थित एक लाइन होटल के पास से एक ट्रक में छिपाई गई 20 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी गई। तस्करों ने शराब छिपाने के लिए एक बेहद अनोखा तरीका अपनाया था, जिसे देखकर विभाग भी हैरान रह गया।

#### कैसे छिपाई गई थी शराब?

जानकारी के मुताबिक, तस्करों ने ट्रक को खाली दिखाने के लिए ऊपर से एक बड़ा तिरपाल बिछा दिया था, ताकि किसी को शक न हो। शराब को छिपाने के लिए ट्रक के अगले हिस्से में एक विशेष लोहे का चैंबर (तहखाना) भी बनाया गया था। इस चैंबर को ढूंढ़ने में उत्पाद विभाग की टीम को एक घंटे से अधिक का समय लग गया। जब तक टीम पूरी तरह जांच करती, तस्कर और ट्रक चालक मौके से फरार हो गए।

#### उत्पाद विभाग की कार्रवाई

उत्पाद विभाग के सहायक उपायुक्त विजय शेखर दुबे ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में यूपी की नंबर प्लेट के ट्रक से पंजाब निर्मित शराब की बड़ी खेप जब्त की गई है। तस्करों ने शराब छिपाने के लिए चतुराई भरा तरीका अपनाया था, लेकिन विभाग की सतर्कता से यह चालाकी बेनकाब हो गई। जब्त शराब की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इसे लोकल स्तर पर सप्लाई करने की योजना थी। फिलहाल उत्पाद विभाग की टीम शराब तस्करों की पहचान में जुट गई है। मामले में फरार चालक और तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और उत्पाद विभाग मिलकर कार्रवाई कर रहे हैं।

# सहरसा मंडल कारा में बंद 11 महिलाएं कर रहीं व्रत जेल प्रशासन ने उपलब्ध कराया पर्व का सभी सामान




सहरसा : सहरसा के मंडल कारा में सजा काट रहीं 11 महिलाएं अपने बेटों की लंबी आयु के लिए जीवित पुत्रिका व्रत कर रही है। इन व्रतियों को जेल प्रशासन की ओर से व्रत में उपयोग होने वाली सारी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। मंगलवार को जेल में बंद व्रतियों ने अहले सुबह ओठगन किया। फिर प्रसाद ग्रहण कर शर्बत पीकर लगभग 36 घंटे का अत्यंत कठिन और निर्जला व्रत शुरू किया, जो आज बुधवार को पांच बजे खत्म होगा। मंडल कारा के जेल अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि जेल में बंद ग्यारह महिलाएं जिउतिया व्रत कर रही हैं। उन्हें व्रत के लिए उपयोग होने वाली सारी सामग्री जेल प्रशासन की ओर से उपलब्ध करा दी गई है। जेल अधीक्षक ने यह भी कहा कि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि सजायाफ्ता अथवा विचाराधीन हर कैदी की आस्था का सम्मान करते हुए उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ऐसे में हर पूजा-व्रत में सुविधा के अनुसार उनकी जरूरत पूरी की जाती है। गौरतलब है कि संपूर्ण मिथिला क्षेत्र में पुत्र के दीर्घायु होने की कामना लिए माताओं द्वारा अत्यंत कठिन व निर्जला व्रत करने की परंपरा रही है। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व को जीवित पुत्रिका व्रत या जिउतिया भी कहते हैं। यह कभी 24 घंटे तो कभी 36 घंटे का व्रत होता है।मंगलवार की अहले सुबह नहाय खाय से शुरू हुआ व्रत बुधवार की शाम पांच बजे पारण के साथ खत्म होगा। इस 36 घंटे की अवधि में व्रती महिलाएं पानी की एक बूंद तक ग्रहण नहीं करेंगे। व्रती महिलाएं बुधवार की शाम स्नान-ध्यान के बाद प्रसाद ग्रहण कर पारण करेंगी।

### बारिश ने जितिया व्रतियों को दी राहत

पटना : माताएं अपनी संतान के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत में हैं। कई जगह 24 तो कई जगह माताएं 36 घंटे तक का व्रत कर रही हैं। दो दिन पहले तक जिस तरह उसे उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी, ऐसे में लग रहा था कि जीवित्पुत्रिका व्रत शुरू होने तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। लेकिन, अचानक आसमान से राहत की बूंदे बरसने लगीं। सीमांचल से बारिश की शुरूआत हुई। बीती रात में पटना में बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। आज सुबह पटना समेत कई जिलों में हल्की बारिश हुई है। सुबह से धूप-छांव का खेल जारी है। कई इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई है। जीवित्पुत्रिका व्रत में माताएं अपनी संतानों की सलामती व अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए पूरे दिन और पूरी रात निर्जला उपवास रखती हैं। ऐसे में उमस भरी गर्मी में उनका हाल बेहाल हो जाता। लेकिन, मौसम मेहरबान हुआ और गर्मी से राहत मिल गई। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक बिहार के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपु, पूर्णिया, दरभंगा समेत 33 जिलों में बारिश और वज्रपात अलर्ट जारी किया गया है।

# मदरसा में बड़ा घोटाला, 610 बच्चों के एमडीएम का चावल कर दिया गायब

पूर्णिया : पूर्णिया के एक मदरसे में बड़े पैमाने पर घोटाले का मामला सामने आया है। मदरसा सचिव पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने 610 बच्चों के मध्याह्न भोजन (एमडीएम) का 15 क्विंटल चावल गायब कर दिया। मदरसा सचिव के इस कृत्य से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। सोमवार को मामले की शिकायत लिए स्थानीय लोगों ने जिले के डीएम और डीईओ को आवेदन दिया और मदरसा सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि मदरसा सचिव का यह कृत्य निंदनीय है और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जिला प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

#### जमीन भी उसके नाम से निबंधित नहीं

मामले की जानकारी देते हुए सफी इमाम और उनके बेटे कैसर इमाम ने बताया कि कसबा थाना क्षेत्र के बरेटा गांव के वार्ड 4 के रहने वाले मो. शाहजहां ने साल 2017 में निजी जमीन पर मदरसा खोल लिया। कागजों पर 600 से बच्चों के एडमिशन भी ले लिए और मदरसा के नाम पर योजनाओं का उठाव भी कर लिया। वहीं इस बात का पता जैसे ही उन्हें लगा वे मामले की तह में गए। जिसके बाद उन्हें ये मालूम हुआ कि शाहजहां ने साल 2017 में जिस निजी जमीन पर मदरसा खोला है वो जमीन सरकारी नहीं बल्कि निजी जमीन है। जिस जमीन पर मदरसा चल रहा है वह जमीन भी उसके नाम से निबंधित नहीं।

#### फर्जी दस्तावेज पर मदरसा खोला गया

कागज पर जिस 2 एकड़ 47 डिसमिल जमीन पर मदरसा दिखाया गया, वो जमीन भी उनकी निकली। उनकी निजी जमीन से जुड़ा फर्जी कागज तैयार किया और फिर मदरसा के लिए पेश किया। कई सालों तक इसी तरह वो घर पर बैनर पोस्टर लगाकर मदरसा चलाता रहा। जिसके खिलाफ उन्होंने सीओ और बीडीओ को आवदेन देकर मामले की जांच की मांग की। सीओ और बीडीओ ने जांच में पाया कि फर्जी दस्तावेज पर मदरसा खोला गया। साथ ही मदरसा भी फर्जी है निजी जमीन पर मदरसा नहीं चल सकता। इसके लिए सरकार को जमीन भेंट करना होता है। इसके बाद ही इस जमीन पर मदरसा संचालित किया जा सकता है।साल 2022 में इस रिपोर्ट के आने के बाद मदरसा सचिव शाहजहां को जेल जाना पड़ा। जेल से बाहर निकलकर वो दोबारा से निजी जमीन पर मदरसा संचालित कर रहा है। उसने कागजों पर 610 बच्चों का दाखिला ले रखा है। इस बार उसने इन बच्चों का एमडीएम का निवाला ही निगल लिया। रातोंरात उसने 15 क्विंटल चावल की उठाव कर लिया। वहीं इस मामले के सामने आने के बाद से लोगों में काफी नाराजगी है। मदरसा सचिव के खिलाफ उन्होंने बिहार मदरसा बोर्ड, शिक्षा बोर्ड पटना, जिले के डीएम और डीईओ को आवेदन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सुशासन के दावों की खुल रही पोल, फिर बीच सड़क पर युवक की गोली मारकर हत्या

खगड़िया, (ईएमएस)। एक बार फिर बिहार में कानून व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ने लगी हैं। भले ही मुख्यमंत्री नितीश कुमार सुशासन का दावा करें लेकिन जिस प्रकार से गोलियों की तड़तड़ाहट बिहार में गूंज रही है वो सुशासन के दावों की पोल ही खोल रही है। इस बीच बिहार के खगड़िया में एक युवक की गोली मारकर हत्या करने की खबर सामने आई है। इस गोलीबारी की घटना से इलाके में जहाँ सनसनी फैली हुई है वहीं लोगों में गुस्सा फैल गया है। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे मृतक के परिजनों और लोगों को समझाया। पुलिस के समझाने पर घटना से गुस्साए लोगों ने जाम खोला। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। घटना खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र के महाद्दीपुर गांव की है। पुलिस के मुताबिक, आपसी विवाद में 20 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान महाद्दीपुर निवासी मोहम्मद इरशाद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक बाइक से घर जा रहा था। गोली मारने वाले बदमाश पीछे से आए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के मताबिक, शुरूआती जांच में आपसी रंजिश को लेकर हत्या की घटना सामने आ रही है। गोली मारने वाले आरोपी फरार हैं। उनकी पहचान कर उन्हें तलाशा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि अपराध करने वाले किसी भी बदमाश को बख्शा नहीं जाएगा।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बढ़ती उम्र के कारण कई चीजें भूल जाते हैं : मुकेश सहनी

दरभंगा, (ईएमएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार की उम्र को लेकर उनके ही मंत्री अशोक चौधरी के एक ट्वीट पर वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी तंज कसा है. बिहार के दरभंगा में सहनी ने अपनी पार्टी की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें अब सत्ता से सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए. सहनी ने मंत्री अशोक चौधरी द्वारा मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार की उम्र को लेकर किए गए ट्वीट का समर्थन करते हुए कहा कि हर व्यक्ति की एक उम्र होती है, जिसमें उसके पास सोचने-समझने की शारीरिक क्षमता होती है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय से बिहार को चला रहे हैं. आप लोग देख रहे हैं कि हाल के दिनों में मुख्यमंत्री ने कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जो देश-दुनिया में चर्चा का विषय बन गए. बढ़ती उम्र के कारण वे कई चीजें भूल जाते हैं. अशोक चौधरी ने जो बातें लिखी हैं, वो सही लिखी हैं. इस बैठक में मुकेश सहनी ने ये भी कहा कि हम बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. सभी दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं. हम महागठबंधन में हैं और सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे. दरअसल वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने दरभंगा में अपने आईटी सेल के पदाधिकारियों और युवाओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था. दरभंगा के एक होटल के सभागार में वीआईपी आईटी सेल की बैठक सह प्रशिक्षण शिविर को उन्होंने संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के विस्तार और मजबूती पर जोर दिया.

### झंडे वाली लग्जरी गाड़ी से अवैध शराब बरामद

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थानाक्षेत्र के सहबाजपुर रेलवे फाटक के पास पुलिस ने एक यूपी नंबर प्लेट वाली लग्जरी गाड़ी जब्त की है, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बताया जा रहा है कि यह वाहन पुलिस को देख कर भागने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक एक बिजली के खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को जब्त कर लिया, जिसमें से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक, जब्त की गई लग्जरी गाड़ी पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का झंडा लगा हुआ था, जिसने इस घटना को और भी संवेदनशील बना दिया है। पुलिस ने वाहन की गहन जांच की, जिसमें शराब की बड़ी खेप पाई गई। हालांकि, वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी और शराब को कब्जे में लेकर थाने में लाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले पर डीएसपी वेस्ट अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस ने एक लग्जरी वाहन को जब्त किया है, जिसमें बड़ी मात्रा में शराब लदी थी। पुलिस अब वाहन मालिक की पहचान करने में जुटी हुई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जवाहर पंजाबी भोपाल जिला योजना समिति में दिग्विजय सिंह के होंगे सांसद प्रतिनिधि

भोपाल (ईएमएस)। पूर्व पार्षद और वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता जवाहर पंजाबी को पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने भोपाल जिला योजना समिति सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस मनोयन पर पंजाबी को संतोष कसाना, पूर्व पार्षद मोनू सक्सेना, बी डी गोतम, लक्ष्मीचंद यादव, सुरेश भागचंदानी, बब्बन बुंदेला, प्रशांत दीक्षित, विनय श्रीवास्, संजीव कुमार, उत्तम विश्वाश, अजय सोलंकी आदि ने बधाइयाँ दी। श्री पंजाबी ने सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर दिग्विजय सिंह जी का आभार व्यक्त किया। श्री पंजाबी पूर्व पार्षद के साथ ही वरिष्ठ छात्र नेता, प्रदेश स्तरीय सिंधी कल्याण समिति में सदस्य रहे है।

## दिन भर छाए रहे बादल, हल्की बूंदाबांदी

जबलपुर,( ईएमएस)। मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रवानगी शुरू हो गई है। मानसून की वापसी की आहट से मौसम का मिजाज सुबह से ही बादल छाए रहे, दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई| हलांकि मौसम वैज्ञानिको का कहना है कि अभी लौटता हुआ मानसून दो दिन बारिश के आसार बनायेगा| बुधवार को बादलों के बीच उमस भरी गर्मी बनी रही| बूंदाबांदी के बाद शाम को कुछ मौसम ठंडा हो गया था|क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के अनुसार मानसून पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के इलाके से वापसी कर रहा है। मध्य बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मानसून द्रोणिका भी प्रदेश से होकर गुजर रही है इसके प्रभाव से एक बार फिर बारिश दौर बन गया है। आगामी दो से तीन दिनों तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश की संभावना है।आगामी दिनों में मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। वहीं तापमान की बात करें तो तापमान में आंशिक रूप से कमी आ रही है पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी प्रातः काल 82 प्रतिशत और सायं काल 83 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 01 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6 बजकर 2 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटे के दौरान 0.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई| 1 जून से अब तक कुल बारिश 1457.0 मिमी.(58 इंच) दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 32.08 और न्यूनतम तापमान 22.07 दर्ज किया गया था, जबकि वर्षा दर्ज नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 1375.7 दर्ज की गई थी। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ जिलों में छुट-पुट वर्षा हो सकती है। दक्षिणी पूर्वी हवा 4 प्रतिघंटे रफ्तार से चली|

## भाजपा ने किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद

ग्वालियर ( ईएमएस ) । भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता ने बुधवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर डीडी नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि भाजपा मजबूती के साथ देश का विकास कर रही है।उन्होंने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय का चिंतन मनन आज भी भारतीय लोकतंत्र के लिए प्रासंगिक है। पंडित दीनदयाल के कारण ही गांव, गरीब, किसान और महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे में शामिल हुए।उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कि राष्ट्रनायक दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्मदिन है। लाखों को प्रेरणा देता है। हमारी सरकारें समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम कर रही है। सदस्यता अभियान का महापर्व है। घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करना है। आज हमारे लिए गर्व का दिन है।इस अवसर पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने फल वितरण भी किया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, प्रदेश मंत्री केशव सिंह भदोरिया प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, सहित् सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## शहर की समस्याओं पर विपक्ष मौन पक्ष ने साधी चुप्पी नगर वासी परेशान

बुरहानपुर (ईएमएस)। इन दिनो शहर की समस्याओं को लेकर विपक्षी दल और उसके पार्षदों ने ऐसा मौन धारण कर रखा है जैसे उनके पिछले आंदोलन से डर कर सत्ताधारी दल सारी समस्याओं को हल कर दिया है जिसके चलते वह भी खामोश है लेकिन सत्ता और विपक्ष की खामोशी और मौन धारण से शहर का नागरिक जस की तस परेशान है उसकी आवाज को उठाने वाले आंदोलन कर थक चुके हैं गरीब जाय तो कहां जाए सत्ताधारी दल अभी त्योहारी मुंड में होकर अपनी पार्टी की गतिविधियों में मशगूल है जैसे तैसे बैठक आहूत तो हुई लेकिन बात का बतंगड़ बनाकर सब टाई टाई फिश अब त्योहारी मुंड है जो अभी दो सप्ताह से अधिक बना रहना है इसके बाद कुछ समय के लिए राजनीति के गलियारों में हलचल शुरू होगी अगर 3 वर्ष के लेखा जोखा पर नजर डाले तो विकास के नाम पर केवल सन्नाटा बेचारा मतदाता करें भी तो क्या फिर चुनाव आएंगे धर्म जात-पात का खेल चलेगा और फिर कोई कुर्सी पर विराजमान होगा शहर वही का वही अपनी समस्याओं पर आंसू बहाता रहेगा परिषद की स्थगित बैठक कब होगी कब राजनेतिक ऊंट किस करवट बैठेगा अभी कुछ पता नहीं हां बस पता है तो इतना कि मैं विपक्ष का नेता हूं और कोई सत्ता पक्ष का चेयरमैन इस से आगे कुछ नहीं शहर कहां जा रहा है सड़कों गली मोहल्लों की क्या हालत है आम नागरिक अपनी समस्याओं से कैसे जूझ रहा है गरीब को राशन मिल रहा है कि नहीं इसकी क्या परेशानी है कोई चिंता नहीं सब अपनी-अपनी राजनीति में अपना अपना राग अलापने में मस्त है।

## नक्सलवाद और नए कानूनों के तहत कार्रवाई पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

रायपुर(ईएमएस)। राजधानी के सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में नक्सल मामलों की विवेचना और नए कानूनों के तहत कार्रवाई को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 से 26 सितंबर तक चलेगा। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण का आज दूसरा दिन है, जिसमें दिल्ली से पहुंचे (राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी) के अधिकारी प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें सभी जिले के एसपी, एएसपी सहित राजपत्रित अधिकारी मौजूद हैं। जो अधिकारी इस प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे हैं। उनको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया है।जानकारी देते हुए रायपुर ग्रामीण एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि ए.डब्लू.ई.ए.डी.ए उसके संबध में जो विवेचना है। उसके अनुरूप जो क्रियाकलाप करते हैं। 1967 के कार्यवाही करते हैं। उसके संबंध में स्पेशल तरीके से छत्तीसगढ़ पुलिस के जितने भी प्रावधान है। उस संबंध बारीकी से नॉलेज देने के लिए एनआईए के जो अधिकारी हैं।उनके माध्यम से आज छत्तीसगढ़ पुलिस को ट्रेनिंग दी जा रहा है। 24, 25 और 26 सितंबर तक यह कार्यक्रम चलेगा। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को विवेचना कैसे करनी चाहिए, क्या बारीकी रखना चाहिए, किस प्रकार से प्रकरण में साक्ष दिखाने चाहिए, विवेचक की क्या भूमिका होनी चाहिए, इस प्रकार से प्रत्येक बारीकी है जिसे समझाया जा रहा है। प्रशिक्षण का आज दूसरा दिन है। यह कल भी जारी रहेगा।ऑनलाइन के माध्यम से सभी रेंज के पुलिस अधीक्षक आईजी लोग भी रायपुर रेंज के अधिकारी यहां उपस्थित हुए हैं। सभी ऑनलाइन के माध्यम से इसको सुन रहे हैं और इसका लाभ ले रहे हैं।

## युवती के साथ लिवइन में रहा शोषण किया, अब शादी से मुकरा

ग्वालियर ( ईएमएस ) । ग्वालियर थाना क्षेत्र के मेवाती मोहल्ला मछली मण्डी किल्लगेट इलाके में शादी का झांसा देकर एक युवक ने दो साल तक युवती का शोषण किया और युवती के साथ उसके ही घर में लिवइन में रहा। युवती ने जब शादी का दावा बनाया तो युवक मुकर गया | इसके बाद शोषण की शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के मेवाती मोहल्ला मछली मण्डी के पास रहने वाली 24 वर्षीय युवती ने शिकायत की है कि दो साल पहले उसकी मुलाकात मुरैना में एक विवाह समारोह में आरिफ खान पुत्र शाहिद उर्फ बल्लू खान निवासी मुरैना से हुई थी। शादी में मुलाकात के दौरान उनकी दोस्ती हो गई और एक ही समाज के होने के कारण आरिफ ने उसे शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। शादी का प्रस्ताव मिलने पर वह उसके घर आने और जाने लगा और परिजनों से भी उसने शादी करने को कहा। एक दिन जब वह घर पर अकेली थी से आरिफ ने उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद वह उसके घर पर ही लिव इन में रह रहा था और अब जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और पीड़िता की मारपीट कर भाग गया।

# लोहारडीह की घटना पर गृहमंत्री इस्तीफा दें : प्रियंका शुक्ला



रायपुर (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू और कवर्धा की घटना जाँच कमेटी की अध्यक्षा प्रियंका शुक्ला ने कवर्धा मामले पर प्रेस वार्ता की।विदित हो कि मामले में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गोपाल साहू जी के निर्देश पर कवर्धा के लोहारडीह के गांव में एक के बाद एक हुई मौत, आगजनी की घटना पर जांचदल बनाया गया था, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रियंका शुक्ला द्वारा किया गया और अपने सदस्य साथियों अभिषेक मिश्रा, मिथलेश बघेल, ललित बघेल,भूपेश तिवारी के साथ ज्ञान साहू, हुकूमत साहू, देवी चंद्रवंशी, राहुल,सहित अन्य साथियों के साथ दिनांक 24/09/2024 को घटना स्थल वाले गांव लोहारडीह जाकर घटना की जांच की, इस दौरान घटना में आगजनी होकर घर और मृतक रघुनाथ( उपसरपंच), घटना में घायल कई बार की सरपंच भगोतिया रघुनाथ साहू (रघुनाथ की पत्नी) ( दोनो bjp नेता) के घर जाकर स्थल को देखा गया, परिवार वालो से मुलाकात कर, घटना के बारे में जानने का प्रयास किया।वही उपस्थित रघुनाथ की भांजी रुकमनी से भी मुलाकात हुई, और उन्होंने बताया कि उनका घर भी जलाने का प्रयास किया गया था, उनके घर की दो गाड़ी को भी भीड़ ने जलाया है, मौके पर जाकर उनके घर में भी लोगो से मुलाकात करके, उनके जले हुए घर को देखा गया, देखने से लगा कि आग लगी थी लेकिन बाद में बुझा देने से घर बच गया। उनके द्वारा बताया गया कि दो जली हुई गाड़ी को पुलिस ले कर चली गई है।हमारी टीम द्वारा सवाल करने पर कि आखिर यह रघुनाथ के घर में अगर सब घुसे भी जलाने के लिए तो ये हुआ क्यों??जांच में यह पाया गया कि शिव प्रसाद और रघुनाथ दोनो ही राजनीतिक दल से भी थे, नेता थे और रघुनाथ गांव का नेता तो वही शिव प्रसाद 4 से 5 गांव का साहू समुदाय का पटेल( अध्यक्ष) था।दोनो के बीच काफी व्यक्तिगत विवाद भी थे, रघुनाथ के ऊपर शिव प्रसाद की पत्नी को छेड़खानी, बलात्कार जैसे गंभीर मामले को लेकर FIR हुई थी, और रघुनाथ को सामाजिक बहिष्कार भी किया गया था,जिसको लेकर गांव में ही समाजिक स्तर पर बैठक करके जाति समुदाय के नेताओ ने जिले स्तर की बैठक करके रघुनाथ को दंड के तौर पर 3 लाख दंड लगाकर, शिव प्रसाद की पत्नी वाले मामले के समझौता करवा कर, मामले को खत्म करवा दिया गया था, और समाज के वापसी भी हो गई थी, उक्त छेड़खानी की घटना के पश्चात रघुनाथ के ही पास में रहने वाले रिश्तेदार (बहन) की घर की रुक्मणि ने बताया कि 2023 में उनका खेत वाला घर मृतक शिव प्रसाद और उसके साथ वालो ने उस समय जलाया था, लेकिन पुलिस ने अज्ञात में FIR दर्ज की थी, जिसका आज तक कुछ नहीं हुआ है।उक्त घटना की जांच के दौरान जब हमारा दल मृतक शिव प्रसाद के घर पहुंचा तो वहा पर ताला लटका मिला, लेकिन पास के ही उनके रिश्तेदार चाचा तिहारू से बातचीत हुई, तो पता चला कि छेड़खानी की घटना के अलावा गांव वालो की चारागाह की 72 एकड़ जमीन रघुनाथ ने कब्जा कर ली, जिसमे से 10 एकड़ जमीन को उसने अपने नाम पर चढ़ा लिया, बाकी जमीन को भी बेजा कब्जा करके बोना खाना कर रहा था, तिहारु साहू ने बताया कि इसको लेकर गांव में हमने कई बार बोला कि जमीन गांव वालो को वापस करो, गांव मवेशी चराने के लिए जमीन नही है, इसी को लेकर पूरा गांव नाराज था।उक्त 72 एकड़ जमीन मामला कोर्ट के चल रहा है, यह जानकारी भी शिव प्रसाद के चाचा तिहारू ने दी, इसके अलावा तिहारू साहू ने दल को यह भी बताया कि रघुनाथ की पत्नी भगोतियां रघुनाथ साहू 30 वर्ष से सरपंच और रघुनाथ उपसरपंच रहा है।साथ ही लोगो ने यह भी बताया कि जिस दिन शिव प्रसाद की लाश मिली, तो उसकी लाश को गांव में बाहर ही बाहर हड़बड़ करके क्रिया करम करवा दिए पुलिस वाले, गांव के पर्याप्त समय नहीं दिए परिवार को देखने का, मामले में शरीर पर काफी चोट के निशान के बावजूद मामले को आत्महत्या बताकर मामले को दबाने की साजिश शुरू हो गई, और चुकी मीटिंग में जाने वाली बात पर रघुनाथ मीटिंग में गया था लेकिन वो और बाकी सब वापस आ गए लेकिन शिव प्रसाद नही आया, ऐसे में भीड़ ने उक्त घटना को अंजाम दिया।शिव प्रसाद उर्फ कचरू के 5 बच्चे है, शिव प्रसाद की पत्नी जेल में है, बच्चो की देख भाल के लिए शिव प्रसाद की बुजुर्ग सास को मजबूरी में करना पड़ रहा है,क्युकी उसके बच्चो के देख रेख के लिए कोई इंतजाम नही है।बातचीत यह निकलकर आया कि सबका टारगेट सिर्फ रघुनाथ था, कई लोगो ने रघुनाथ के कई किस्से बताए।वही प्रशांत साहू के घर जाने पर प्रशांत के परिवार वाले में से मुलाकात हुई, जानकारी मिली कि प्रशांत इरिगेशन विभाग के वेतन पर काम करता था, और जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन भी प्रशांत बांध की देख रेख के काम से बाहर था, यहां शिव प्रसाद की मौत वाली बात जब पता चली, तो समाज के किसी ने कॉल करके उन्हे काम बंद करके घर आ जाने को बोला था, इस कारण से काम छोड़कर घर आ गए थे, और फिर उसी के बाद पुलिस आई और मारते हुए घर से प्रशांत के भाई, प्रशांत की मां और प्रशांत को लेकर गई।प्रशांत का समर्थक भी था और चुनाव के समय वोट करवाने और बूथ संभालने का काम भी करता था, बाकी समय आस पास के तीन बांध की देखरेख का काम करके नौकरी करता था।उसकी रिश्तेदारो ने बताया कि वो लोग लालपुर गांव के रहते है लेकिन वहा भी पुलिस ने जाकर महिला रिश्तेदार को भी बहुत मारा था, यह कहकर मारा गया कि उन्होंने सबको अपने घर में छिपाकर रखा है, महिला रिश्तेदार ने चोट के निशान भी हमे दिखाया जो कि काला लाल दिख रहा था।

# संत की हत्या के विरोध में सुलग रहा नर्मदांचल

### 28 सितंबर को राजेन्द्रग्राम में विशाल धरना-प्रदर्शन




अनूपपुर (ईएमएस)। राजेन्द्रग्राम थाना अन्तर्गत गढीदादर के एक आश्रम के संत की अगस्त के प्रथम सप्ताह में हुई निर्मम हत्या के आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इसके पहले भी कई बार पुलिस और प्रशासन का ध्यानाकर्षण इस ओर करवाए जाने के बावजूद कोई कार्यवाही ना होने से पुष्पराजगढ का नर्मदांचल क्षेत्र अन्दर ही अन्दर गुस्से की आग मे सुलग रहा है। पुलिस की अक्षमता को लेकर अमरकंटक में संत समाज की कई बैठकें हो चुकी है। अब क्षेत्र के नाराज लोगों ने 28 सितंबर को राजेन्द्रग्राम में विशाल धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। सुविज्ञ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोगों द्वारा प्रशासन और पुलिस को सूचित किया गया है कि जिले में हो रहे संतों की निर्मम हत्या के विरोध में 28 सितंबर 2024 दिन शनिवार को आयोजित संत यात्रा एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा।बतलाया गया है कि अनूपपुर जिले के विकासखंड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बोदा ग्राम गड़ीदादर ( शिवदावा आश्रम) के मुखिया श्री श्री 108 भोलागिरी अलबेले महाराज (जूना अखाड़ा दशनामी) जी की कुछ अज्ञात लोगों द्वारा 7 अगस्त देर रात्रि को निर्मम हत्या कर दिया गया था। जिससे पूरा संत समाज एवं हिंदू समाज अक्रोशित होकर 9 सितंबर को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को ज्ञापन देकर कर 7 दिवस के अंदर कार्यवाही करने का निवेदन किया गया था ।यह भी कि पिछले कुछ सालों से पुष्पराजगढ़ के अलग-अलग स्थान में रह रहे संतों पर जानलेवा हमले की घटना और जंगलों में निवासरत संतों के आश्रमों को तोड़े जाने की घटना दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है। कुछ साल पूर्व भीमकुंडी स्थित तुलसी महाराज (पंचधारा आश्रम) के महंत की अज्ञात लोगो द्वारा धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गई थी। जिस पर आज दिनांक तक किसी प्रकार से कोई कार्यवाही नहीं हुई । यह कि कुछ माह पूर्व अमरकंटक स्थित रूद्र गंगा आश्रम को फॉरेस्ट विभाग द्वारा चोरी छुपे रात्रि के 3:00 बजे आश्रम को तोड़ दिया गया था, और 300 साल पुरानी मां नर्मदा की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। अन्य आश्रमों में आए दिन फॉरेस्ट विभाग द्वारा आश्रम हटाए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। यह भी कि मां नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक हिंदुओं का एक पवित्र तीर्थ एवं बड़ा धार्मिक आस्था का केंद्र हैं । जहां इन दिनों खुले आम घर-घर मदिरा एवं मांस मछली बिक रहा है। जिससे अमरकंटक पवित्र नगरी में रह रहे छोटे-छोटे बच्चे युवा नशा के आदि होते जा रहे हैं ।जिस पर रोक लगाने की अत्यधिक आवश्यकता है। उपरोक्त बिंदु से संत समाज एवं हिंदू समाज क्रोधित होकर धरना प्रदर्शन करने पर विवश है ।दिनांक 28 सिसंबर 2024 दिन शनिवार को समस्त संत समाज एवं हिंदू समाज के अगुवाई में 11:00 बजे से स्वसहायता भवन पुष्पराजगढ़ राजेंद्रग्राम में (जनपद पंचायत के बगल मे) एकत्रित होकर वहां से पैदल चलकर मां दुर्गा मंदिर के पास स्थित जुहिला पुल में बैठकर धरना प्रदर्शन करेगे, जिसकी सूचना सक्षम अधिकारियों को दी जा चुकी है। इस विशाल आन्दोलन में अनूपपुर, कोतमा,बिजुरी, अमरकंटक सहित जिले भर से लोगों के पहुंचने की संभावना है।

## बुलडोजर एक्शन में घायल हुआ ड्राइवर मुकेश

बहराइच (ईएमएस)। बहराइच में हाईकोर्ट के आदेश के बाद अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। आदेश के बाद सरकारी जमीन पर बने अवैध मकान गिराए जा रहे हैं। यहां करीब 23 भवनों को गिराने के लिए बुलडोजर चल रहा है। इसमें 8 से 9 दुकानें शामिल हैं। इसके बाद एक दुकान को जब गिराया जा रहा था, तब सारा मलबा बुलडोजर पर गिर गया। इससे बुलडोजर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक की जान बाल-बाल बची।बुलडोजर चलाने वाले ड्राइवर मुकेश ने बताया कि वह दुकान गिरा रहा था। तभी अचानक से एक बड़ा सा स्लैब बुलडोजर पर ही गिर गया। हादसे में वहां बाल-बाल बच गया, लेकिन बुलडोजर का अगला हिस्सा डैमेज हो गया है। बुलडोजर पर स्लैब गिरने से उसका शीशा चिपक गया और मडगार्ड भी टूट गया है।बता दें कि बहराइच में अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन हो रहा है। अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों से पहले ही घर खाली कराए जा चुके हैं। इसके तहत सराय जगना में वजीरगंज बाजार स्थित 23 दुकानों को बुलडोजर से गिराया जा रहा है।

## कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी कोई और नहीं : पीएम मोदी

गोहाना (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोहाना में जनसभा के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी देश में और कोई नहीं है...।गोहाना में रैली को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा भाजपा का संकल्प पक्की गारंटी होता है। भाजपा जो कहती है, उस काम को करके दिखाती है। हरियाणा में भी हर वायदे तेजी से जमीन पर उतरने में पूरी भाजपा जीन जान से जुटी जाएगी। बस आपको पांच अक्टूबर को हमारे इन सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाना है। लगातार तीसरी बार हरियाणा में कमल खिलाना है। कांग्रेस ने 60 साल देश पर राज किया, लेकिन कांग्रेस ने कभी देश की बेटियों की चिंता नहीं हुई। जब मैं आया तब मैंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया, जिससे हरियाणा को फायदा हुआ। पहले 1000 बेटों पर 866 बेटियां थी, लेकिन अब 1000 पर 914 बेटियां हैं। हरियाणा भाजपा नारी शक्ति को और सशक्त करने के लिए और अच्छा काम कर रही है।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस शासित हर राज्य में उनके मुख्यमंत्री झगड़ों में उलझे हुए हैं, कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों को जनता की तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है। कर्नाटक के सीएम और डिप्टी सीएम आपस में लड़ रहे हैं। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश का भी यहीं हाल हैं। इसलिए हरियाणा को भी बहुत सावधान रहना चाहिए। गलती से भी कांग्रेस आ गई तब अपने झगड़ों में हरियाणा को बर्बाद कर देगी। यहां पर कांग्रेस में जिस तरह झगड़े बढ़ रहे हैं, पूरा हरियाणा देख रहा है। कांग्रेस को वोट देना यानी हरियाणा के विकास को दांव पर लगाना है।पीएम मोदी ने कहा कि आरक्षण का विरोध कांग्रेस के डीएनए में हैं। इसलिए हम देखते हैं कि कांग्रेस के शाही परिवार की चौथी पीढ़ी भी आरक्षण का विरोध कर रही है। इसलिए आपको सावधान रहना होगा। भाजपा ने वंचित और पिछड़े समाज को हरियाणा में यहां आगे बढ़ाया है। हमारे ओबीसी वर्ग से आने वाले नायब सैनी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया। सैनी एक किसान-मजदूर का बेटा है। इनके दरवाजे लोगों के लिए चौबीस घंटों के लिए खुले रहते हैं। कांग्रेस सरकार अस्थिरता के लिए भी जानी जाती है।मोदी ने कहा कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, शोषितों के साथ भी धोखा किया है। आजकल कांग्रेस के भीतर सिर-फुटौव्वल हो रही है, ये कांग्रेस के पुराने पापों का ही परिणाम है। 2014 में जब हुड्डा यहां सीएम हुआ करते थे, तब ऐसा कोई साल नहीं था जब दलितों के साथ अन्याय नहीं हुआ। अनेक दलितों के साथ अन्याय हुआ। हर कोई जानता था कि दलितों के खिलाफ कांग्रेस खाद-पानी देती है। आज हरियाणा का दलित समाज फिर हरियाणा के अंदर कांग्रेस का जो ड्रामा चल रहा है, उस ड्रामे को अच्छी तरह देख रहा है। कांग्रेस ने हमेशा ही गरीब और पिछड़ों को विकास से बाहर रखा है।

### हत्या करने वाले नाबालिगो को शराब, सिगरेट, गुटखा बेचने वालो पर मामला दर्ज

भोपाल(ईएमएस)। बागसेवनिया पुलिस ने बीते दिनो इलाके में नाबालिग आरोपियो द्वारा युवक की हत्या किये जाने के मामले में जॉच के बाद नाबालिग को शराब और गुटखा बेचने वालों के खिलाफ जेजे एक्ट की धाराओ में मामला कायम किया है। पुलिस के अनुसार नाबालिगों ने नशे की हालत में युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। काउंसलिंग के दौरान यह बात सामने आई कि नाबालिगो ने दुकान से शराब, सिगरेट और गुटखा खुद ही खरीदा था। पुलिस ने बताया कि डिंडौरी निवासी गजेंद्र यादव (26) यहॉ अरविंद विहार कालोनी में रहते हुए निजी काम करता था। बीती 6 सितंबर की रात वह अपने मामा राज यादव के साथ सामान खरीदने राजाभोज तिराहे पर गया था। उसका एक किराने की दुकान पर सामान खरीदने चला गया जबकि गजेंद्र शर्मा थोड़ी दूरी पर ही एक दुकान के पटिए पर बैठ गया था। उसके थोड़ी दूरी पर ही करीब आधा दर्जन नाबालिग लड़के बैठे हुए थे। वह सभी एक दोस्त की बर्थडे पार्टी मनाने के बाद वापस लौटे थे। नाबालिगो का पटिये पर बैठे गजेंद्र से घूरने की बात पर कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर किशोरो ने गजेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। उसके साथ मौजूद मामा राज यादव उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए एम्स अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार किया था। आरोपी किशोरो में से एक ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि उसने खुद ही शराब दुकान से बीयर की बोतल खरीदी थी। इसके साथ ही पास में ही स्थित दुकानदार रिषीकांत साहू से सिगरेट और गुटखा खरीदा था। पुलिस ने नाबालिग को नशे का सामान बेचने पर रिषीकांत के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है की शराब दुकान के किस कर्मचारी ने किशोरो को शराब दी थी। उसकी पहचान जुटाने के बाद उसे भी आरोपी बनाया जाएगा।

# वाट्सएप संदेश पर नीला टिक, फिर क्या पकड़ा गया आरोपी करन

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही एक लड़की जब अपने घर जाती, तब फ्लैट की चाभी मकान मालिक के बेटे को दे देती थी। ऐसा उसने कई बार किया था। करीब तीन माह पहले मकान मालिक के बेटे ने इसका फायदा उठाकर लड़की के कमरे और बाथरूम में बल्ब होल्डर के अंदर दो स्पाई कैमरे फिट कर दिए थे। जब लड़की को शक हुआ तब इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।दिल्ली पुलिस के मुताबिक, छात्रा को पहली बार तब शक हुआ जब वह अपना वाट्सएप चेक कर रही थी। उसके वाट्सएप पर कुछ ऐसी गतिविधि हुई, जिसकी वजह से मुझे शक हुआ। दरअसल कई मैसेज थे जो छात्रा ने पढ़े नहीं, लेकिन वाट्सएप चेक करने पर मैसेज पर नीला टिक नजर आ रहा था।डीसीपी अपूर्वा ने बताया कि छात्रा को इसके अलावा भी कुछ संदिग्ध गतिविधि अपने वाट्सएप पर दिखाई दी। इसके बाद छात्रा ने अपने किसी जानकार से बात कर वाट्सएप अकाउंट चेक कराया। तब पता चला कि यह अकाउंट किसी और लैपटॉप पर भी लॉग इन है। पुलिस की जांच में बात सामने आई है कि लड़की करन के ऊपर पूरा विश्वास करती थी और वहां उसके फ्लैट में आता था, तब अंदेशा इस बात का है कि किसी दिन मौका देखकर करन ने ही पीड़िता के मोबाइल पर वाट्सएप को स्कैन कर अपने लैपटॉप पर लॉगिंग कर लिया था और तभी से वह छात्रा के सभी मैसेज भी पढ़ रहा था।दिल्ली पुलिस ने जब करन से पूछताछ कर छानबीन की, तब करन के पास से पुलिस को एक स्पाई कैमरा मिल गया और दो लैपटॉप मिले जिसमें वह रिकॉर्ड वीडियो स्टोर किया करता था। दरअसल, जो स्पाई कैमर करन ने छात्रा के घर में लगाया था वह स्पाई कैम रिमोट से या ऑनलाइन जुड़े हुए नहीं थे इसलिए करन किसी ने किसी बहाने लड़की से फ्लैट की चाबी लेने की कोशिश करता ताकि वह चिप में मौजूद डाटा ट्रांसफर कर सके।दिल्ली पुलिस को करन के खिलाफ पुख्ता सबूत मिल गए, जिसके बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार भी कर लिया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर अंत्योयदय विचारधारा पर जिला स्तरीय व्याख्यौनमाला आयोजित




रतलाम (ईएमएस)। म.प्र. जन अभियान परिषद्, जिला रतलाम द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर अंत्योपदय विचारधारा पर जिला स्तरीय व्याख्याकनमाला का आयोजन जनचेतना विधालय परिसार रतलाम में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभांरभ पं.दीनदयाल उपाध्यापय के चित्र पर माल्याखर्पण एवं दीपप्रज्ज्वलित कर शुभांरभ किया गया, कार्यक्रम में जनचेतना विधालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुमति दी गयी। संस्थार प्राचार्य सतीश तिवारी के द्वारा जन चेतना परिषद के द्वारा कियें जा रहे कार्यो की प्रस्तुत किया । कार्यक्रम स्वाच्छदता ही सेवा की शपथ अंतर्गत स्वतच्छकता की शपथ करायी गयी तथा शिक्षकों का सम्माकन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व अतिथि महर्गषि पंतजलि संस्कृकत संस्थानन के पूर्व अध्यीक्ष संस्कृ त विद भरतदास बैरागी, विशेष अतिथि भारत सरकार के एमआईडीएच कमेटी सदस्यय अशोक पाटीदार, जनजातीय कार्य प्रमुख विजेन्द्र सिंह चौहान, मानव सेवा समिति अध्यजक्ष मोहनलाल पाटीदार मुरलीवाला, समाजसेवी गोविंद काकानी, स्वमयंसेवी प्रकोष्ठन जिला संयोजक राजेश रांका, मॉय भारत अभियान के जिला समन्वकयक सौरभ श्रीवास्तंव, व कार्यक्रम की अध्याक्षता समाजसेवी मनोहर पोरवाल के द्वारा की गई ।मुख्यव वक्ता महनर्षि पंतजलि संस्कृीत संस्थारन के पूर्व अध्याक्ष संस्कृमत विद भरतदास बैरागी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याषय एकात्मं मानव दर्शन दिया, एकात्मध मानव दर्शन ही संपूर्ण मानव जगत को सही मार्ग पर ले जा सकता है । समाज के अंतिम व्यनक्ति को मूलभूत सुविधा मिलना अंत्योदय है ।कार्यक्रम की अध्यकक्षता कर रहे समाजसेवी मनोहर पोरवाल दीनदयाल जी के मतानुसार अस्तित्व के लिए संघर्ष से अधिक सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। भारत की सनातन संस्कृति सर्वत्र सहयोग एवं सामंजस्य देखती आई है।विशेष अतिथि भारत सरकार के एमआईडीएच कमेटी सदस्यस अशोक पाटीदार ने बताया कि एकात्म मानववाद का उद्देश्य हर मनुष्य को सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान करना है। सफलता का बेहतर पैमाना अंत्योदय है, यानी क्या हमने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े इंसान के जीवन को बेहतर बनाया है।जनजातीय कार्य प्रमुख विजेन्द्रन सिंह चौहान ने कहा कि सरलता और सादगी की प्रतिमूर्ति पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन परिश्रम और पुरुषार्थ का पर्याय था। वह कुशल संगठक एवं मौलिक चिंतक थे। सामाजिक सरोकार एवं संवेदना उनके संस्कारों में रची-बसी थी।मानव सेवा समिति अध्य-क्ष मोहनलाल पाटीदार मुरलीवाला ने कहा कि भारतीय जीवन-दृष्टि केवल शक्तिशाली के अस्तित्व की रक्षा में नहीं, अपितु सबके अस्तित्व की रक्षा में जीवन और जगत का कल्याण देखती है।समाजसेवी गोविंद काकानी ने कहा कि आज के युवाओं को दीनदयालजी के विचारों को आत्मीसात कर अंत्योकदय के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए । समाज के अंतिम व्ययक्ति को मूलभूत सुविधा मिलना अंत्योंदय है ।स्वमयंसेवी प्रकोष्ठो जिला संयोजक राजेश रांका ने कहा कि उपाध्याय जी के अनुसार मन बुद्धि आत्मा और शरीर इन चारों का समुच्चय है हम उनको टुकड़ों में बताकर विचार नहीं कर सकते मानव की यही समग्रता या पूर्णता उसे समाज के लिए उपयुक्त बनती है । कार्यक्रम में स्वागगत उद्बोधन विकासखण्डए समन्व यक शैलेन्द्रकसिंह सोलंकी मंच संचालन जिला समन्वसयक रत्नेउश विजयवर्गीय द्वारा तथा आभार विकासखण्डन समन्व यक शिवशंकर शर्मा के द्वारा व्ययक्त किया गया ।कार्यक्रम में विकासखण्डि समन्वशयक रतनलाल चरपोटा, महावीरदास बैरागी, परामर्शदाता, प्रस्फुाटन नवांकुर समिति सदस्या, सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के विद्यार्थी, प्रधानमंत्री कौशल केन्द्रस के युवा युवतियां तथा गणमान्य् नागरिक उपस्थित थे ।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## सरकारी बही खातों में पिछले 6 सालों में घटी बेरोजगारी

सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे का आंकड़ा प्रकाशित हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों में गोवा में सबसे ज्यादा 8.5 फ़ीसदी बेरोजगारी है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम एक फ़ीसदी से भी कम बेरोजगारी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के ठीक 11 दिन पहले यह रिपोर्ट जारी की गई है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बेरोजगारी होने की बात विपक्षियों द्वारा कही जा रही है, जो इस रिपोर्ट ने गलत साबित कर दी है। सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है, पंजाब में वर्ष 2023-24 में 5.5 फ़ीसदी, राजस्थान में 4.2 फ़ीसदी, हरियाणा में 3.4 फ़ीसदी, महाराष्ट्र में 3.3 फ़ीसदी, उत्तर प्रदेश में 3.0 फ़ीसदी, बिहार में 3.0 फ़ीसदी, छत्तीसगढ़ में 2.5 फ़ीसदी, दिल्ली में 2.1 फ़ीसदी, झारखंड में 1.3 फ़ीसदी, गुजरात में 1.1 फ़ीसदी और मध्यप्रदेश में मात्र 0.9 फ़ीसदी बेरोजगारी के आंकड़े सामने आए हैं। लेबर फोर्स की सर्वे रिपोर्ट में 3.2 फ़ीसदी की औसत बेरोजगारी देश में है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में यह बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी। 2022-23 में 3.2 फ़ीसदी थी। वर्ष 2023-24 में भी 3.2 फ़ीसदी औसत बेरोजगारी की दर रही है। सरकार महंगाई एवं बेरोजगारी के मामले में विपक्ष के आरोपों को नकारती आ रही है। सरकार का मानना है, महंगाई और बेरोजगारी पहले की तुलना में कम हुई है। बेरोजगारी की हालत में लगातार सुधार हुआ है। विपक्षी दल जनता को गुमराह कर रहे हैं लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट में सबसे ज्यादा बेरोजगारी राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य में घटी है। दिल्ली में भी 7.6 फ़ीसदी बेरोजगारी कम हुई है। इस सर्वे रिपोर्ट को तीन वर्गों में बांटा गया है। एक वर्ग स्वरोजगार दूसरा वर्ग नौकरी पैसा और तीसरा दिहाडी मजदूरों का है। स्वरोजगार के मामले में यूपी में सबसे ज्यादा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। नौकरी पैशा के क्षेत्र में दिल्ली का नंबर सबसे उपर है। दिहाडी मजदूरों की बात करें, तो बिहार का नंबर सबसे ऊपर है। बहरहाल सरकार की रिपोर्ट में जो जानकारी दी गई है। उससे ऐसा लगता है कि भारत में बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है। पढ़े-लिखे युवा जिस तरीके से करोड़ों की तादाद में बेरोजगार रहते हुए यहां से वहां नौकरी के लिए भटक रहे हैं। मजदूरों का पलायान एक राज्य से दूसरे राज्यों में हो रहा है। चपरासी की नौकरी के लिए लाखों आवेदन प्रस्तुत हो जाते हैं। बहुत बड़ी युवा आबादी काम की तलाश में यहां से वहां भटक रही है। सरकार के जो आंकड़े आए हैं, सरकार को उनकी एजेंसियों द्वारा जो आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं, उसमें स्पष्ट रूप से सरकार को जो बताया जा रहा है, उसमें और वास्तविकता में साफ अंतर नजर आ रहा है। विपक्षी दलों द्वारा जो बात कही जा रही है। जनता उसे मान रही है तो, इसका मतलब है कि सरकार के पास या तो सही जानकारी नहीं है या सरकार जानते हुए भी अनजान बनी रहना चाहती है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनो में चुनाव होने वाले हैं। बेरोजगारी जैसे मसले पर यदि सरकार अपनी एजेंसियों के भरोसे और विश्वास करती रही। इससे भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान होना तय माना जा रहा है। सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए जिस तरह से कृत्रिम आंकड़ों का सहारा ले रही है। उससे सरकार को नुकसान होना तय है। हाल ही में जो रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, वह बेरोजगारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। इस रिपोर्ट से सरकार के खिलाफ नाराजी और भी बढ़ेगी। नवीन रिपोर्ट से बेरोजगारों का गुस्सा बढ़ना तय है। यही कहा जा सकता सरकार जो कहती है, उसे सही मानना सभी की विवशता है। सरकार की कही हुई बातों को असत्य नहीं माना जा सकता है। सरकार वस्तिविकता को जिस तरह से अनदेखी कर रही है उसके परिणाम सरकार और भाजपा के लिये बेहतर नहीं होंगे।

## गरीबों के संरक्षक थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर

योगेश कुमार गोयल

### ईश्वर चंद्र विद्यासागर की जयंती पर विशेष

बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला था। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई थी और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी।

'अपना काम स्वयं करो' सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने बैठुने स्कूल की स्थापना की तथा कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे।

समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान् समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। ब्रिटिश शासनकाल में ऐसे कॉलेज विरले ही होते थे, जिनका संचालन पूर्ण रूप से भारतीयों के ही हाथों में हो और जहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक भी भारतीय ही हों किन्तु ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने सन् 1872 में कोलकाता में विद्यासागर कॉलेज की स्थापना कर यह कारनामा भी कर दिखाया था।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर वास्तव में एक ऐसी महान् शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि अंग्रेजों को विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराने को भी विवश किया। उन्हीं की बदौलत विधवाओं को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार मिला। दरअसल उस समय हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। इसीलिए उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए लोकमत तैयार किया और उनके इन अटूट प्रयासों की बदौलत ही 'विधवा पुनर्विवाह कानून' पारित हो सका। कानून पारित होने के तीन माह बाद ही उन्होंने एक विधवा कमलादेवी का विवाह प्रतिष्ठित घराने के एक युवक के साथ कराया, जो बंगाल का पहला विधवा विवाह था। 1856-60 के बीच उन्होंने 25 विधवाओं का पुनर्विवाह सम्पन्न कराया। इतना ही नहीं, अपने इकलौते बेटे नारायण की शादी एक विधवा से कराकर समस्त भारतीय समाज के समक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अविस्मरणीय मिसाल भी पेश की थी। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने बहुपत्नी प्रथा तथा बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई। 29 जुलाई 1891 को यह महान् हस्ती सदा-सदा के लिए अटल शून्य में विलीन हो गई।

# इन आंकड़ों पै कौन न मर जाये अय खुदा

लेखक राकेश अचल

| इस देश में अब सब कुछ चौंकाने वाला हो रहा है । चुनाव पूर्व सर्वे हों या मतदान के बाद के सर्वे। सब चौंकाने वाले होते है । सर्वे गलत हों या सही ,लेकिन कोई इसके लिए जिम्मेदार नहीं होता । सर्वे का काम लोगों को भरमाना और अपने प्रायोजक का नफा-नुक्सान देखना भर होता है ।सर्वेक्षणों के झूठ-सच पर निगाह रखने के लिए देश में कोई नियामक आयोग नहीं है। अब एक नया सर्वे आया है पीरियोडिक लेबर फ़ोर्स के इस सर्वे के मुताबिक हमारा प्यारा मध्यप्रदेश अकेला ऐसा प्रदेश हैं जहां बेरोजगारी न के बराबर है यानि मात्र 1 फीसदी। नेशनल सेंपल सर्वे ऑफिस द्वारा जुलाई 2023 से जून 2024 के लिए जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) की सालाना रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) 2023-24 के दौरान सात साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई ह। ये सर्वे किसी गोदी मीडिया का नहीं है बल्कि सरकार का है इसलिए इसके ऊपर ऊँगली उठाने में भी संकोच होता है ,लेकिन इस सर्वे के नतीजे हकीकत और अफ़साने जैसे हैं ,इसलिए उँगलियाँ अपने आप उठाई जाती हैं। दरअसल इस सर्वे की रिपोर्ट जारी करने के समय को लेकर ही पहला सवाल उठाया जा सकता है कि ये सर्वे हरियाणा विधानसभा के चुनावों के ठीक ११ दिन पहले आया है। सर्वे का दावा है की देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में घटी है,अर्थात सबसे ज्यादा रोजगार हरियाणा ने दिए हैं। रिपोर्ट कहती हैकि 2023 -2024 में हरियाणा में बेरोजगारी दर ३ दशमलव 4 फीसदी है जो बीते साल 6 प्रतिशत से ज्यादा थी। जाहिर है की ये रिपोर्ट साबित करना चाहती है कि हरियाणा की डबल इंजिन की सरकार ने बीते साल में हरियाणा में सबसे जयादा रोजगार मुहैया कराये हैं। सर्वे रिपोर्ट पर आप यकीन करें या न करें ये अलग बात है लेकिन सरकार तो अपना काम कर रही है ,सर्वे के मुताबिक एक साल में इसमें 2.7 फीसदी की गिरावट आई है। हरियाणा से ज्यादा गोवा 9.7 फीसदी के बाद देश में सबसे ज्यादा थी। ये गिरावट देश के किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले सबसे ज्यादा है।साल 2023-24 में गोवा में बेरोजगारी दर देश में सबसे ज्यादा 8.5 फीसदी है। केरल में ये 7.२ फीसदी है। वहीं, देश की औसत बेरोजगारी दर 3.2 फीसदी है। सर्वे तो कहता है कि मध्य प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां बेरोजगारी दर 1 फीसदी से भी कम यानि (0.9%) फीसदी है।यानि मध्यप्रदेश युवाओं कि लिए रोजगार कि मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है इस सूची में दूसरे नंबर पर गुजरात (1.1)फीसदी और तीसरे पर झारखंड (1.3) फीसदी है।यानि मध्य प्रदेश और गुजरात की डबल इंजिन की सरकारों ने तो रोजगार देने में कमाल ही कर दिया है। मुझे याद आता है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी मप्र की सरकार ने भी कुछ-कुछ इसी तरह के आंकड़े दिए थे ।मध्य प्रदेश सरकार का दावा है कि 2023 की तुलना में मई 2024 तक 9,90,935 बेरोजगारों की संख्या कम हो गई है. सरकार दावा करती है कि पिछले साल 35 लाख 73 हजार बेरोजगार थे, जबकि इस साल मई 2024 की स्थिति में यह संख्या घटकर 25 लाख 82 हजार हो गई है. जबकि ताजा आर्थिक सर्वे में ये आंकड़ा 33 लाख से कुछ ज्यादा हैं। अब सवाल ये है कि जनता इन आंकड़ें पर यकीन करे या जमीनी हकीकत देखे ? आंकड़े कुछ और कहते हैं और जमीनी हकीकत कुछ और है। एलएफपीआर को जनसंख्या में काम करने वाले या काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है. पीएलएफएस की सालाना रिपोर्ट, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को कवर करती है, ने दिखाया कि महिलाओं के लिए एलएफपीआर 2023-24 में बढ़कर 41.7 फीसदी हो गया, जो पिछले साल 37 फीसदी था. सरकारी आंकड़े धोखा देते हैं या हकीकत बयान करते हैं ये कहना कठिन काम है क्योंकि इन्हें झुठलाने के लिए जिन आंकड़ों की जरूरत है वे भी सरकार के ही पास होते हैं ,लेकिन जनता को पता है की आंकड़े कितने हवा -हवाई हैं और कितने असली ? देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों का लेबर पार्टिसिपेशन रेट राष्ट्रीय औसत से अधिक है।आप हैरान होंगे ये जानकर किसिक्किम का लेबर पार्टिसिपेशन रेट यानी राज्य की कुल आबादी में काम करने या काम खोजने वाले लोग सबसे अधिक 60.5 फीसदी हैं। यहां महिलाओं की हिस्सेदारी 55 फीसदी और पुरुषों की 65 फीसदी है। हालाँकि इस लिस्ट में डबल इंजिन की सरकार वाला बिहार 29 प्रतिशत के साथ सबसे नीचे है। इसके बाद यूपी (33.8) प्रतिशत और झारखंड (34.6) प्रतिशत का नंबर आता है। कुल आबादी में काम करने वालों की संख्या यानी वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो देखें तो सिक्किम (58.2) प्रतिशत सबसे ऊपर है। छत्तीसगढ़ (51.3) प्रतिशत दूसरे पर है।लेबर पार्टिसिपेशन रेट के मामले में 11 प्रमुख राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ (52.8)प्रतिशत कि मान से शीर्ष पर है। इस रिपोर्ट कि आंकड़े क्या हरियाणा में हांफती भाजपा को कुछ लाभ पहुंचा पाएंगे ? मुझे लगता है कि शायद नहीं ,क्योंकि इन आंकड़ों को प्रचारित कर लाभ लेने का मौक़ा हाथ से निकल चुका है । हरियाणा में मुद्दा बेरोजगारी से जायदा भाजपा का कुशासन है। मजे की बात ये है कि इस सर्वे में जम्मू-कश्मीर कि आंकड़े नजर नहीं आते जबकि वहां एक लम्बे समय से राष्ट्रपति शासन है और वहां बेरोजगारी कम करने की जिम्मेदारी सीधे-सीधे केंद्र सरकार की है। मुझे याद आता है कि केंद्र सरका ने पिछले साल माना था कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

गृह मंत्रालय ने राज्यसभा को बताया था कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी दर 18.3 प्रतिशत है. यह जेके प्रशासन द्वारा शुरू किए गए कई प्रयासों और पहलों के बावजूद है। गृह राज्य मंत्री ने राज्य सभा में बताया था कि "राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों से, अप्रैल-जून 2021 की अवधि के लिए विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में शिक्षित युवाओं के लिए बेरोजगारी दर का अनुमान उपलब्ध नहीं था। जुलाई 2020-जून 2021 के दौरान एनएसएसओ द्वारा आयोजित पीएलएफएस, जम्मू और कश्मीर के लिए 15-29 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों के बीच सामान्य स्थिति के अनुसार बेरोजगारी दर का अनुमान 18.3 प्रतिशत था।

# हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के अति उत्साह के मायने क्या?

दिलीप कुमार पाठक

हरियाणा में सभी 90 सीटों पर एक चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। 2019 के चुनाव के बाद बीजेपी और जेजेपी के गठबंधन ने सरकार बनाई थी। हरियाणा में पिछले एक दशक से बीजेपी की सरकार है, हालांकि इस बार बीजेपी के सामने इनकंबेंसी की भी बड़ी चुनौती है। वैसे भी अगर किसी दल की सरकार लगातार दो या उससे अधिक बार सत्ता में रहती है, तो वोटरों का रुझान उसकी तरफ थोड़ी कम होना स्वाभाविक है। वहीँ भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद थोड़ा बैकफुट पर दिखाई दे रही है। बीजेपी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में हरियाणा की पांच-पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, बीजेपी ने 44 तो इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 42 और आम आदमी ने चार सीटों पर बढ़त बनाई थी। बीजेपी की बढ़त वाली 17 विधानसभा सीटों, कांग्रेस की बढ़त वाली 13 सीटों और आम आदमी पार्टी की बढ़त वाली तीन सीटों पर हार-जीत का अंतर 10 प्रतिशत से कम रहा था। अब विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर कांटे की टक्कर होना तय माना जा रहा है। लेकिन इन सीटों पर मतदाता का झुकाव जिस पार्टी की तरफ होगा, उसकी पूरी जीत की संभावना रहेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटों पर एकतरफा जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनावों में इन 6 सीटों के अंतर्गत आने वाली 54 विधानसभा सीटों पर बीजेपी जीती थी। अब बात करें 2024 के लोकसभा चुनाव की तो बीजेपी सिर्फ करनाल सीट पर ही अपना प्रदर्शन दोहरा पाई है, जबकि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर बीजेपी ने 6 और कांग्रेस ने तीन हलकों में लीड ली। कुछ ऐसा ही गुरुग्राम और फरीदाबाद सीट पर दिखाई दिया, यहां बीजेपी 6 और कांग्रेस ने 3 विधानसभा हलकों में लीड ली। इसके अलावा अंबाला सीट पर बीजेपी 4 और कांग्रेस 5, कुरुक्षेत्र में बीजेपी 5, इंडिया गठबंधन 4, सोनीपत में बीजेपी 5 और कांग्रेस 4, हिसार में बीजेपी 3 और कांग्रेस ने 6 विधानसभा हलको में लीड ली। 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो हार-जीत के अंतर में कमी आई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को अगर विधानसभाअनुसार देखें तो 30 सीटों पर हार जीत का अंतर सिर्फ 13.3 प्रतिशत वोटों का रहा, जो पिछले लोकसभा चुनाव में घटकर 3.8 प्रतिशत रह गया। 2019 के विधानसभा चुनाव में हार-जीत का अतंर 5 हजार से भी कम वोटों का रहा था.

2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से भाजपा की बेचैनी बढ़ गई है। नायाब सिंह सैनी को सीएम बनाए जाने के बाद अनिल विज भी असंतुष्ट हैं, हालांकि अनिल विज इससे पहले भी कई बार खुद सीएम बनने की महत्वाकांक्षी सोच जाहिर कर चुके है। भारतीय जनता पार्टी ने अंबाला कैंट विधानसभा सीट से 71 वर्षीय अनिल विज को उम्मीदवार बनाया है। वो इस सीट से छह बार से विधायक रह चुके हैं। हालांकि, इस बार विधायक बनने की राह उनके लिए पहले जैसी आसान नहीं होगी। दरअसल, कांग्रेस ने कुमारी शैलजा के करीबी पूर्व पार्षद परविंदर सिंह परी को टिकट दिया है। आप ने राज कौर गिल को टिकट देकर आधी आबादी को साधने की कोशिश की है। वहीं, इनेलो-बसपा गठबंधन से ओंकार सिंह, जजपा-असपा गठबंधन से करधान मैदान में हैं। पूर्व कांग्रेस नेता चित्रा सरवारा ने इस विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार को रूप में ताल ठोका है। वह पछिली बार दूसरे स्थान पर थीं। अभी कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव में जिन 33 सीटों पर हार-जीत का अंतर काफी कम रहा था, वो सीटें ही अब विधानसभा चुनाव में निर्णायक साबित होने वाली हैं. 2014 - 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की एकतरफ़ा हार हुई थी, हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस की अपनी अंदरुनी चुनौतियां हैं, जिनसे निपटना आसान नहीं होगा। वैसे भी कांग्रेस पिछले कुछ सालों से कई राज्यों के चुनाव अंदरुनी गुटबाजी के कारण हार गई है। ऐसे ही हरियाणा में कहीं भूपेंद्र हुड्डा का ग्रुप है तो कहीं कुमारी शैलजा का ग्रुप है, तो कहीं रणदीप सिंह सुरजेवाला का ग्रुप दिखाई देता है। किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए अंदरूनी गुटबाजी चुनाव के दौरान शुभ नहीं होती। वैसे भी एमपी कांग्रेस की गुटबाजी, संगठन का घमंड जनता भूली नहीं है। कांग्रेस की खामी यही है कि हमेशा चुनाव के एन वक़्त पर कांग्रेस नेताओ की महत्वाकांक्षा आड़े आने लगती है। यही पक्ष कांग्रेस का सबसे कमजोर है। हरियाणा में कांग्रेस इतनी ज़्यादा अति उत्साहित है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने चार डिप्टी सीएम बनाने का दावा ठोंक दिया है। हरियाणा में बिना सीएम उम्मीदवार का ऐलान किए लड़ रही कांग्रेस में कई नेता डिप्टी सीएम बनने का दावा ठोंक रहे हैं। भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि चार अलग - अलग जाति के उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। तो कई विधायक नौकरी देने का एलान कर रहे हैं। एक विधायक तो कह रहे हैं कि मैं बाहरी हूं मैं मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता, लेकिन उपमुख्यमंत्री बनकर संतुष्ट हो जाऊँगा, मुख्यंत्री तो हुड्डा साहब ही ठीक हैं, ऐसे लगता है जैसे कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव जीत लिया है, हालांकि कांग्रेस आलाकमान का अभी कोई निर्णय नहीं आया है कि सीएम और डिप्टी सीएम कौन होगा ! हालांकि हरियाणा में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ घटित हुआ है। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया था, नए नायाब सैनी को सीएम बनाना.। अनिल विज का असंतुष्ट होना। विनेश फोगाट का कांग्रेस जॉइन करना... बीजेपी का लोकसभा चुनाव में अपने दम पर सरकार न बना पाना.। आदि आदि.। कांग्रेस के लिए खुशखबरी लेकर आया है। जो सत्ताधारी भाजपा के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। एक तो कांग्रेस को एक दशक बाद हरियाणा में चुनाव जीतने की खुशबू आ रही है, जिससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में अति उत्साह भी देखा जा सकता है। इसी अति उत्साह के साथ ही राहुल गांधी - प्रियंका गांधी भी दिख रहे हैं, जो अभी तक हरियाणा चुनाव में उतने सक्रिय नहीं हैं जितना सक्रिय होना चाहिए था। राहुल - प्रियंका की गैर मौजूदगी भी कांग्रेस के लिए घाटे का सबब बन सकती है। और यह भी सही है कि चुनाव भी अंतिम दिन तक अपनी सूरत बदलता रहता है। किसी भी पार्टी के लिए अति उत्साह नुकसानदेह हो सकता है। कांग्रेस का अति उत्साह तो दिखता ही है, साथ ही भाजपा थोड़ा बैकफुट पर दिख रही है, लेकिन भाजपा की कार्यशैली अंतिम दौर तक लड़ने की मानी जाती है, भाजपा अंतिम दौर तक लड़ती है। भाजपा जब तक हारे न तब तक हारती नहीं है, लेकिन कांग्रेस कई बार असंतुलित हो जाती है। हरियाणा चुनाव लोकसभा चुनाव में बहुमत खो देने के बाद पीएम मोदी के लिए वर्चस्व कायम रखने का मौका है। मोदी हरियाणा चुनाव में उतर चुके हैं। हरियाणा में मोदी अपनी जमीन बचा पाएंगे या.। कांग्रेस के सामने अपनी वर्चस्व की ज़ंग हार जाएंगे, यह देखने वाली बात होगी।

# पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य-स्वास्थ्य संभव

ललित गर्ग

### विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस-26 सितम्बर



हर साल दुनियाभर में 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण।' प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है।

26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं। शमन का अर्थ है लोगों के व्यवहार को बदलना और सूखे का सामना करने वाली फसलों को विकसित करना और सिंचाई प्रणालियों में सुधार जैसे कठोर और नरम उपायों के माध्यम से उपयुक्त जलवायु के लिए पर्यावरण में आवश्यक संशोधन करना।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस इस बात की याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्राकृतिक दुनिया का संरक्षण नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा है। इसलिए, जब लोग समुदायों में एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो पर्यावरण के कारण होने वाली आपदाओं के बावजूद उन्हें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए अच्छे उपायों को अपनाना आसान हो जाता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इस दिन हम रुकें और इस बात पर विचार करें कि हम पर्यावरणीय स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बना सकते हैं और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और अधिक प्रयास कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए हमें पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भविष्य के मार्ग के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। यह दिन विशेष रूप से आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और उन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो दुनिया को लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में मदद कर सकते हैं। इस दिन को सेमिनार, कार्यशाला, मीटिंग आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया जाता है। यह लोगों, संगठनों और सरकारों को एक साथ आने और समुदाय के बेहतर और अधिक टिकाऊ रूपों को बनाने के लिए रणनीतियों पर विचार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह दिन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को एक दूसरे से निकटता से जुड़ा हुआ मानता है। यह उल्लेखनीय है कि प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियाँ कई बीमारियों का मूल कारण हैं, उदाहरण के लिए, श्वसन रोग, जलजनित रोग और पुरानी बीमारियाँ। विशेषतः वायु प्रदूषण जानलेवा होता जा रहा है, जीवन की औसत आयु को कम कर रहा है। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की ललक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट फिक्र बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है।

दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में अब प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलक रही है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। ये स्थितियां मनुष्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को कहना पड़ा कि हमारी पृथ्वी एक तरह से जलवायु अराजकता की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि इंसानी सभ्यता के सामने अब सिर्फ 'सहयोग करने या खत्म हो जाने' का विकल्प बचा है। विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा। विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस को सार्थक सकेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करंट से विद्यार्थियों की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के सरदारपुर के विधान सभा क्षेत्र के रिंगनोद में बालक छात्रावास में दो विद्यार्थियों की करंट लगने से हुई असामयिक मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सब शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले के इस हादसे की जांच के लिए धार जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृत विद्यार्थियों के परिवार को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत विद्यार्थियों की आत्मा की शांति और विद्यार्थियों के शोकाकुल परिजन को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### तमिलनाडु में उदयनिधि स्टालिन को बनाया जाएगा उपमुख्यमंत्री

चेन्नई (ईएमएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने खेल मंत्री एवं उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाने और मंत्रिमंडल में फेरबदल के संकेत दिए हैं। जब पत्रकारों ने स्टालिन से मंत्रिमंडल में फेरबदल और कुछ समय से उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाओं के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, 'कोई निराशा नहीं होगी, बदलाव होगा।'एक अन्य सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उत्तरपूर्व मॉनसून से निपटने के लिए तैयार है और राज्य के मुख्य सचिव ने पहले ही शीर्ष अधिकारियों के साथ चर्चा की है और वह भी अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।विपक्ष की उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान हासिल किए निवेश पर श्वेत पत्र लाने की मांग पर स्टालिन ने कहा कि उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने पहले ही एक बयान दिया है और 'वह भी अपने आप में एक श्वेत पत्र है।' स्टालिन की अमेरिकी यात्रा के दौरान राज्य सरकार ने 18 कंपनियों के साथ कुल 7,616 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।उदयनिधि ने 18 सितंबर को कहा था कि उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने संबंधी फैसला मुख्यमंत्री स्टालिन लेंगे और अगले ही दिन तमिलनाडु के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री टी.एम. अंबारासन ने कहा था कि उदयनिधि को जल्द ही उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

### बागपत में रोटी पर थूकने वाला होटलकर्मी गिरफ्तार

बागपत (ईएमएस)। उत्तरप्रदेश के बागपत में एक होटल में थूक की रोटी बनाने का एक वीडियो वायरल हुआ है। रोटी बना रहा युवक हर बार रोटी सेकने से पहले थूकता हुआ नजर आ रहा है। होटल पर खाने गए युवक ने इसका वीडियो शेयर किया है, जो वायरल हो गया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद चर्चाओं का बाजार काफी गर्म हो गया है। बागपत में इस तरह का यह तीसरा वीडियो है।वीडियो शहर कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे स्थित चिकन कॉर्नर का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से रोटी बना रहा युवक पहले रोटी पर थूकता है और फिर उसको पकाने के लिए तंदूर में डाल देता है। 1 मिनट की वीडियो में युवक द्वारा तीन बार रोटी पर थूकता हुआ नजर आया। इसका वीडियो बनाकर युवक ने इसे वायरल कर दिया और यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो के आधार पर बागपत पुलिस मामले की जांच में जुट गई और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### तमनार तथा बगीचा में खुलेगी अपेक्स बैंक की नवीन शाखा

#### अपेक्स बैंक की 25 वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न

रायपुर (ईएमएस)। अपेक्स बैंक की दो नवीन शाखा तमनार और बगीचा में जल्द खुलेंगी। यह जानकारी आज छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक ( अपेक्स बैंक) की 25 वी वार्षिक आमसभा की बैठक में अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन शाखाओं को प्रारंभ करने के लिए रिजर्व बैंक की अनुमति मिल चुकी है।अपेक्स बैंक की वार्षिक आमसभा में अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बैंक की वित्तीय पत्रक प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अपेक्स बैंक की अंशपूजी 218.13 करोड़, निधियाँ (रिजर्व) 640.48 करोड़, ऋण एवं अमानत राशि 8440.88 करोड़, स्वयं की निधियाँ 429.27 करोड़ रूपये है।

# श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव ने झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 की तैयारियों को लेकर की बैठक



धनबाद, झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 की तैयारियों को लेकर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, रांची के सचिव, मुकेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार की संध्या सर्किट हाउस में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन आगामी 30 सितंबर 2024 को बलियापुर हवाई पट्टी में प्रस्तावित है।बैठक के दौरान सचिव ने मुख्यमंत्री के स्वागत, हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच पथ, स्टेज पर मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन, एंकरिंग, टेंट निर्माण, साउंड सिस्टम, बैरिकेडिंग, पार्किंग, डी एरिया, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, मोबाइल टोइलेट, साफ सफाई सहित अन्य तैयारियों में बारीकी से ध्यान देकर कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 में प्रतिनियुक्ति सभी पदाधिकारी गंभीरता से अपने कर्तव्य का पालन करें।कार्यक्रम स्थल पर लगभग 50 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही लाभुकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। वहीं विभिन्न कंपनियों के साथ एमओयू भी किया जाएगा।कार्यक्रम को लेकर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी 28 सितंबर से धनबाद में कैंप करेंगे।उक्त बैठक में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड, रांची के सचिव, मुकेश कुमार, उपायुक्त, माधवी मिश्रा, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के प्रबंधक, प्रबंधक प्रोग्राम एंड ऑपरेशन, विश्वरूप ठाकुर, प्रबंधक प्लेसमेंट एंड इंडस्ट्रियल लिंकेज, विनय कुमार, राजीव खरे प्रबंधक यूएनडीपी, धनबाद, जामताड़ा बोकारो व अन्य जिलों के जिला कौशल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, श्रम अधिक्षक, प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, आनंद कुमार, एनडीसी, दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, चंदन कुमार के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### पाटन के ग्राम खमोंद में की गई विद्यालय

जबलपुर,( ईएमएस)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा आज पाटन विकासखंड के ग्राम खमोंद में सृष्टि महिला उत्थान नवांकुर संस्था नुनसर के सहयोग से विद्यालय परिसर, पंचायत कार्यालय परिसर एवं आम रास्ते की साफ-सफाई की गई तथा ग्रामवासियों को सामुदायिक स्वच्छता के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वच्छता संवाद के कार्यक्रम में जनपद पंचायत समन्वयक यतीश जैन ने स्वच्छता को सर्वोपरि बताया और अधिक से अधिक जन सहभागिता का आव्हान किया। जन अभियान परिषद की विकास खंड समन्वयक श्रीमति नुपुर खरे ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खमोंद के सरपंच मेंटर रामराजा यादव, परामर्शदाता सत्यम रजक, विद्यालय के शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गुना जिले के सोनतिया के ग्रामीणों जल संरक्षण के लिये ली शपथ



भोपाल(ईएमएस)। गुना जिले के ग्राम सनोतिया ग्राम पंचायत भुलाय विकासखंड राघोगढ़ में 21 दिसंबर 2021 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना का हस्तान्तरण ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सौंपा गया।योजना अंतर्गत 02 नलकूप, 50 किलो लीटर क्षमता की टंकी एवं 2000 मी वितरण पाइप लाइन डालकर ग्राम के समस्त 205 परिवारों को नल से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा हैं।सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरी, जल निगम के एमडी के.वी.एस. चौधरी, प्रमुख अभियंता के.के. सोनगरिया जिला कलेक्टर तथा अन्य प्रशासन अधिकारी ने जिले की पेयजल व्यवस्था के निरीक्षण करने के लिये 17 जून 2024 को ग्राम सुनोतिया का भ्रमण किया।सचिव पी. नरहरि ने ग्राम वासियों से नल जल योजना से जलप्रदाय की स्थिति पूछने पर ग्राम वासियों द्वारा ग्रीष्म में योजना के दो नलकूपों में जल आवक क्षमता कम होने के कारण एक दिन छोड़ के जल प्रदाय प्राप्त होने की जानकारी दी। वस्तुस्थिति ज्ञात होने पर पता चला की नल जल योजना के मुख्य नल कूप जो की ग्राम के तालाब के पास स्थित है, वह तालाब सुखा रहने के कारण पर बताया गया कि तालाब के कैचमेंट एरिया एवं तालाब तक पानी लाने वाले नाले पर अतिक्रमण एवं कचरे का जमाव होने से बारिश का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पाता। सचिव के निर्देश पर पानी बहाव के मार्ग में आने वाले अवरोध एवं अतिक्रमण को हटवा कर नाले को ग्राम पंचायत के माध्यम से सुधार करवाया गया।इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, पानी की समिति द्वारा सनोतिया तालाब पर उपस्थित होकर जल संरक्षण की शपथ ली गई ग्राम में स्वच्छता एवं जल संरक्षण की निरंतरता रखने की गतिविधियां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराई जा रही है। ग्रामवासियों ने पेयजल की निरंतर उपलब्धता होने पर खुशी जाहिर की एवं सनोतिया तालाब पर उपस्थित होकर जल संरक्षण की शपथ ली गई।अब वर्तमान में तालाब अपनी संपूर्ण क्षमता के अनुसार भर चुका है एवं नलकूप भी पर्याप्त मात्रा में जल प्रदाय कर रहे हैं। ग्राम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए शासन के 24x7 नल से जल प्रदाय अभियान अंतर्गत जिले के पायलट ग्राम के रूप में ग्राम सनोतिया का चयन किया गया।

# सहकारी समितियों की पहुँच पूरे प्रदेश में हो : मंत्री सारंग

#### मंत्री सारंग की अध्यक्षता में बीज संघ का वार्षिक साधारण सम्मिलन

भोपाल(ईएमएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारी समितियों की पहुँच पूरे प्रदेश में हो, इसकी व्यापकता की जरूरत है। साथ ही यह भी सुनिश्चित हो कि समितियों के माध्यम से किसानों को जागरूक भी किया जायें कि वह किस तरह की फसल उगाये। संवाद के माध्यम से ही किसानों के हित में काम किया जा सकता है, इसके लिये समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मंत्री सारंग बुधवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ मर्यादित के 19वें वार्षिक साधारण सम्मिलन को संबोधित कर रहे थे।मंत्री सारंग ने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। बिना किसी ब्याज के ऋण उपलब्ध करवाना, खाद और बीज की आपूर्ति, हर खेत में पानी पहुँचाने तथा खेत में फसल के उचित दाम मिल सके, इसके लिये सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि किसान की खेती को उत्कृष्ट करने के लिये उत्कृष्ट बीज की आवश्यकता है और इसलिये यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि समितियों के माध्यम से उचित और उत्कृष्ट बीज मिल सके। इसके लिये बीज संघ काम कर रहा है।मंत्री सारंग ने कहा कि बिना सहकार नहीं उद्धार और बिना संस्कार नहीं सहकार। इसके लिये पूरे संस्कार के साथ अपनी जो भी जिम्मेदारी है उसको निर्ववहन करें। उन्होंने कहा कि सरकार भी उत्कृष्ट एवं उन्नत तकनीक के माध्यम से और अग्रसर करने का प्रयास कर रही है। इसके लिये बहुत जल्द ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर रहे है। इसमें नई तकनीक को जोड़कर उत्कृष्टता की और लेकर जायेंगे। कृषि में अनुसंधान और तकनीक का बहुत महत्व है। आज कृषि में उन्नतता के लिये तकनीकों का उपयोग हो रहा है, इसको सोसायटी तक पहुँचाना बीज संघ की जिम्मेदारी है। इसके लिये भी प्रशिक्षण कार्यक्रम बना रहे है। इसके माध्यम से सही गुणवत्ता के बीज का उत्पादन हो सके, इसकी जानकारी मिलेगी। बीज संघ और सोसायटी के माध्यम से किसानों की खेती और उत्कृष्ट हो सके इस पर भी काम कर रहे है और संवाद के माध्यम से हर कठिनाईयों को दूर किया जायेगा।मंत्री सारंग ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि किसानों की उत्कृष्ट बीज और बीज के माध्यम से उत्कृष्ट फसल मिल सके। उन्होंने प्रदेश के संस्थागत बीज उत्पादन में बीज संघ के 77 प्रतिशत योगदान के लिये सभी सदस्य बीज उत्पादक सहकारी संस्थाओं को बधाई दी। मंत्री सारंग ने कहा कि कोई सुझाव हो तो लिखित में दें। साथ ही समस्यों का भी निराकरण करने की कोशिश की जायेगी। प्रादेशिक संघ ने कहा कि निष्क्रिय संस्था को भी सक्रिय किया जायेगा।

### घर-घर दस्तक दे रहा निगम का राजस्व अमला

जबलपुर,( ईएमएस)। नगर निगम द्वारा वार्डवार राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सम्पत्तिकर, जलकर एवं डोर टू डोर कचरा प्रबंधन शुल्क की वसूली भी की जा रही है। अभियान के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि किन के द्वारा अभी तक सम्पत्तिकर, जल शुल्क एवं डोर टू डोर कचरा प्रबंधन शुल्क नहीं जा रहा है उनके विरूद्ध नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई प्रति दिन की जा रही है। इसी कड़ी में आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार जल विभाग के द्वारा कार्रवाई करते हुए 65 नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई और 43 अवैध नल कनेक्शन को शुल्क जमा कराकर वैध करने की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी 16 संभागों में एक साथ अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

### ट्रक से टकराई कार, 7 मौतें

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात के साबरकांठा में हिम्मतनगर हाईवे पर एक इनोवा कार की बुधवार सुबह ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 1 गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि कार में सवार सभी 8 लोग अहमदाबाद के रहने वाले थे। वे शामलाजी से अहमदाबाद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान इस कार की ट्रक के पिछले हिस्से से टक्कर हुई। हादसा इतना गंभीर था कि कार का बंपर उड़ गया था और शव कार में फंस गए थे। शवों को निकालने के लिए कार की बॉडी को गैस कटर से काटना पड़ा।

### इतिहासकार रमेन्द्रनाथ ने प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को भेंट की दुर्लभ किताबें

रायपुर (ईएमएस)। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को आज आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में इतिहासकार रमेन्द्रनाथ मिश्र ने छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित दुर्लभ किताबें भेंट की। इतिहासकार मिश्र ने बताया कि ये किताबें छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों, शोधार्थियों के लिए काफी उपयोगी होंगी। इन किताबों का संदर्भ के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। प्रमुख सचिव बोरा ने इसके लिए मिश्र का आभार जताया।इतिहासकार रमेन्द्र नाथ मिश्र द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनकाल पर मध्यप्रदेश ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित किताबें, गोड़ जनजाति का सामाजिक इतिहास, मध्यकालीन छत्तीसगढ़ के अंग्रेजी हुकुमत काल के प्रतिवेदन, पंडित सुन्दर लाल शर्मा द्वारा जेल यात्रा के दौरान हस्तलिखित कृष्ण जन्म स्थान समाचार पत्र की द्विमासिक सचित्र कापी, साहित्यकार हीरा लाल कापोध्याय द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी बोली पर पहला व्यायकरण की किताबें और 1854-1857 तक अंग्रेजी हुकूमत काल के समय नागपुर प्रांत से अंग्रेजों द्वारा लिखे गए चिट्ठी पर आधारित किताबों सहित अन्य किताबें भेंट की गई है।

### दवा छिड़काव अभियान जारी

जबलपुर,( ईएमएस)। संक्रामक बीमारियों का फैलाव न हो इसके लिए वार्डवार सुबह के समय पॉवर स्प्रे मशीनों एवं हैण्ड स्प्रे मशीनों के माध्यम से कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव लगातार कराया जा रहा है। वहीं शाम के समय व्यापक रूप से फागिंग का कार्य भी कराया जा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि मुख्यालय द्वारा सुबह पाली 19 टीमों और सायंकालीन 04 टीम कुल 23 टीमों द्वारा एवं 03 व्हीकल माउंटेन फॉगिंग मशीन एवं 20 पोर्टेबल फागिंग मशीन के माध्यम से फॉगिंग कार्य कराया जा रहा है सुबह पाली मे कृष्ण विहार, शांति नगर, सुब्बा शाह मैदान, बड़ी मदर टेकरी, छोटी मदर टेकरी आदि जगह कीटनाशक दवा छिड़काव एवं रुके हुए पानी में जला हुआ तेल डाला जा रहा है।

### रोहिंग्या मुसलमानों से अब बांग्लादेश परेशान, वापस म्यांमार भेजने का कहा

संयुक्त राष्ट्र (ईएमएस)। रोहिंग्या मुसलमानों से अब बांग्लादेश परेशान होता नजर आ रहा है। बांग्लादेश में रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या 12 लाख से ज्यादा है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर हुई बैठक में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रोहिंग्याओं को वापस भेजने की पेशकश तक कर दी। उनका दावा है कि बांग्लादेश का खुद का विकास दांव पर लग गया है।न्यूयॉर्क में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान यूनुस ने रोहिंग्याओं की वजह से सामने आ रहीं चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा, सहानुभूति के साथ रोहिंग्याओं की मेजबानी के बावजूद घनी आबादी वाला बांग्लादेश सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण के लिहाज से बहुत खर्च कर रहा है...। उन्होंने कहा, साफ है कि बांग्लादेश अपनी हद पर पहुंच गया है। ऐसे में बांग्लादेश जितना मानवीय पहलुओं या न्याय सुनिश्चित करने में शामिल हैं, रोहिंग्याओं को वापस भेजना ही इस संकट का एक समाधान है।उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा समेत कई जगहों के प्रस्तावों में म्यांमार में ऐसा माहौल तैयार करने की बात कही गई है, जिसमें रोहिंग्या मुसलमान सम्मान और सुरक्षा के साथ लौट सकें। उन्होंने कहा, दुखद है कि बीते 7 सालों में म्यांमार के संकट की जड़ पर कोई बात नहीं है। एक भी रोहिंग्या अपने वतन वापस नहीं जा पाया है।

### सोयाबीन उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन हुआ प्रारंभ

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में प्राइस सपोर्ट स्कीम में सोयाबीन उपार्जन की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है। बुधवार से सोयाबीन उपार्जन के लिये किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ हो गया है। किसान सोयाबीन विक्रय के लिये आगामी 20 अक्टूबर, 2024 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में केन्द्र सरकार के प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत सोयाबीन का पंजीकृत कृषकों से उपार्जन, राज्य उपार्जन एजेंसी म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया।पंजीकृत किसानों से सोयाबीन की खरीदी (उपार्जन) 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक की जायेगी। सोयाबीन उपार्जन के लिये 1400 केंद्र बनाये जायेंगे, जिनमें यथा संशोधन भी किया जा सकेगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गिरिडीह।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06/2024-25

01. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता , पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गिरिडीह।
02. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 30/09/2024 को कार्यालय अवधि में।
03. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 01/10/2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01/10/2024 को 03.30 बजे अपराह्न में।
05. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (I) मुख्य अभियंता(या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची। (II) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। (III) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गिरिडीह।
06. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में वर्णित सभी स्थानों पर।
07. कार्यो की विवरणी :–

| क्रम सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पथ प्रमण्डल, गिरिडीह अन्तर्गत गुण नियंत्रण ईकाई के भवन का जीर्णोद्धार कार्य वर्ष 2024–25 | 40,00,000.00 | 80,000.00 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |

नोट :– प्राक्कलीत राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य शर्ते :– निविदा की शर्त्तें प्रमण्डल कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गिरिडीह

PR 336976 Road(24-25)D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 05/2024–25
तिथि–23.09.2024

| | |
|---|---|
| 1. विभाग का नाम :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची। |
| 2. विज्ञापनदाता का नाम :– | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 3. परिमाण विपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.10.2024 को 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– | 05.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– | 05.10.2024 को 4.00 बजे अपराह्न तक |
| 6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– | (क) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| | (ख) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, दुमका। |
| 7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 8. निविदा खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्याल य, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 9. कार्य का विस्तृत विवरणी :– | |

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 21 Nos. of DT with Hand Pump set, soakpit and its allied work at different Health Centres in Dhanbad District under D.W. & S. Mechanical division, Dhanbad | 22,77,127.00 | 46,000.00 | 5000.00 (अप्रत्यर्पणीय) | 02 माह |

नोट :– निविदा की शर्त एवं परिमाण विपत्र प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है। निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक प्रमंडल, धनबाद के पदनाम से धनबाद में भुगतेय होगा।
जल बहुमूल्य है इसे बर्बाद न करें।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद।

PR 336996 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



## जिला परिषद, धनबाद

पत्रांक– 1047/जि0प0, धनबाद, दिनांक– 23.09.2024
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–3/2024-25/ZPDH/DHANBAD/ 2nd call (Rectified)

| क्र | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | B.O.Q. मूल्य | अग्रधन राशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाघमारा | लोहपिट्टी पंचायत अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय संथालडीह का चहारदीवारी निर्माण कार्य। | 14,87,900 | 2,500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 2 | गोविन्दपुर | गोविन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत छोटा पिछड़ी नूतन बॉध में घाट निर्माण | 4,24,977 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 3 | कलियासोल | पिण्ड्राहाट पंचायत अन्तर्गत पिण्ड्राहाट मोड़ में 2 यूनिट शौचालय का निर्माण। | 2,18,500 | 500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 4 | एग्यारकुण्ड | शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत अन्तर्गत संजय नगर विश्वनाथ तांती के घर के पीछे से लेकर मधिवा मल्लाह के घर तक 400 फीट नाली निर्माण | 5,42,800 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 5 | बाघमारा | हाथुडीह में घाट निर्माण | 2,11,200 | 500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 6 | गोविन्दपुर | गोविन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत स्मार्ट सिटी कॉलोनी में घाट निर्माण | 1,98,700 | 500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 7 | एग्यारकुण्ड | वृन्दावनपुर पंचायत अन्तर्गत इन्दिरा नगर कॉलोनी बाईपास रोड से जी0टी0 रोड तक ढक्कन सहित नाली निर्माण | 4,89,000 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 8 | एग्यारकुण्ड | गोपीनाथपुर पंचायत अन्तर्गत शिशिर बाउरी के घर से शिबु बाउरी के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण | 2,42,400 | 500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 9 | गोविन्दपुर | बड़ानवाटॉड़ पंचायत अन्तर्गत नवॉटाड़ लिपीडीह इमामुद्दीन के घर से लेकर जैनुल के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | 2,86,900 | 750 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 10 | बलियापुर | घड़बड़ पंचायत के अनतर्गत बाथान से टिंकु महतो के घर की ओर पीसीसी पथ निर्माण | 1,79,950 | 500 | B.O.Q. का 2% | 03 माह |
| 11 | तोपचाँची | घुनघुसा पंचायत अन्तर्गत शमशान में घाट एवं पारापेट निर्माण | 5,81,200 | 1,250 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |
| 12 | तोपचाँची | मदैयडीह पंचायत अन्तर्गत साहेब बाँध में घाट निर्माण | 1,99,300 | 500 | B.O.Q. का 2% | 3 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 25-09-2024
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 05-10-2024 को 5 P.M. बजे तक
3. निविदा खोलने कि तिथि एवं समय : दिनांक 07-10-2024 को 3:00 P.M. बजे।
4. केवल ई–निविदा (E-Tender) ही स्वीकार की जायेगी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी : जिला अभियंता, जिला परिशद, धनबाद
6. ई–निविदा प्रकोश्ट का दूरभाश संख्या– 8789242462
7. जिला परिशद, धनबाद के अन्तर्गत समुचित श्रेणी से निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।
8. परिमाण विपत्र विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। यदि खाता बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. योजनाओं की विवरणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता जिला परिषद, धनबाद।

PR 336925 Rural Development(24-25)D

## केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा, यूपी में जल्द लगेगा सेमीकंडक्टर प्लांट

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित की जाएगी। राज्य ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। यह जानकारी उन्होंने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के शिखर सम्मेलन में दी। केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के शीर्ष राज्यों में से एक होगा, जो सेमीकंडक्टर उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इसे भारत का ग्रोथ इंजन माना जाएगा। मंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर संयंत्र पर जल्द काम शुरू किया जाएगा और यह राज्य उन गिन-चुने स्थानों में शामिल होगा, जहां सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां स्थापित होंगी। भारत और अमेरिका ने हाल ही में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है, जिससे भारत में इस उद्योग का विकास होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ चिप निर्माण के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो टेक्नोलॉजी के विकास और उसके उपयोग पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर भारत को डिजिटल इंडिया बनाने के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए काफी अहम है। सरकार की योजना है कि टेक्नोलॉजी का फायदा दूर-दराज के गांवों तक पहुंचे, जिससे डिजिटल डिवाइड कम हो सके। सेमीकंडक्टर विकास के लिए सहयोग और साझेदारी महत्वपूर्ण है और भारत-अमेरिका संबंध का दूरगामी प्रभाव दिखाई देगा।

## एयरटेल फर्जी कॉल पर रोक लगाने एआई-सक्षम प्रौद्योगिकी लागू करेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने फर्जी कॉल व संदेशों पर रोक लगाने के लिए अपने नेटवर्क पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रौद्योगिकी लागू करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस प्रौद्योगिकी की शुरुआत 26 सितंबर की मध्यरात्रि से की जाएगी, जो उपयोगकर्ताओं को संभावित फर्जी (स्पैम) कॉल व संदेशों के बारे में सचेत करेगी। अधिकारी ने कहा कि ऐसे कई संकेतक हैं जिनके आधार पर हमने ये फर्जी गिरोह चलाने वालों की पहचान की है। हमने एआई से लैस 'स्पैम डिटेक्शन' समाधान विकसित किया है। यह दो मिलीसेकंड में कॉल का विश्लेषण करता है और डायलर पर उपयोगकर्ताओं को सचेत करता है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा एयरटेल के सभी स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क होगी। विट्टल ने बताया कि यह प्रौद्योगिकी स्वयं 'कॉल' को ब्लॉक नहीं करेगी, बल्कि उसे ब्लॉक करने का निर्णय उपयोगकर्ता को लेना होगा, क्योंकि कभी-कभी वास्तविक कॉल भी फर्जी कॉल के तौर पर प्रदर्शित हो जाती हैं।

## हुंदै मोटर को आईपीओ लाने के लिए सेबी से मिली मंजूरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता हुंदै की भारतीय शाखा हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बुधवार को बताया कि कंपनी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ लानी की मंजुरी मिल गई है। आईपीओ दस्तावेज जून में दाखिल किए गए थे। इसके अनुसार आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक हुंदै मोटर कंपनी द्वारा 142,194,700 शेयर बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। दक्षिण कोरिया मूल की कंपनी बिक्री पेशकश के जरिये अपनी कुछ हिस्सेदारी बेच रही है। हुंदै मोटर इंडिया ने भारत में 1996 में परिचालन शुरू किया और वर्तमान में विभिन्न खंडों में 13 मॉडल की बिक्री करती है। जापान की वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी के 2003 में सूचीबद्ध होने के बाद दो दशकों में पहली बार कोई वाहन विनिर्माता कंपनी आईपीओ ला रही है।

# एयरटेल ने स्पैम पर कसी नकेल, स्पैम का पता लगाने के लिए लॉन्च किया भारत का पहला एआई-संचालित नेटवर्क समाधान

### एआई संचालित समाधान वास्तविक समय के आधार पर दस खरब रिकॉर्ड को संसाधित करता है, हर दिन 10 करोड स्पैम कॉल और 30 लाख एसएमएस की करता है पहचान




नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में स्पैम की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए एक अग्रणी कदम उठाते हुए, भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने भारत का पहला नेटवर्क-आधारित, एआई-संचालित स्पैम डिटेक्शन समाधान लॉन्च किया, जो इसके ग्राहकों के लिए स्पैम कॉल और संदेशों की समस्या का काफी हद तक समाधान कर देगा।
देश में किसी दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा अपनी तरह का यह पहला समाधान, ग्राहकों को सभी संदिग्ध स्पैम कॉल और एसएमएस के बारे में वास्तविक समय में सचेत कर देगा। यह समाधान निःशुल्क है और सभी एयरटेल ग्राहकों के लिए बिना किसी अनुरोध या ऐप डाउनलोड किए स्वयं सक्रिय हो जाएगा।
गोपाल विट्टल, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारती एयरटेल ने कहा, "स्पैम ग्राहकों के लिए एक खतरा बन गया है। हमने इस समस्या को हल करने के लिए पिछले बारह महीनों में काफी काम किया हैं। आज उठाया जा रहा है यह कदम एक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि हम देश का पहला एआई-संचालित स्पैम मुक्त नेटवर्क लॉन्च कर रहे हैं जो हमारे ग्राहकों को घुसपैठ और अवांछित संचार के निरंतर हमले से बचाएगा।" उन्होंने आगे कहा, दोहरी परत वाली सुरक्षा के रूप में डिज़ाइन किए गए इस समाधान में दो स्तरीय फ़िल्टर हैं - पहला नेटवर्क स्तर पर और दूसरा आईटी सिस्टम स्तर पर। हर कॉल और एसएमएस इस दोहरी परत वाली एआई शील्ड से होकर गुज़रता है। दो मिलीसेकंड में हमारा समाधान हर दिन 150 करोड मैसेज और 250 करोड कॉल प्रोसेस करता है। यह एआई की शक्ति का उपयोग करके वास्तविक समय के आधार पर 10 खरब रिकॉर्ड को प्रोसेस करने के बराबर है। हमारा समाधान हर दिन आने वाले 10 करोड संभावित स्पैम कॉल और 30 लाख स्पैम एसएमएस की सफलतापूर्वक पहचान करने में सक्षम है। हमारे लिए, अपने ग्राहकों को सुरक्षित रखना एक सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरटेल के डेटा वैज्ञानिकों द्वारा इन-हाउस विकसित, एआई-संचालित समाधान कॉल और एसएमएस को संदिग्ध स्पैम के रूप में पहचानने और वर्गीकृत करने के लिए एक मालिकाना एल्गोरिदम का उपयोग करता है। अत्याधुनिक एआई एल्गोरिदम द्वारा संचालित नेटवर्क वास्तविक समय के आधार पर कॉल करने वाले या भेजने वाले के उपयोग पैटर्न, कॉल/एसएमएस आवृत्ति, कॉल अवधि जैसे कई अन्य मापदंडों का विश्लेषण करता है। ज्ञात स्पैम पैटर्न के विरुद्ध इस जानकारी को क्रॉस-रेफ़रेंस करके, सिस्टम संदिग्ध स्पैम कॉल और एसएमएस को सटीक रूप से चिह्नित करता है। इसके अतिरिक्त, यह समाधान ग्राहकों को एसएमएस के माध्यम से प्राप्त दुर्भावनापूर्ण लिंक के बारे में भी सचेत करता है। इसके लिए, एयरटेल ने ब्लैकलिस्ट किए गए यूआरएल का एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाया है और हर एसएमएस को वास्तविक समय में अत्याधुनिक एआई एल्गोरिदम द्वारा स्कैन किया जाता है ताकि उपयोगकर्ताओं को संदिग्ध लिंक पर गलती से क्लिक करने से सावधान किया जा सके। यह समाधान बार-बार आईएमईआई परिवर्तन जैसी विसंगतियों का भी पता लगा सकता है - जो धोखाधड़ी के व्यवहार का एक विशिष्ट संकेतक है। इन सुरक्षात्मक उपायों को लागू करके, कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि उसके ग्राहकों को स्पैम और धोखाधड़ी के खतरों के उभरते परिदृश्य के खिलाफ अधिकतम स्तर की सुरक्षा मिल सके।

## एडीबी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान सात फीसदी पर बरकरार रखा

नई दिल्ली (ईएमएस)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा। एडीबी ने कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी व्यय से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात पहले के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी। एडीबी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। दोनों ही एडीओ अप्रैल 2024 के पूर्वानुमान के बराबर हैं। साथ ही भारत की वृद्धि संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

# भारतीय शेयर बाजार में एआई बॉट्स से ट्रेडिंग कर विदेशी निवेशकों ने कमाए 59000 करोड़

### घरेलू निवेशकों को 61000 करोड़ का नुकसान



मुंबई (ईएमएस)। भारत के घरेलू शेयर बाजार में एआई बॉट्स का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में सेबी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में वायदा बाजार (फ्यूचर एंड ऑप्शंस) में एल्गोरिदम ट्रेडिंग की मदद से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और प्रोप्राइटरी ट्रेडर्स ने 59,000 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके विपरीत, घरेलू निवेशक, जो नई तकनीकी से अनजान हैं। उन्हें 61,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।
सेबी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रोप्राइटरी ट्रेडर्स ने 32,000 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। एफआईआई ने 26,840 करोड़ रुपये की कमाई भारतीय शेयर बाजार से की है।
एल्गोरिदम ट्रेडिंग एक कंप्यूटर प्रोग्रामिंग प्रक्रिया है। जिसमें मशीन लर्निंग और फाइनेंशियल मार्केट के डेटा का उपयोग कर जानकारी उपलब्ध कराती है।इसमें इंसानी भावनाओं और ज्ञान का कोई महत्व नहीं होता है। नवीन तकनीकी में ट्रेडिंग उपलब्ध डाटा के आधार पर ऑटोमैटिक होती है।
इसके विपरीत, आम निवेशक अभी भी अपनी समझ के अनुसार ट्रेडिंग करते हैं। उन्हें पिछले डेटा से संबंधित कोई जानकारी नहीं होती है। गलतियों की संभावना अधिक होती है। रिपोर्ट में एफआईआई के 97% और प्रॉप ट्रेडर्स के 96% मुनाफे का कारण एल्गोरिदम ट्रेडिंग के कारण हुआ है।
विशेषज्ञों के अनुसार बड़े संस्थान आमतौर पर 1-2% रिटर्न के लिए वायदा ट्रेडिंग करते हैं। उनके ऑर्डर करोड़ों के होते हैं। जिससे 1% रिटर्न भी लाखों रुपए के मुनाफे में बदल जाता है। वह लालच में नहीं पड़ते हैं। इसके चलते वह सही समय पर मुनाफा कमा कर बाहर निकल जाते है। वह जोखिम नही उठाते हैं।
वायदा कारोबार में पिछले पांच वर्षों में 40 गुना की वृद्धि हुई है। फरवरी में एफएंडओ का टर्नओवर 502 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। जो देश की पूरी अर्थव्यवस्था से अधिक है। बाजार नियामक सेबी ने छोटे निवेशकों को कई बार चेताया है। वह बड़ी संस्थाओं के ऊंचे रिटर्न को देखकर वायदा ट्रेडिंग में जोखिम से बचे।
कुल मिलाकर, एआई बॉट्स से ट्रेडिंग के क्षेत्र में एक नया बदलाव आया है। इसमें विदेशी निवेशक बाजी मार रहे हैं। वहीं भारतीय निवेशकों को नवीन तकनीकी का उपयोग करने की जानकारी नहीं होने से उन्हें घाटे का सामना करना पड़ रहा है।

## हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष दल गठित

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने एमसीए21 मंच से संबंधित हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक विशेष दल का गठन किया है। एमसीए21 मंच कंपनियों और सीमित देयता भागीदारी कानूनों के तहत विभिन्न फाइलिंग प्रस्तुत करने का एक प्रमुख मंच है। मंच का उपयोग करने में हितधारकों को कुछ समस्याएं आती हैं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने मंच के संबंध में कहा कि उसके पास ईमेल, हेल्पडेस्क प्रणाली, टिकटिंग टूल, चैटबॉट और सोशल मीडिया मंच के जरिये हितधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं के लिए नियमित समीक्षा प्रणाली है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा गया कि तात्कालिक प्रकृति के मुद्दों के समाधान के लिए एक और कदम उठाते हुए विशेष दल का गठन किया गया है, जो शिकायतों के कुशल निपटान पर गौर करेगी। यदि आवश्यक हुआ तो प्रणालीगत समाधान सुझाएगी तथा हितधारकों को एमसीए21 मंच पर उनके अनुपालन के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करेगी। कानून के तहत, कंपनियों और एलएलपी को आने वाले महीनों में मंत्रालय को 2023-24 की वार्षिक फाइलिंग प्रस्तुत करनी होगी।

## शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को ऐतिहासिक तेजी पर बंद हुआ। दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी होने से बाजार में ये तेजी आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 255.83 अंक करीब 0.30 फीसदी की बढ़त लेकर 85,169.87 के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। आज सुबह मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 63.75 अंक तकरीबन 0.25 फीसदी ऊपर आकर 25,939.05 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 48.7 अंक नीचे आया था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 20 शेयर लाभ पर बंद हुए। पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनैंस सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, टाटा स्टील, एचडीएफसीस बैंक, एमएंडएम, आईटीसीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इंफोसिस, एलएंडटी, टीसीएसइ और मारुति, के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए/ दूसरी ओर सेंसेक्स के 10 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। इसमें टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन, कोटक बैंक और एसबीआई जैसे शेयर रहे। जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स और एचयूएल के शेयर भी गिरे हैं। इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 148.49 अंक नीचे आकर 84,765 पर खिसक गया। वहीं निफ्टी 50 43 अंक फिसलकर 25,897 पर कारोबार करता नजर आया। वहीं गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशिया-प्रशांत बाजार बुधवार सुबह ज्यादातर स्थिर रहे परहांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स के फ्यूचर्स में 4 फीसदी बढ़त की संभावना है। ट्रेडिंग शुरू होने पर एचएसआई फ्यूचर्स 19,763 पर दिखा, जबकि पिछला बंद 19,000 पर हुआ था। जापान में निक्केई 225 में हल्की गिरावट आई। वहीं टॉपिक्स 0.3 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.4 फीसदी ऊपर रहा। साथ ही, स्मॉल-कैप कोस्डैक 0.43 फीसदी बढ़ा। वॉल स्ट्रीट पर मंगलवार को एसएंडपी 500 ने नया रिकॉर्ड बनाया। यह 0.25 फीसदी बढ़कर 5,732.93 पर पहुंच गया। ब्लू-चिप डाओ जोंस भी 0.2 फीसदी बढ़कर 42,208.22 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## जीएसटी अधिकारियों ने करीब 10,700 फर्जी कंपनियों का पता लगाया

### फर्जी कंपनियों ने 10,179 करोड़ रुपये कर चोरी की




नई दिल्ली (ईएमएस)। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ जीएसटी अधिकारियों की ओर से देशभर में चलाए जा रहे अभियान में करीब 10,700 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जिन्होंने 10,179 करोड़ रुपये की कर चोरी की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को कहा, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ 16 अगस्त से शुरू हुआ दूसरा अखिल भारतीय अभियान 15 अक्तूबर तक चलेगा। इस अभियान में कर अधिकारियों ने 67,970 जीएसटीआईएन (माल एवं सेवा कर पहचान संख्या) की पहचान की है। इनमें से 59 फीसदी या 39,965 जीएसटीआईएन का सत्यापन 22 सितंबर तक हो चुका है।सीबीआईसी सदस्य ने कहा, इनमें 27 फीसदी ऐसी कंपनियां पाई गई हैं, जो अस्तित्व में ही नहीं हैं। फीसदी के लिहाज से यह संख्या पिछले अभियान की तुलना में करीब समान है। उन्होंने बताया, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पहला अभियान 16 मई से 15 जुलाई, 2023 के बीच चलाया गया था। इसमें जीएसटी पंजीकरण वाली कुल 21,791 ऐसी कंपनियां पाई गई थीं, जो अस्तित्व में नहीं थीं। इस अभियान में 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी पकड़ी गई थी।एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा, दूसरे अभियान में 2,994 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को रोका गया है। साथ ही, 28 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई है। उन्होंने कहा, जीएसटी व्यवस्था में बेमेल आंकड़ों की समस्या है। इस कारण 2023-24 में कर अधिकारियों ने 1,12,852 कारण बताओ नोटिस जारी किए थे।

# पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड बोर्ड 30 सितंबर को स्टॉक स्प्लिट पर करेगा विचार




नई दिल्ली (ईएमएस)। पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड भारत की अग्रणी और सबसे तेजी से बढ़ती ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक, ने घोषणा की है कि कंपनी का बोर्ड 30 सितंबर को एक बैठक करेगा, जिसमें मौजूदा 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / विभाजन पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा लिया जाएगा, और इसके आधार पर कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक परिवर्तन किए जाएंगे। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की थी कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बकाया देनदारियों को निपटाने के लिए ओटीएस का विकल्प चुना था। अनुमोदित ओटीएस की शर्तों में नकद और इक्विटी घटक, बंधक संपत्तियों और प्रतिभूतियों की रिलीज़ शामिल है। इसके अलावा, कंपनी ने यह भी सूचित किया कि 6 सितंबर, 2024 को उसे आयकर विभाग से 67.54 करोड़ रुपये की धनवापसी प्राप्त हुई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में एक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है, जहां उसने ग्राहकों का विश्वास और सद्भावना फिर से हासिल की है। इससे उसकी टॉपलाइन और मुनाफे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (लीड बैंक) ने भी दिल्ली के माननीय एनसीएलटी के समक्ष दायर कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को वापस लेने के लिए आवेदन किया था। यह याचिका माननीय एनसीएलटी, दिल्ली द्वारा 30 अप्रैल, 2024 को खारिज कर दी गई थी। कंपनी को विश्वास है कि उसकी कानूनी परेशानियां जल्द ही समाप्त हो जाएंगी और अब वह विकास और मुनाफे के मार्ग पर अग्रसर है। पूर्व में, कंपनी ने 2705 करोड़ रुपये तक की निधि जुटाने की घोषणा की थी, जिसमें 56.20 रुपये प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर पूरी तरह से परिवर्तनीय वारंट का वरीय निर्गम शामिल था, जो आईसीडीआर विनियमों के अनुसार है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ ही 83.61 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में डॉलर के कमजोर रुख के बीच शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे मजबूत होकर 83.53 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.59 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.63 पर बंद हुआ था। इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी गिरावट के साथ 100.25 पर रहा।

## दुग्ध उत्पादों की कीमतों में गिरावट

### 41 माह के बाद घी की कीमत मे गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। इन्वेस्ट इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। वैश्विक स्तर पर भारत की दुग्ध उत्पादन में हिस्सेदारी 25 फ़ीसदी की है। पिछले 9 वर्षों में भारत में दूध का उत्पादन 58 फ़ीसदी बढा है।
अगस्त माह में शुद्ध घी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। 41 महीने में पहली बार घी के दामों में गिरावट आई है। अन्य दुग्ध उत्पादों का भी लागत मूल्य घट रहा है। पिछले वर्ष पशु चारे के दामों में कमी आई है। दुग्ध उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। मांग और आपूर्ति में ज्यादा अंतर नहीं होने के कारण अब दामों में न केवल स्थिरता देखने को मिल रही है। वरन दाम कम होने की संभावना भी जताई जा रही है।

# एलएंडटी को 15,000 करोड़ तक के ऑर्डर मिले

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंजीनियरिंग क्षेत्र के समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलऐंडटी) ने कहा कि उसे पश्चिम एशिया में बिजली पारेषण और वितरण कारोबार के लिए 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये तक के नए ऑर्डर हासिल हुए हैं। एक विज्ञप्ति में कंपनी ने कहा कि उसके पावर ट्रांसमिशन ऐंड डिस्ट्रीब्यूशन (पीटीऐंडडी) कारोबार को पश्चिम एशिया में उच्च वोल्टेज स्तर पर बिजली ग्रिडों के विस्तार और मजबूत बनाने के लिए ये ऑर्डर मिले हैं।




ये ऑर्डर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में हासिल किए गए हैं, जो इन इंटरकनेक्शन से जुड़े 500 केवी एचवीडीसी ट्रांसमिशन लिंक, सऊदी अरब में दो 380 केवी ओवर-हेड ट्रांसमिशन लाइन और एक बल्क सप्लाई 380 केवी गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन तथा यूएई में दो प्रमुख 400 केवी गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन से जुड़े हैं। जून तक एलऐंडटी के पास 4.90 लाख करोड़ रुपये की बकाया ऑर्डरबुक थी। इसमें से 35 प्रतिशत ऑर्डर पश्चिम एशिया से थे। एलऐंडटी के अधिकारियों ने पहले बताया था कि पश्चिम एशिया में उसकी गतिविधियों के महत्वपूर्ण भाग में सऊदी अरब के ऑर्डर शामिल हैं। महीने की शुरुआत में एलऐंडटी ने कहा था कि उसने अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स श्रेणी के भीतर अपने पावर ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन (टीऐंडडी) कारोबार से रिन्यूएबल ईपीसी के लिए एक अलग कारोबारी क्षेत्र बनाया है। एलऐंडटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पारेषण प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण सुरक्षित, मजूबत ग्रिड स्थापित करने में सबसे महत्वपूर्ण कदम होता है, जो उभरते ऊर्जा बाजार में परिवर्तनीय अक्षय उत्पादन को संभालने में सक्षम होता है।

## जीडीपी आंकड़े जारी करने में होने वाली देरी कम की जानी चाहिएः अर्थशास्त्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। अर्थशास्त्रियों ने सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों को जारी करने में लगने वाले समय को कम करने का सुझाव दिया है, क्योंकि यह निवेश, कारोबार तथा नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण कारक है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधिकारियों ने मुंबई में जीडीपी तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के पूर्वानुमानकर्ताओं और अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। इसमें प्रमुख समष्टि आर्थिक आंकड़ों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए उनके सुझाव मांगे। ईएसी-पीएम के सदस्य और कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के एक अधिकारी ने सुझाव दिया कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करने तथा आंकड़ों को जारी करने में लगने वाले समय में कमी लाने के लिए सुधार के रास्ते तलाशने चाहिए। इसी तरह की ही राय व्यक्त करते हुए आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने बेहतर स्पष्टता, निवेश, कारोबार और नीतिगत निर्णयों के लिए समय पर और सुसंगत आंकड़े उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। उन्होंने बेहतर आंकड़ा प्रबंधन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा कि जीडीपी आंकड़े जारी करने में होने वाले विलंब को कम किया जा सकता है। इन सूचकांकों के जारी होने के समय में बदलाव किया जा सकता है, ताकि उपयोगकर्ताओं को उसी दिन विश्लेषण के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इस खुली चर्चा में पूर्वानुमानकर्ताओं और अर्थशास्त्रियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



## संक्षिप्त ख़बरें

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में गिड़गिड़ाया ईरान, इजराइल को रोकना जरूरी

जेनेवा (ईएमएस)। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईरान, लेबनान में इजराइल के हमलों का अभी जवाब नहीं देगा। इससे इलाके में तनाव बढ़ सकता है। पजशकियान ने कहा कि इजराइल को रोकना जरूरी है, वरना पूरा मिडिल ईस्ट और फिर दुनिया में जंग छिड़ जाएगी। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से हिंसा को तुरंत रोकने और गाजा में स्थायी युद्धविराम को लागू करने की अपील की। यह पहला मौका है जब 70 वर्षीय ईरानी नेता ने किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने विचार रखे हैं। इब्राहिम रईसी के निधन के बाद पजशकियान जुलाई में ईरान के राष्ट्रपति बने थे।ईरानी राष्ट्रपति ने इजराइल पर गाजा में नरसंहार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गाजा में पिछले 11 माह में 41 हजार मासूम लोगों को बेरहमी से मार दिया गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। पिछले 1 साल में दुनिया के सामने इजराइल की असलियत उजागर हो गई है। पजशकियान ने कहा कि इजराइल हार चुका है। वह आईएसआईएस जैसे आतंकी ग्रुप्स को समर्थन दे रहा है।

### रुस से जंग रुकवाने के लिए सिर्फ बातचीत काफी नहीं : जेलेंस्की

न्यूयार्क (ईएमएस)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग रुकवाने के लिए सिर्फ बातचीत काफी नहीं है। जेलेंस्की ने कहा, पुतिन अंतरराष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं। वे अब तक इतने सारे कानून तोड़ चुके हैं कि अब वे खुद नहीं रुकने वाले है।जेलेंस्की ने कहा, यह जंग खुद से खत्म नहीं होगी। पुतिन थककर युद्ध नहीं रोकने वाले हैं। रूस को शांति के लिए मजबूर करना होगा। जेलेंस्की ने बताया कि उन्हें दूसरे पीस समिट की तैयारी करनी होगी। इसके लिए वे पहले ही भारत, चीन और कई दूसरे देशों को न्यौता दे चुके हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस को रोकना है, तब सभी देशों को साथ मिलकर काम करना होगा।इसके लिए वह सहयोगी देशों से समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्लान की शर्तों को फिलहाल सीक्रेट रखा गया है लेकिन जेलेंस्की ने कहा है कि यह जंग रुकवाने में एक पुल की तरह काम करेगा।

### इजरायल के हवाई हमले में 25 लोगों की मौत

बेरूत (ईएमएस)। इजरायल ने लेबनान पर हवाई हमले किए है, जिसमें 25 लोगों की मौत हुई और 6 घायल हो गए। लेबनान के सैन्य और चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि इजरायली ने दक्षिणी लेबनान में घरों को निशाना बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में मरने वालों में 15 लेबनानी नागरिक थे, जबकि अन्य 10 सीरियाई थे। सुबह के समय नमैरियेह गांव के मध्य में स्थित कई घरों पर इजरायल ने चार मिसाइलें दागीं हैं।हवाई हमले के बाद, लेबनान रेड क्रॉस और नागरिक सुरक्षा टीमों ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है। वहीं घटना स्थल से बुलडोजरों और क्रेनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। जिन का अधिकांश समय ध्वस्त मकानों का मलबा हटाने में लगा। इस दौरान मलबों से शवों को निकाला गया। जिनमें से अधिकांश क्षत-विक्षत अवस्था में थे।सैन्य सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोनों ने दक्षिणी लेबनान के गांवों और कस्बों पर 15 हमले किए तथा पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर 11 हमले किए। हिजबुल्लाह के प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि जियोनिस्ट दुश्मन बेका क्षेत्र में बारकोड वाले पर्चे गिरा रहा है। हिजबुल्लाह ने कहा बारकोड को न खोलें और न ही साझा करें, इस तुरंत नष्ट कर दें क्योंकि यह खतरनाक है। यह आपकी सारी जानकारी निकाल सकता है और आपकी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।उन्होंने कहा, हिजबुल्लाह को आराम नहीं करने देना चाहिए और पूरी ताकत से हमें काम करते रहना चाहिए। बता दें कि 8 अक्टूबर 2023 के बाद से हिजबुल्लाह और इजरायली सेना द्वारा लेबनान-इजरायल सीमा पर गोलीबारी की जा रही है। गाजा पट्टी में हमास और इजरायल के बीच युद्ध जारी रहने के कारण व्यापक संघर्ष की चिंता बढ़ गई है।

### तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान ने पाकिस्तान को झटका देते हुए कश्मीर मुद्दे से किया किनारा

जेनेवा,(ईएमएस)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में अपने भाषण के दौरान एर्दोगान ने गाजा युद्ध पर जोरदार हमले किए लेकिन कश्मीर का जिक्र तक नहीं किया। 2019 के बाद यह पहली बार है जब एर्दोगान ने यूएन में कश्मीर के मुद्दे पर बात नहीं की। इससे पहले उन्होंने हर साल कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में उठाया था।एर्दोगान का यह रुख तब सामने आया है जब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर और वहां हो रहे चुनावों का मुद्दा उठाने की पूरी तैयारी की है। शरीफ न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं और वह अपना भाषण देंगे, जिसमें वे कश्मीर, इस्लामोफोबिया और फिलिस्तीन के मुद्दों पर बात करेंगे। पिछले साल भी पाकिस्तान के तत्कालीन पीएम ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर का मुद्दा उठाया था, यह कहते हुए कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच शांति के लिए अहम है।जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म के बाद से पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है, लेकिन उसे वैश्विक समर्थन नहीं मिल पाया है। अब, एर्दोगान का कश्मीर पर चुप रहना पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की के इस बदले हुए रुख के पीछे तुर्की की ब्रिक्स सदस्यता की महत्वाकांक्षा हो सकती है। तुर्की ब्रिक्स का सदस्य बनना चाहता है और इसके लिए उसे भारत के समर्थन की जरूरत होगी। अगर भारत सहमति नहीं देता, तो तुर्की का यह रास्ता बंद हो सकता है। इसी वजह से एर्दोगान ने कश्मीर पर अपने रुख से किनारा कर लिया है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने की संसद भंग, 14 नवंबर को चुनाव का ऐलान

कोलंबो,(ईएमएस)। श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बुधवार को देश की संसद को भंग कर दिया है। यह आदेश बुधवार को आधी रात से लागू होगा। उन्होंने 14 नवंबर को आम चुनाव कराने का एलान भी किया है। संसद का कार्यकाल अगस्त 2025 तक था। लेकिन इसे 11 महीने पहले ही भंग करने का फैसला लिया गया है, क्योंकि अनुरा दिसानायके ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान 45 दिनों के भीतर संसद भंग करने का वादा किया था। राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि अगली संसद 21 नवंबर को बुलाई जाएगी।बता दें श्रीलंका की संसद में 225 सीटें हैं। अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन नेशनल पीपुल्स पार्टी के सिर्फ तीन ही सांसद हैं। अनुरा को अपनी नीतियों को लागू करने के लिए संसद में बहुमत होना जरूरी है। इससे उन्होंने संसद को भंग करने का फैसला लिया। बता दें कि भारत की तरह ही श्रीलंका में भी संसदीय चुनाव हर पांच साल में होते हैं। आखिरी बार चुनाव 2020 में संपन्न हुए थे।राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने हरिनी अमरसूर्या को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। मंगलवार को उन्होंने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पहली बार सांसद बनने वालीं हरिनी श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री हैं। 1960 में सिरीमावो भंडारनायके न केवल श्रीलंका बल्कि दुनिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। इसके बाद उनकी बेटी चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा श्रीलंका की दूसरी महिला प्रधानमंत्री बनी। हरिनी अमरसूर्या प्रोफेसर हैं।

### अमेरिका का दोहरा चेहरा: अब यूनुस को गले लगाकर कहा, हम बांग्लादेश का पूरा समर्थन करेंगे

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही अमानवीयता के खिलाफ अमेरिका में जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मांग की जा रही है कि अमेरिका इस मामले में हस्तक्षेप करे और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का दबाव बनाए। इधर अमेरिका भारत को आश्वासन देता रहा है कि बांग्लादेश में हो रही अमानवीयता को अमेरिका बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके समाधान के लिए प्रयास करेगा। आज यही अमेरिका मोहम्मद यूनुस के साथ गलबहियां डालकर कह रहा है कि हम बांग्लादेश के साथ हैं। खबर है कि अब अमेरिका ने भी अंतरिम सरकार का समर्थन करने का फैसला लिया है। हाल ही में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की थी। खास बात है कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की साजिश के आरोप अमेरिका पर भी लग रहे हैं।15 सितंबर को भी अमेरिका के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी।

# कौन करवा रहा है हमले: पहले ट्रंप अब कमला हैरिस के दफ्तर पर बरसाई गोलियां

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमले हो चुके हैं। अब बीती रात ट्रंप की प्रतिद्वंदी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के दफ्तर पर फायरिंग की घटना हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर दोनो उम्मीदवारों को कौन टारगेट कर रहा है। हालांकि अमेरिकी खुफिया एजेंसी अलर्ट कर चुकी हैं कि ईरान अमेरिका में ट्रंप की हत्या कराकर अराजकता फैलाने का षडयंत्र रच रहा है। पुलिस के मुताबिक आधी रात के बाद किसी ने ऑफिस पर गोलियां बरसाई। पुलिस विभाग ने बताया कि डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के चुनावी अभियान के ऑफिस के पास गोलियों से हुए नुकसान का पता चला है। आपको बता दें कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान दो बार जानलेवा हमले हो



चुके हैं।यह घटना डोनाल्ड ट्रम्प पर दूसरी हत्या के प्रयास के कुछ समय बाद हुई है। ट्रंप हमला के आरोप में हवाई के रहने वाले 58 वर्षीय साल रयान राउथ को तब गिरफ़्तार किया गया। सीक्रेट सर्विस ने उन्हें फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप के नेशनल गोल्फ क्लब में एके-47, एक गोप्रो कैमरा और अन्य सामान के साथ छिपे हुए देखा। उस समय, पूर्व राष्ट्रपति उस स्थान पर गोल्फ खेल रहे थे। सीक्रेट सर्विस ने देखते ही गोली चला दी। लेकिन, राउथ कार से भाग गया। हालांकि, बाद में उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया।इससे कुछ दिन पहले, ट्रंप की पेंसिल्वेनिया रैली में एक जानलेवा अटैक हुआ था। हालांकि, वह हमले में बाल-बाल बच गए थे। स्नाइपर्स ने 20 साल हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स को मार गिराया था। उस हमले में ट्रंप और दो अन्य घायल हो गए।जन सूचना अधिकारी सार्जेंट रयान कुक ने बताया, 'रात में ऑफिस के अंदर कोई नहीं था। लेकिन, इस घटना ने उस बिल्डिंग में काम करने वालों और आस-पास के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा करती है।' वहीं, पुलिस के डिटेक्टिव्स घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहां, मौजूद सबूतों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कर्मचारियों और आम लोगों के लिए उस क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए कथित तौर पर अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं। कमला हैरिस के लोकल ऑफिस के कर्मचारी जब घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि सामने की खिड़कियों से गोलियां चलाई गई हैं। यह दूसरी बार है, जब हाल के दिनों में ऑफिस पर गोलियां चलीं हैं। पुलिस ने बताया कि 16 सितंबर को आधी रात के ठीक बाद, सामने की खिड़कियों पर बीबी गन या पेलेट गन से गोली चलाई गई।

### खुफिया एजेंसियों का अलर्ट: ट्रंप की हत्या कराकर अमेरिका में अराजकता फैलाना चाहता है ईरान

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट करते हुए कहा है कि ईरान अमेरिका के खिलाफ बड़ा षड़यंत्र रच रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या कराकर अराजकता फैलाना चाहता है। इसी प्लान के तहत ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमले हुए हैं,गनीमत रही उनकी जान बच गई।खुफिया एजेंसियों ने ट्रंप को बताया कि वास्तव में आपकी जान को खतरा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ट्रंप की सुरक्षा के प्रति अलर्ट हो गई हैं। 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव है। चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस से है।डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमला हो चुके हैं। सबसे पहला हमला 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया के बटलर में हुआ था। यहां एक रैली के दौरान ट्रंप पर 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने फायरिंग की थी।

## मारा गया हिजबुल्लाह का मिसाइल मैन इब्राहीम कुबैसी, हवाई हमलों का था मास्टर माइंड

येरुशलम(ईएमएस)। हवाई हमले में माहिर हिजबुल्लाह का मिसाइल मैन कहा जाने वाला इब्राहीम कुबैसी इजरायली हमले में मारा गया। कुबैसी ना सिर्फ हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर्स में से एक था बल्कि वो इस संगठन का मिसाइल मैन भी था। अबतक इजरायल की धरती पर जितने भी हवाई हमले हुए, उनको अंजाम देने का काम कुबैसी ने ही किया था। बेरूत के दक्षिणी उपनगर में एक इजरायली हवाई हमले में कुबैसी समेत कम से कम छह लोग मारे गए।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि किसे निशाना बनाया गया था या फिर इजरायल का टारगेट मारा गया या नहीं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक दिन पहले कहा था, जिस किसी के लिविंग रूम में मिसाइल है, उसके पास घर नहीं होगा। हिजबुल्लाह ने हमलों के कुछ घंटों बाद इब्राहिम कुबैसी की मौत



की पुष्टि की। एक बयान जारी कर कहा गया कि कुबैसी यरूशलेम की ओर जाते समय शहीद हो गए, यह शब्द इजरायली हमलों में मारे गए गुर्गों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आईडीएफ ने कहा,पिछले कई सालों और युद्ध के दौरान वो इजरायली घरेलू मोर्चे पर हमलों के लिए जिम्मेदार थे। कुबैसी मिसाइलों के क्षेत्र में ज्ञान का एक केंद्रीय स्रोत थे और हिजबुल्लाह की सीनियर लीडरशिप का करीब था।यूं तो यह लड़ाई 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुई लेकिन पड़ोसी देश लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकी संगठन ने फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में इजरायल पर हजारों रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दागे। इजरायल के आयरन डोम सिस्टम के चलते वहां इन मिसाइलों के कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि जब इजरायल की तरफ से लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर जवाबी एक्शन लिया गया तो वहां लाशों के ढेर लग गए।

## कमला हैरिस को 38 अंकों की बढ़त, 66 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाता पक्ष में

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में ट्रप को झटके पर झटके लग रहे हैं वह चुनाव प्रचार में कमला हैरिस पीछे चल रहे हैं। एशियाई-अमेरिकी मतदाताओं में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति की उम्मीदवार कमला हैरिस की लोकप्रियता काफी तेजी बढ़ रही है। एक सर्वे के मुताबिक हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप से 38 अंकों की बढ़त बना ली है। हैरिस के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के बाद यह पहला सर्वेक्षण है। हैरिस ने राष्ट्रपति बाइडन के मुकाबले भी 23 अंकों की बढ़त बनाई है। एनओआरसी ने यह सर्वे शिकागो विश्वविद्यालय में किया।66 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाता हैरिस के पक्ष में हैं। वहीं 28 फीसदी ने ट्रंप का समर्थन किया है। छह फीसदी मतदाता अभी तटस्थ हैं। इससे पहले अप्रैल और मई महीने में एशियाई-अमेरिकी मतदाता सर्वेक्षण आयोजित किया



गया था। इसमें 46 फीसदी ने राष्ट्रपति बाइडन और 31 फीसदी ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। सर्वे के मुताबिक 66 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाताओं की राय हैरिस को लेकर अनुकूल है। वहीं 35 फीसदी उनके खिलाफ सोच रखते हैं। हालांकि यह आंकड़ा 2024 एएवीएस से ज्यादा है। 2024 एएवीएस में 44 फीसदी लोग हैरिस के पक्ष में थे। इससे यह पता लगता है कि एशियाई-अमेरिकी मतदाताओं के बीच हैरिस की लोकप्रियता 22 फीसदी बढ़ी है।ट्रंप की लोकप्रियता ताजा सर्वे में घटी है। 28 फीसदी एशियाई-अमेरिकी मतदाता ट्रंप के समर्थन में जरूर हैं, लेकिन 70 फीसदी मतदाताओं में राय उनके प्रति ठीक नहीं है। अगर 2024 एएवीएस की बात करें तो 34 फीसदी लोगों ने ट्रंप का समर्थन किया था। इससे साफ है कि ट्रंप की लोकप्रियता में छह फीसदी की गिरावट आई है।

# हिजबुल्लाह ने इजरायल पर एक के बाद एक दाग दिए 300 रॉकेट

यरूशलम(ईएमएस)। उत्तरी इजरायल के हाइफ़ा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा। यह पहली बार है जब हिजबुल्लाह का रॉकेट हमला इस क्षेत्र तक पहुंचा है। इस क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन लॉन्च किए गए, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। आईडीएफ ने बताया कि अधिकांश रॉकेटों को इजरायल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया। इस तरह से हिजबुल्लाह ने इजरायल पर एक के बाद एक 300 रॉकेट दाग दिए हैं।रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजरायल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय के खिलाफ हमलावर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ एक हवाई अभियान शुरू किया, जिसमें उसके अधिकारियों



और सैनिकों की स्थिति को निशाना बनाया गया और लक्ष्यों पर सटीक हमला किया गया। उत्तरी इजरायल के ऊपरी गलील क्षेत्र में माउंट मेरोन के आसपास के क्षेत्र में रॉकेट या इंटरसेप्टर मिसाइलों के अवशेष जमीन पर गिरने से आग लग गई। इसके अलावा, ऊपरी गलील के रोश पिना में एक आवासीय घर पर भी हमला हुआ और उसे काफी नुकसान पहुंचा।प्रभावित क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों ने लगभग 23 लोगों का इलाज करने की सूचना दी, लेकिन बाद में इजरायल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के बयानों से संकेत मिलता है कि जिन लोगों का इलाज किया गया, वह शारीरिक चोटों से नहीं, बल्कि घबराहट से पीड़ित थे। सेना ने कहा, रात होते ही इजरायल ने लेबनान में हमलों की एक नई लहर शुरू कर दी। वायुसेना ने बेका क्षेत्र और दक्षिणी लेबनान के कई अन्य इलाकों में हिजबुल्लाह से जुड़े कई आतंकवादी ठिकानों पर कई व्यापक हमले किए। सेना के अनुसार, दिन के दौरान इजराइल युद्धक विमानों ने बड़े पैमाने पर हमले जारी रखे। हमलों में बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया जहां हथियार थे। मंगलवार रात को अज्ञात लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र के कस्बों पर दस हवाई हमले किए और लेबनान के दक्षिण में जेज्जिन क्षेत्र में हिज़बुल्लाह के ठिकानों पर भी हमला किया। इजरायली रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बढ़ते तानव के बीच आईडीएफ ने मंगलवार को लेबनान के अंदर लड़ाई का अनुकरण करते हुए एक अभ्यास किया। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि हिजबुल्लाह की कमान श्रृंखला, कार्यकर्ताओं और हथियारों पर प्रहार की श्रृंखला कठिन थी।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ी हैं श्रीलंका की नई पीएम हरिनी अमरसूर्या

कोलंबो, (ईएमएस)। हरिनी अमरसूर्या को श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया है। अमरसूर्या को न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है. उन्होंने पीएम दिनेश गुणवर्धने की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री का भारत से गहरा नाता रहा है। श्रीलंका के 16वें प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने वाली हरिनी अमरसूर्या की उम्र 54 साल है। अमरसूर्या ने अपनी पढ़ाई भारत के दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। एडनबर्ग विश्वविद्यालय से सामाजिक मानविकी में पीएचडी की. वह श्रीलंका विश्वविद्यालय में व्याख्याता रही हैं। उनके दृष्टिकोण और विचारों ने उन्हें एक प्रेरणादायक नेता के रूप में स्थापित किया है। अब, प्रधानमंत्री के रूप में, उनके पास देश की राजनीतिक दिशा को नए सिरे से निर्धारित करने और विकास के मार्ग पर ले जाने की अद्भुत चुनौती है।अमरसूर्या की बैचमेट और अब प्रसिद्ध बॉलीवुड निर्देशक नलिन राजन सिंह ने अपने छात्र जीवन के दिनों को याद किया है। उन्होंने कहा कि मुझे वह याद है, मुझे पता है कि वह कॉलेज के उत्सवों और बहसों में बहुत शामिल होती थी। यह 90 का दशक था, और हममें से बहुत से लोग इम्तियाज अली और अर्नब गोस्वामी जैसे लोग अपनी पहचान बनाना शुरू कर रहे थे। उन्हें प्रधानमंत्री बनते देखना अद्भुत है। दूसरी ओर हिंदू कॉलेज के पूर्व प्रेसिडेंट सिंह ने कहा कि अमरसूर्या की नई भूमिका भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी।

### जुड़वां भाइयों की जुड़वां बहनों से शादी

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका के वर्जीनिया में एक जुड़वा परिवार रहता है। एक परिवार में दो जुड़वा बहने थी। उनकी शादी वहीं पर रहने वाले अन्य परिवार, जिसमें दो जुड़वा भाई थे। उनके साथ शादी हुई है। जुड़वा बहनों के नाम ब्रिटनी और ब्रियाना हैं। इन दोनों ने जिनसे प्यार किया, वह भी जुड़वा भाई थे। एक का नाम जोश और दूसरे का जेरेमी है । 2018 में इन दोनों जोड़ों की शादी हुई। यह वर्जीनिया में एक साथ रह रहे हैं। मां के पेट में एक साथ रहे। पूरा बचपन और युवावस्था एक साथ बिताई।

### जयशंकर ने अमेरिका में चीन को लताड़ा कहा, दूसरे पहलुओं की चुनौतियों को चीरना है

न्यूयॉर्क। एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में एशिया सोसाइटी को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे चीन ने कोविड महामारी के दौरान सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ाकर पिछले समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणामस्वरूप सैनिकों में झड़पें हुईं और दोनों पक्षों को नुकसान हुआ। अमेरिका में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने चीन के साथ भारत के कठिन इतिहास को स्वीकार करते हुए कहा कि जब मैंने दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का 75 प्रतिशत हल होने की बात कही, तो वह केवल सैनिकों के पीछे हटने वाले हिस्से के बारे में थी। विदेश मंत्री ने कहा कि अभी दूसरे पहलुओं में चुनौती बनी हुई है।जयशंकर ने स्वीकार किया कि टकराव वाले बिंदुओं के अधिकांश हिस्सों को हल कर लिया है, लेकिन अभी तक चुनौतियां बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सीमा पर गश्त के अधिकारों के संबंध में अभी संघर्ष बना हुआ है।

# पाकिस्तानी भिखारियों से परेशान सऊदी अरब ने कहा, तो वीजा नियम सख्त कर देंगे

इस्लामाबाद(ईएमएस)। सऊदी अरब पाकिस्तानी भिखारियों से परेशान है। रियाद ने पाकिस्तान से साफ कहा है कि अपनी सभी भिखारी वापस बुला लें। साथ ही इनकी संख्या और न बढ़े इसके लिए पुख्ता कदम उठाएं। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को गंभीर चेतावनी दी है कि वह उमराह और हज वीजा के तहत यात्रा करने वाले भिखारियों पर तत्काल संज्ञान ले। रियाद ने इस्लामाबाद के धार्मिक मामलों के मंत्रालय से कहा है कि ऐसे लोगों को मिलने वाले वीजा पर रोक लगाए। सऊदी सरकार ने अपनी चेतावनी में कहा है कि बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिकों को सऊदी अरब में भीख मांगते हुए पकड़ा गया है, जिन्हें बाद में वापस भेज दिया गया।सूत्र ने बताया, सऊदी अरब ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो इसका पाकिस्तानी उमराह और हज यात्रियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।



मंत्रालय ने उमरा अधिनियम प्रस्तुत किया है, जिसका उद्देश्य उमरा यात्राओं की सुविधा प्रदान करने वाली ट्रैवल एजेंसियों को कानूनी दायरे में लाना है ताकि उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।रियाद के अनुसार, ये पाकिस्तानी भिखारी उमराह और हज वीजा के तहत सऊदी अरब में दाखिल हुए थे और अपना समय मक्का और मदीना की सड़कों पर भीख मांगने में बिता रहे थे। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि सऊदी अरब ने उमराह वीजा पर आने वाले पाकिस्तानी भिखारियों की बढ़ती संख्या पर गंभीर चिंता जताई है। पिछले महीने कराची एयरपोर्ट पर 11 कथित भिखारियों को पकड़ा गया था और उन्हें सऊदी अरब जाने वाली फ्लाइट से उतार दिया गया था। इमिग्रेशन प्रक्रिया के दौरान एफआईए के अधिकारियों द्वारा रोके जाने और पूछताछ किए जाने के बाद उन्हें पकड़ा गया, जिसके बाद पता चला कि वे सभी सऊदी अरब में भीख मांगने के उद्देश्य से यात्रा कर रहे थे। इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पाकिस्तान सरकार को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि सऊदी अरब के साथ संबंधों में सुधार किया जा सके और पाकिस्तानी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।पाकिस्तानी भिखारियों का मुद्दा शहबाज शरीफ सरकार के लिए हाल के दिनों में शर्मिंदगी का विषय बना हुआ है। हाल ही में पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी और इस्लामाबाद में सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अहमद अल-मलकी के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई। नकवी ने आश्वासन दिया कि सऊदी अरब में भिखारियों को भेजने वाले माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पाकिस्तान सरकार ने संघीय जांच एजेंसी को ऐसे नेटवर्कों और ट्रैवल एजेंसियों पर नकेल कसने का काम सौंपा है, जो देश की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा, भिखारियों का माफिया पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है।

# पाक ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए घोषित की टीम, शाहीन की वापसी

## खुर्रम की जगह नोमान शामिल, शान बने रहेंगे कप्तान



लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान ने अगले माह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित दी है। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की इस टीम में वापसी हुई है। शाहीन को खराब प्रदर्शन के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। वहीं अब चयन समिति ने उन्हें एक बार फिर टीम में शामिल किया है। पाक और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मुल्तान में खेला जाएगा। इसके लिए बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली को खुर्रम शहजाद की जगह शामिल किया है। नोमान ने 15 टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए हैं। वहीं खुर्रम चोटिल होने के कारण बाहर है।

वहीं कामरान गुलाम और मोहम्मद अली को बाहर कर दिया गया है। तेज गेंदबाज शाहीन की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है। वहीं पाक टेस्ट टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा है कि राष्ट्रीय टीम के लिए शामिल खिलाड़ियों को चैंपियंस वन-डे कप प्लेऑफ से हटा दिया जाए जिससे खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज से पहले आराम मिल सके। गिलेस्पी ने कहा, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के कारण, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले हमारे खिलाड़ियों को कुछ आराम देना जरुरी है।

टीम 30 सितंबर को मुल्तान में एकत्र होगी और इसके बाद 1 अक्टूबर से अभ्यास शुरू करेगी। शान मसूद को कप्तान के तौर पर बरकरार रखा गया है।

पाकिस्तान टीम इस प्रकार हैः शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप कप्तान), बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद हुरैरा, सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद, आमेर जमाल, नोमान अली, अबरार अहमद, मीर हमजा, शाहीन शाह अफरीदी , नसीम शाह।

## कमल चावला वर्ल्ड चैम्पियन बने



भोपाल/इन्दौर (ईएमएस)। भारतीय रेलवे में कार्यरत भोपाल के कमल चावला, आईबीएसएफ वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैम्पियन बने हैं। मंगोलिया में खेली गई वर्ल्ड चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में कमल ने पाकिस्तान के असजाद इकबाल को 6-2 से हराया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 52 स्पर्धाओं में कमल का यह 15वॉं पदक है। इसके पूर्व वे 2017 की वर्ल्ड चैम्पियनशिप में वे उपविजेता रहे थे। पंकज आडवानी, लक्ष्मण रावत और एस. श्रीकृष्णा के बाद कमल देश के चौथे क्यूईस्ट बन गए हैं, जिन्होंने वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप का खिताब जीता है। वे पंकज आडवानी के बाद दूसरे खिलाडी हैं, जो वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप के दो फाईनल में खेले हैं।

मध्यप्रदेश के पहले अंतर्राष्ट्रीय स्नूकर खिलाड़ी कमल चावला की फाईनल मुकाबले में शुरूआत अच्छी नहीं रही। पाकिस्तान के असजाद ने 47-23, 47-18 से पहले दो फ्रेम जीतकर स्कोर 2-0 कर कमल पर दबाव बनाने का प्रयास किया। कमल ने तीसरे फ्रेम में 71 पाईंट का ब्रेक मारकर जल्द ही अपनी लय अर्जित की। यह फ्रेम उन्होनें 71-0 से जीता कर स्कोर 1-2 किया। इसके बाद तो कमल हर शॉट के साथ हॉल में उपस्थित भारतीय खिलाडियों और समर्थकों को अपने खेल से ताली बजाने पर मजबूर करते रहे। कमल ने मैच में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अगले 5 फ्रेम 41-7, 64 (40)-0, 43-0, 33-20, 36-29 अंकों से जीतकर पहली बार वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैम्पियन बनने का गौरवमयी उपलब्धि अर्जित की। कमल को वर्ष 2011 में मप्र सरकार ने विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु कमल को साई से ग्रांट नहीं मिली। जिसके चलते अंतिम समय में उनकी इंट्री कंफर्म हुई। प्रतियोगिता का पूरा खर्च उन्हें अपनी जेब से वहन करना पडा है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप का खिताब जीतने के बाद कमल को चिंगारू में आयोजित होने वाले वर्ल्ड गेम्स में इंट्री मिल गई है।

## सेंट उमर एकेडमी की छात्राओं को मिला सिल्वर मेडल



इन्दौर (ईएमएस)। इन्दौर में अंतर शालेय जिला स्तरीय अंडर–14 बेसबॉल प्रतियोगिता 11 से 13 सितंबर 2024 तक चिमनबाग मैदान में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सेंट उमर एकेडमी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। स्कूल प्राचार्य श्रीमती नाजिया खान, डॉ. रफीक खान, रेहान सर, कोच सोहेल खान, निदा खान और इस्लामिया करीमिया सोसायटी की मैनेजिंग कमेटी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## मनु ने ट्रोल्स पर दिया जवाब, मैंने जो पदक जीते वो देश के हैं

नई दिल्ली (ईएमएस)। पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु भाकर आजकल सोशल मीडिया में छायी हुई हैं। मनु ने पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इन जीतों के साथ, वह ओलंपिक के एक संस्करण में एक से अधिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। जीत के साथ भारत लौटीं मनु को कई ऐसे ट्रोल्स का भी सामना करना पड़ा जिनमें उनपर अपने पदकों का अधिक दिखावा करने का आरोप लगा।

वहीं इस मामले में मनु ने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक में मैंने जो दो कांस्य पदक जीते हैं, वे भारत के हैं। जब भी मुझे किसी कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जाता है और इन पदकों को दिखाने के लिए कहा जाता है, तो मैं गर्व के साथ ऐसा करती हूं। यह मेरी खूबसूरत यात्रा को साझा करने का मेरा तरीका है। दो कांस्य पदक जीतने के बाद मनु 25 मीटर पिस्टल वर्ग में तीसरे पदक के बेहद करीब पहुंच गईं थी, जहां वह चौथे स्थान पर रहीं।

## पहले टेस्ट में क्षमता के अनुसार नहीं खेले : हथुरुसिंघे

कानपुर (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे को लगता है कि उनकी टीम ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं किया। कोच को हालांकि उम्मीद है कि अब उनकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन करेगी। पहले टेस्ट में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो और अनुभवी शाकिब अल हसन ने पहली पारी में अच्छी शुरुआत पर वे बड़ी पारी नहीं खेल पाये। वहीं दूसरी पारी में बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम भी अच्छी शुरुआत के बाद रन नहीं बना पाये। हथुरुसिंघे ने कहा, 'हम इस प्रकार से आउट होने को लेकर थोड़े चिंतित हैं क्योंकि जब भी हम बात करते हैं तो यही कहते हैं कि अगर आपको अच्छी शुरुआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलो। हमारे कुछ खिलाड़ियों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताया पर वह इसका लाभ नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम अलग-अलग चुनौतियां पेश कर रही है। हम ये अच्छी तरह जानते हैं। इसलिए दूसरे टेस्ट में हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। बांग्लादेश की टीम में बाएं हाथ से खेलने वाले पांच खिलाड़ी हैं जिनमें शीर्ष चार स्थान में बल्लेबाजी करने वाले मोमिनुल हक भी शामिल हैं।

## प्रो रेसलर रिक ने 75 साल की उम्र में लिया तलाक

न्यूयार्क (ईएमएस)। नामी प्रो रेसलर रिक फ्लेयर ने 75 साल की उम्र में तलाक लेकर अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया। रिक की पत्नी वेंडी बार्लो 64 साल की हैं और ये दोनो छह साल साथ रहने के बाद अलग हो रहे हैं। रिक की यह उनकी पांचवीं शादी थी, जो साल 2018 में हुई थी। फ्लेयर ने सोशल मीडिया में लिखा, वेंडी के साथ सफर अच्छा रहा। हर जोड़े की तरह हमने भी अपने उतार-चढ़ाव झेले हैं। अब हमने सम्मानपूर्वक अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि साल 2017 में जब वह शारीरिक रूप से कठिन हालातों से गुजर रहे थे, तब वेंडी ने उनकी बहुत मदद की, और इसके लिए वह हमेशा आभारी रहेंगे। फ्लेयर ने साथ ही कहा, हम अभी समय में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, और व्यस्त होने के कारण एक दूसरे को समय देना कठिन है। मैं उन्हें उनके काम के लिए शुभकामनाएं देता हूं और मुझे पता है कि वह मेरे काम का समर्थन करती हैं।"रिक ने वेंडी से सितंबर 2018 में शादी की थी। फ्लेयर के चार बच्चे हैं, जिनमें से दो गुडमैन से और दो हैरेल से हैं।

## एमसीसी ने भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए टिकटों के दाम घोषित किये

लंदन (ईएमएस)। मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अगले साल भारत के साथ होने वाली सीरीज के लिए टिकटों की कीमतें तय कर दी हैं। इसी के तहत ही लॉर्ड्स टेस्ट के पहले तीन दिनों के लिए न्यूनतम 90 यूरो (तकरीबन 8400 भारतीय रूपये टिकट रखा गया है जबकि प्रमुख स्टैंड्स के टिकटों की कीमत 120 यूरो से 175 यूरो (करीब 11,200 रूपये से 16,330 रूपये) रखी गयी है। इस प्रकार की राशि को लेकर लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि इस साल श्रीलंका के ख़िलाफ़ हुए लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी कुछ प्रमुख स्टैंड्स के टिकट 115 यूरो से 140 यूरो लगभग 10,730 रूपये से 13065 रूपये के टिकट मूल्य रखे गये थे जिसके कारण कई स्टैंड्स खाली थे। ऐसे में चौथे दिन का खेल देखने के लिए केवल 9000 टिकट ही बिक पाये थे। ये स्टेडियम की क्षमता के एक-तिहाई से भी कम था। वहीं तब एमसीसी को चाय के बाद के टिकट का दाम 15 यूरो (1400 रूपये) और 5 यूरो (470 रूपये) (अंडर-16 के लिए) करना पड़ा, लेकिन तब तक काफ़ी समय हो गया था। मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान ऑली पोप ने कहा था, यह टेस्ट मैच का अच्छा दिन था पर स्टेडियम भरा हुआ नहीं था जिससे हमें निराशा हुई। तब एमसीसी के मुख्य कार्यकारी और सचिव जी लेवेंडर ने कहा कि हम चौथे दिन के टिकट की कीमतों का एक बार फिर मूल्यांकन करेंगे। वहीं भारत के ख़िलाफ़ मैच के चौथे दिन के खेल के लिए 90 यूरो (8400 रूपये) से 150 यूरो (14000 रूपये) के टिकट को रखा जाएगा। एमसीसी कहना है कि इंग्लिश टेस्ट कैलेंडर में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरी सबसे बड़ी मेहमान टीम है। इसके कारण टिकट के दाम अधिक रहेंगे।

## भारत- बांग्लादेश के बीच 6 अक्टूबर से शुरु होगी टी20 सीरीज

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद एक टी20 सीरीज खेली जाएगी। दोनो ही टीमों के बीच टी20 सीरीज 6 अक्टूबर को शुरु होगी और इसमें 3 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। पहला टी20 6 अक्टूबर को, दूसरा 9 अक्टूबर को और तीसरा टी20 12 अक्टूबर को खेला जाएगा। इस सीरीज में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। अंतिम बार दोनों टीमें टी20 विश्वक कप 2024 में आमने-सामने आई थीं जहां भारतीय टीम को 50 रनों से जीत मिली थी।

टी20 सीरीज की लाइव स्ट्रीमिंग होगी । इसके अलावा इसे ओटीटी पर भी देखा जा सकेगा। इस सीरीज के लिए अभी तक दोनों टीमों की घोषणा नहीं हुई है। भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 14 टी20 में मैच हुए हैं. जिसमें से भारतीय टीम ने 13 जीते हैं जबकि बांग्लादेश 1 बार ही जीती है। बांग्लादेश की टीम किसी भी प्रारुप में भारतीय टीम से जीत नहीं पायी है।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग : एम्बाप्पे के गोल से रियाल मैड्रिड जीता

मैड्रिड (ईएमएस)। स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे के शानदार गोल से रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। वहीं एम्बाप्पे ने पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। एम्बाप्पे ने खेल के 40वें मिनट में एक शानदार गोल किया। इस खिलाड़ी को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान से बाहर जाना पड़ा। एम्बाप्पे के अलावा लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल दागे। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में 39 मैच जीता। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल रहे। वहीं अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की सहायता से वापसी के अच्छे प्रयास किये पर अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बाद भी गोल नहीं कर पाये। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में 9 मैचों में सात गोल हो गए हैं।

## शाकिब को बांग्लादेश लौटने पर बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा : शहरयार

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के क्रिकेट संचालन प्रभारी नफीस ने कहा है कि स्वदेश लौटने पर शाकिब अल हसन को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। शाकिब पर अवामी लीग सरकार के साथ रहते हुए हत्या के आरोप लगे हैं। वह इसके बाद बांग्लादेश दौरे पर गये थे तभी उनपर मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में शाकिब के साथ कुल 147 लोगों के नाम हैं। शाकिब इसी साल जनवरी में संसद सदस्य बने थे। इसलिए उनपर दंगे भड़काने और हत्या कराने के आरोप लगे थे। छात्रों के नेतृत्व में देश में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद 5 अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफ देकर बांग्लादेश से बाहर चली गयी थीं। नफीस के अनुसार शाकिब को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें लगता है कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि इस क्रिकेटटर स्टार को बांग्लादेश में नहीं खेलना चाहिए। नफीस ने कहा कि मुझे लगता है कि माननीय मुख्य सलाहकार, कानून सलाहकार और खेल सलाहकार ने शाकिब अल हसन के संबंध में बहुत स्पष्ट रूप से बात की है। बांग्लादेश सरकार की ओर से स्पष्ट संदेश है कि जो मामले दर्ज किए गए हैं उनमें किसी को भी गलत तरीके से परेशान नहीं किया जाएगा।

## काउंटी क्रिकेट में चहल का शानदार प्रदर्शन जारी दूसरे मैच में भी नॉर्थम्प्टनशर को जीत दिलायी

लंदन (ईएमएस)। भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल आजकल इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में छाये हुए हैं। चहल ने यहां नॉर्थम्प्टनशर की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पिछले 2 मैच में ही 18 विकेट ले लिए। चहल ने लीस्टरशर के खिलाफ पहली पारी मे 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उन्होंने इससे ठीक पहले वाले मैच में डर्बीशन के खिलाफ पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट लिए थे। उनकी इस शानदार गेंदबाजी से बदौलत नॉर्थम्प्टनशर को दोनो ही मैचों में बड़ी जीत मिली है।

चहल ने इस प्रकार एक बार फिर अपने को साबित करते हुए भारतीय टीम के लिए दावेदारी पेश की है। चहल को टी20 क्रिकेट का बेहतरीन गेंदबाज माना जाता है। ऐसे में उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ अगले माह होने वाली टी20 सीरीज के लिए भी दावेदार माना जा रहा है। अब देखना है कि उन्हें अवसर मिलता है या नहीं।

# ग्रीनपार्क में प्रशंसक विराट और रोहित से बड़ी पारियां चाहेंगे



मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में 27 सितंबर से होने वाले मुकाबले में सभी की नजरें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली पर लगी रहेंगी। रोहित और विराट पहले टेस्ट की दोनो ही पारियों में अधिक रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में प्रशंसक अब इनसे बड़ी पारी चाहेंगे। इस मैच में रोहित और विराट को अपने अनुभव और नाम के अनुसार प्रदर्शन करना होगा। कानपुर में मौजूदा टीम इंडिया के अधिकतर खिलाड़ियों ने 1-1 टेस्ट मैच खेला है। विराट और रोहित के नाम यहां टेस्ट शतक भी है। ऐसे में टीम और प्रशंसकों को उनसे अधिक उम्मीदें रहेंगी।

कानपुर में पिच काली मिट्टी की होगी। इस पिच का व्यवहार कब बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता जबकि चेन्नई में लाल मिट्टी वाली पिच पर स्पिनर हावी रहे थे पर अब टीम कानपुर पहुंच गयी है। यहां हुए पिछले मुकाबलों को देखा जाए, तो अभी तक यहां अधिकतर हुए टेस्ट मुकाबलों में गेंद की उछाल कम आंकी गई है पर यहां तेज गेंदबाज भी हावी रहे हैं। इसमें खतरनाक बाउंसर भी बल्लेबाजों के लिए परेशानी का कारण बने हैं। यहां शुरुआत में स्पिनर हावी रहेंगे। ऐसे में बल्लेबाजों को संभालने की जरूरत होगी।

कानपुर की पिच के धीमा होने की संभावना को देखते हुए दोनों टीमें अपनी रणनीति और चयन में बदलाव ला सकती हैं। तीसरे तेज गेंदबाज की जगह एक अतिरिक्त स्पिनर ले सकता है। भारतीय टीम में कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से किसी एक की जगह बन सकती है। एक तरफ भारत की नजर ये मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने पर होगी, जबकि मेहमान टीम हर हाल में कानपुर टेस्ट जीतकर सीरीज ड्रॉ कराना चाहेगी।

## आईपीएल 2025 सत्र के लिए केकेआर श्रेयस , रिंकू को कर सकती है रिटेन , स्टार्क बाहर होंगे



मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल 2025 सत्र के लिए सभी फ्रैंचाइजी अपनी-टीमों का लेकर विचार कर रही हैं। इसमें गत विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) भी शामिल है। माना जा रहा है कि केकेआर कप्तान श्रेयस अय्यर को टीम में बनाये रखेगी। अय्यर की कप्तानी में ही उसे 2024 सत्र में जीत मिली थी। वहीं अपने प्रमुख खिलाड़ी रिंकू सिंह को भी बनाये रखेगी। रिंकु के लिए वह अनुबंध राशि भी 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए कर सकती है। इसके अलावा ऑलराउंडर सुनील नरेन को भी बरकरार रखा जाना तय है। नरेन के अलावा हिटर आंद्रे रसेल को भी रखा जाना तय है। इसके अलावा गत सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले फिल साल्ट का भी रखा जा सकता है। . वहीं पिछले सत्र के सबसे महंगे तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को बाहर किया जा सकता है। इसका कारण है कि आईपीएल में इस बार दिसंबर में मेगा नीलामी होगी जिसमें फ्रेंचाइजी को 18 से 20 खिलाड़ी खरीदने पड़ सकते हैं। इसके लिए केकेआर को अधिक रकम रखनी होगी ऐसे में स्टार्क को रिलीज किया जा सकता है। टीम हालांकि नीलामी में उन्हें दोबारा खरीद सकती है। वहीं केकेआर की ओर से कई साल से खेल रहे वेंकटेश अय्यर और वरुण चक्रवर्ती को टीम से बाहर किया जा सकता है। इसका कारण है कि फ्रेंचाइजी अधिकतम 5 या 6 खिलाड़ी ही बरकरार रख सकेगी।

## चार साल के करियर में अर्जुन तेंदुलकर ने करोड़ों रुपये कमाये

मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर अभी तक भारतीय टीम में तो जगह नहीं बना पाये हैं पर घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में खेलकर काफी संपत्ति बनाने में सफल रहे हैं। अर्जुन पहले मुंबई और अब गोवा की ओर से खेलते हैं। अर्जुन ने 2021 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस की ओर से भी खेला था। तब उन्हें मुम्बई ने नीलामी में 20 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं 2022 की मेगा नीलामी में, उन्हें फिर से मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये में बनाये रखा। 2023 के आईपीएल सत्र में, अर्जुन ने कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेला।

2024 तक, अर्जुन की कुल संपत्ति लगभग 21 करोड़ रुपये पहुंच गयी है, ये उन्होंने आईपीएल और घरेलू क्रिकेट से कमाई है। अर्जुन ने अपने चार साल के आईपीएल करियर में अब तक 1 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो मुख्य रूप से उनके अनुबंध और वेतन से मिले।

# मुरलीधरन के रिकार्ड के करीब पहुंचने के लिए अश्विन और लायन में है मुकाबला





कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अभी टेस्ट क्रिकेट में 522 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले सात गेंदबाजों में शामिल है। अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लिए। ऐसे में माना जा रहा है कि अश्विन ऐसे ही गेंदबाजी करते रहे तो वह श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन का 800 टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड तोड़ सकते है हालांकि ये इतना आसान भी नहीं है।

800 विकेट तक पहुंचने के लिए अश्विन को अभी कम से कम 40-50 टेस्ट और खेलने होंगे पर 38 साल की उम्र में यह असंभव सा नजर आता है। इस कारण है कि टेस्ट मैचों की संख्या भी लगातार घट रही है। अश्विन ने अपने 13 साल के करियर में सिर्फ 101 टेस्ट खेले हैं, जो यह संकेत देता है कि 800 विकेट का रिकार्ड हासिल करना उनके लिए बेहद मुश्किल है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ने 129 टेस्ट मैचों में 530 विकेट लिए है और उनके मुरली के करीब पहुंचने की अधिक संभावना है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया भारत की तुलना में अधिक टेस्ट मैच खेलता है। फिर भी अभी के औसत और स्ट्राइक रेट को देखते हुए, लायन के लिए भी यह लक्ष्य असंभव सा है। अंत ऐसे में मुरलीधरन का 800 विकेट का रिकॉर्ड अभी बना रहेगा। सात गेंदबाजों में लायन और अश्विन के अलावा अन्य सभी ने संन्यास ले लिया है। ऐसे में अब अश्विन और लायन में ही मुकाबला है।

दोनों मौजूदा समय के सबसे सफल ऑफ स्पिनर माने जाते हैं। अश्विन ने अब तक 101 टेस्ट मैचों में 522 विकेट लिए हैं, जबकि लायन ने 129 टेस्ट मैचों में 530 विकेट चटकाए हैं। अश्विन का स्ट्राइक रेट 50.51 है, यानी वे हर 50 गेंद पर एक विकेट लेते हैं, जबकि लायन का स्ट्राइक रेट 61.81 है।

## टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में इस बार जीतेगी भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर



मुंबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि इस बार हमारी टीम काफी अच्छी है और हम टी20 विश्वकप जीतेंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारी टीम इस बार विश्व चैम्पयन ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी हरा देगी। 20 विश्व कप अगले माह यूएई में खेला जाएगा। भारतीय टीम साल 2020 टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी पर तब ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था। उस समय भारतीय टीम को 185 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम 99 रनों पर ही सिमट गयी थी पर हरमनप्रीत का मानना है कि उनकी टीम इस बार कोई गलती नहीं करेगी।

हरमनप्रीत ने यूएई रवाना होने से पहले कहा कि इस बार हमारी टीम अच्छी लय में जिससे हमें जीत का भरोसा है। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम जानती है कि भारतीय टीम में उसे हराने की क्षमता है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में सकारात्मक संकेत है। हम जानते हैं कि जब भी हम उनके खिलाफ खेलेंगे, हम उन्हें हरा सकते हैं किसी भी दिन, किसी भी समय। इतने सालों के बाद खिताब जीतना हमारे लिए एक बड़ा अवसर रहेगा। वे जानते हैं कि हमारी टीम मजबूत है और हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। इसलिए वे भी हमारे खिलाफ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं।

हरमनप्रीत ने कहा कि अगर मैं अपनी टीम के बारे में बात करूं तो हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो काफी समय से खेल रहे हैं और जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है और मैं कह सकता हूं कि हां, यही सर्वश्रेष्ठ टीम है। साल 2022 में टी20 विश्व कप के में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी पर उस समय भी उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। हुआ। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने कहा कि इस बार टीम के सभी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे शीर्ष छह बल्लेबाज सर्वश्रेष्ठ हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

# झारखंड में इंडिया महागठबंधन मजबूती से लड़ेंगी विधानसभा चुनाव- एकजुट हो जाएं कांग्रेसजन : मुनन संजय





धनबाद, धनबाद कांग्रेस कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई l जिसमे विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्येक प्रखंड और नगर कांग्रेस से पांच संभावित उम्मीदवार की प्राप्त सुची पर चर्चा हेतु हुई आवश्यक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह धनबाद प्रवेक्षक मुनंन संजय उपस्थित हुए। प्रवेक्षक मुनन संजय ने कहा धनबाद में सभी कांग्रेस कार्यकताओ और नेताओ ने एक स्वर से कहा कांग्रेस हाईकमान जिसे भी टिकट देगी हम सब मिलकर जीत सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा हमारे नेता राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर भारत जोड़ो यात्रा और मणिपुर से महाराष्ट्र तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर देश को दशा और दिशा बदलने का काम किया। धनबाद जिला में जो भी उम्मीदवार होगा कार्यकताओ के भावनाओ के अनुरूप होगा। धनबाद कांग्रेस के नेताओ की आवाज हाईकमान तक पहुंचाने का काम करेगें। धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा हमारी धनबाद की सभी सीटो पर तैयारी है l पार्टी हाईकमान सर्वे भी करा रही है l जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकताओ का यही मांग है कांग्रेस के प्रति निष्ठावान कार्यकताओ को टिकट मिले। जिलाध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह ने कहा कांग्रेस में होना और कांग्रेसी होने में बहुत अंतर है। खांटी कांग्रेसी चुनाव लड़े, हमारी यही सोंच है। आगे जिलाध्यक्ष ने कहा धनबाद, झरिया और बाघमारा विधान सभा के साथ सिंदरी और निरसा पर कांग्रेस को लड़ना चाहिए l धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी सहित जिला कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहनाकर उनका किया भव्य स्वागत किया l बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित सभी 18 प्रखंड अध्यक्ष, सहित पदाधिकारीगण, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस के द्वारा नियुक्त प्रवेक्षक, एआईसीसी के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवेक्षक मुनन संजय ने कहा कि झारखंड में इंडिया महागठबंधन इस विधानसभा चुनाव 2024 में मजबूती से उतरेगी। सभी कांग्रेस जन एकजुटता के साथ अपने पार्टी कार्य में जुट जाएं। साथ ही उन्होंने एक प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि कांग्रेस कांग्रेस हाईकमान द्वारा जिसे भी टिकट दिया जाएगा, उन्हें जिताने के लिए सर्वसम्मति से सहयोग किया जाएगा।

सभी कांग्रेस जनों ने जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के प्रस्ताव का एकजुटता के साथ पारित किया और कहा कि हमलोग पार्टी हाईकमान द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश का पालन करेंगे।

मौके पर पर्यवेक्षक मुन्नम संजय,संतोष सिंह, राशिद रजा अंसारी, ,ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, सुल्तान अहमद, विजय सिंह. मदन महतो,विजय सिंह, रवी चौधरी. रविंद्र वर्मा,शमशेर आलम,मनोज यादव, अशोक सिंह, रविरंजन सिंह, अभिजीत राज, कुमार गौरव जावेद रजा. सुधांशु शेखर झा,बी. के.सिंह,राजेश यादव, रणधीर ठाकुर नवनीत नीरज.प्रदीप पांडेय. रवी चौबे. योगेंद्र सिंह योगी,मंटू दास,सुंदर यादव, कालीचरण यादव. अख्तर खान गुड्डू,दिनेश सिंह दिनेश यादव. राजेश राम, मयूर शेखर झा. डी. के. सिंह,पप्पू पासवान, मृत्युंजय सिंह, इम्तियाज आलम, रोशन कुमार, बिट्टू सिंह. महेश शर्मा. डी.एन. यादव, मनोज हाड़ी, गैरुल हसन,दिनेश कुमार मंडल,कुमार गौरव,सीता राणा, अनिल साव. बकील बाउरी, राजू दास, संतोष चौधरी, बब्लू दास,अमित कुमार पांडेय, बिल्किस खानम, हरेंद्र शाही,रामजी भगत,संदीप कक्कू, शहजादा अनवर ,नाजिम आलम, किशोर कुमार, तबरेज खान, बलराम महतो, इंदु अंसारी, अजय कुमार, रमन मिश्र, असद कलिम, गैरूल हसन, जियाउल हुसैन, मौजूद थे l

## अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण मुक्त झारखंड कार्यक्रम में पोषण पर्याप्तता का समर्थन किया

कोडरमा(ईएमएस)।महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मंगलवार को कोडरमा पहुंचीं और पोषण माह की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने झारखंड में महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए की जा रही पहलों का मूल्यांकन किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कोडरमा में कुपोषण मुक्त झारखंड कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की।कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने कुपोषण उन्मूलन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित किया और कहा, कि महिला और बाल विकास मंत्रालय भविष्य की पीढ़ियों के संपूर्ण स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। हमारे कार्यक्रम, जैसे पोषण माह और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी, कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं। झारखंड के लोगों की सक्रिय भागीदारी से मैं उत्साहित हूं, और हम साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा या महिला कुपोषण से पीड़ित न रहे।केंद्रीय मंत्री ने पोषण माह की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर जोर दिया, जो छह मुख्य विषयों पर केंद्रित है एनीमिया, वृद्धि निगरानी,पूरक आहार, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी,एक पेड़ माँ के नाम एवं पोषण भी, पढ़ाई भी। उन्होंने झारखंड में पोषण माह उत्सव की सराहना की, जिसमें सभी 24 जिलों में 12.53 लाख से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गईं, जो समुदाय की पोषण में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।इन पहलों के अलावा अन्नपूर्णा देवी ने पोषण माह के पर्यावरणीय पहलू पर प्रकाश डाला, जिसमें पूरे देश के 13.95 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया, और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 50 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। मंत्री ने पोषण माह को बढ़ावा देने में विभिन्न मंत्रालयों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और आयुष के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की।अपनी यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर पांच जिलों में, जिनमें पश्चिम सिंहभूम भी शामिल है, आयुर्वेदिक प्रयासों के माध्यम से एनीमिया को दूर करने के लिए एक पायलट परियोजना की समीक्षा की। इसके साथ ही, उन्होंने रांची में पोषण ट्रैकर पहल के तहत राशन की डिलीवरी को ट्रैक करने के लिए दो-फैक्टर प्रमाणीकरण प्रणाली का उद्घाटन किया, जिससे यह राशन वितरण की व्यवस्था और पारदर्शी एवं दक्ष बनेगी।अपनी यात्रा के समापन पर अन्नपूर्णा देवी ने विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्यों के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती के अवसर पर

## धनबाद विधायक राज सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित की



धनबाद। विधायक राज सिन्हा नें एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भाजपा के प्रेरणापूंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर धनबाद महानगर अंतर्गत बूथ संख्या 286 पर कार्यकर्ताओ के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

भाजपा द्वारा आयोजित की जाने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत

## धनबाद विधायक राज सिन्हा नें रणधीर वर्मा स्टेडियम का लिया जायजा



धनबाद, परिवर्तन संकल्प यात्रा के निमित आगामी 26 सितम्बर को धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होने वाली महासभा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे l विधायक राज सिन्हा, पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष,श्रवण राय, मानस प्रसून भी मौजूद थे l

## जेसीआई के एक्सपो उत्सव का शुभारंभ गुरुवार से, देश विदेश के 350 स्टॉल सजेंगे

रांची(ईएमएस)।जेसीआई के बैनर तले गुरुवार, 26 सितंबर से मोरहाबादी मैदान में एक्सपो उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जेसीआई रांची के पद धारियों ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित कंज्यूमर फेयर, एक्सपो उत्सव 2024, गुरुवार से मोरहाबादी मैदान में शुरू हो रहा है। इस वर्ष एक्सपो उत्सव रांची वासियों के लिए शानदार शॉपिंग और मनोरंजन का अनुभव लेकर आ रहा है।एक्सपो विशेषताओं के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस बार कंज्यूमर फेयर 7 दिनों तक चलेगा।ग्राहकों को 5 से 50 फीसदी तक विशेष डिस्काउंट दिया जायेगा।इसमें खरीदारी पर अच्छी छूट मिलेगी।एक्सपो उत्सव 2024 में 350 से अधिक स्टॉल होंगे।इसमें भारत के अलावा बांग्लादेश,थाईलैंड, अफगानिस्तान से भी स्टॉल धारक शामिल होंगे।देश के कई राज्यों से स्टॉल धारक अपने अनूठे उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करेंगे। कंज्यूमर फेयर में स्टॉल धारकों द्वारा ग्राहकों को 5 से 50 फीसदी तक विशेष डिस्काउंट दिया जायेगा। एक्सपो में आरामदायक शॉपिंग अनुभव के लिए अत्याधुनिक एसी जर्मन हैंगर लगाए गए हैं।सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण का ध्यान रखते हुए इसे तैयार किया गया है।बच्चों के लिए रोमांचक राइड्स व गेम्स के साथ फनगोला एम्यूजमेंट पार्क एक खास आकर्षण होगा।महिलाओं व लड़कियों के लिए विशेष रूप से पिंक हैंगर तैयार किया गया है, जहां उनके लिए खासतौर पर डिजाइन किए गए उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध होंगी। फूड जोन में विभिन्न प्रकार के व्यंजन और जायके उपलब्ध होंगे, जहां भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भोजन के स्टॉल्स होंगे।स्टार्टअप ज़ोन में नए उद्यमियों को अपने प्रोडक्ट्स और सेवाएं प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।स्टॉल्स विशेष रूप से रियायती दरों पर दिए गए हैं।साथ ही, फर्नीचर जोन में उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर के बेहतरीन विकल्प भी उपलब्ध होंगे।आने वाले 6 दिनों में एक्सपो उत्सव में रोजाना प्रतियोगिताएं होगी।जिनमें डांस कॉम्पटीशन, पेंटिंग, योगा, फैशन शो, डॉग शो, तंबोला, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, वॉइस ऑफ एक्सपो और फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन जैसे आकर्षक इवेंट शामिल हैं।

### आशीष सिन्हा ने आरआरबी एनटीपीसी वेकेंसी की सीटें बढ़ाने की मांग की

धनबाद, रेलवे में भर्ती के संबंध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस नेता एवं धनबाद विधानसभा के संभावित उम्मीदवार, आशीष सिन्हा ने कहा कि कई वर्षों से रेलवे में वेकेंसी रिक्त हैं। लेकिन केन्द्र सरकार गिने चुने ही सीट निकालती है l आशीष सिन्हा ने कहा छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों की संख्या बढ़ानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक उम्मीदवारों को मौका मिल सके। उन्होंने कहा की लाखों युवाओं की मेहनत और उम्मीदें सरकार से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हैं l सरकार इस पर विचार करे और खाली पड़े रिक्त पदों की संख्या बढ़ाए।

### झारखंड में परिवर्तन होकर रहेगाः विष्णुदेव साय

सिमडेगा(ईएमएस)।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिमडेगा के कुरडेग में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में परिवर्तन होकर रहेगा। बारिश में हुई परेशानी पर कहा कि बारिश के कारण हेलीकॉप्टर उड़ नहीं पाया। सड़क मार्ग के माध्यम से सभा में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि 1.5 घंटे के रास्ता तय कर आप लोगों से आशीर्वाद मांगने कि लिए आया हूं। गठबंधन सरकार और जेएमएम पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में जो सरकार चल रही है वह, लूटने वाली सरकार है।

## समय पर काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार का एग्रीमेंट रद्द करें:मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा(ईएमएस)।पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद तथा युवा कार्य विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को गढवा समाहरणालय भवन में पेयजल और स्वच्छता विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की।यह बैठक 50 करोड़ से अधिक की राशि वाली योजनाओं की थी।समीक्षा बैठक में बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना, एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई ताकि जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 के अंत तक 62.50 लाख घरों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इसलिए तीव्र गति से योजनाओं को पूर्ण कराना अतिआवश्यक है।मंत्री ने बैठक में कहा कि अभियंता और संवेदक पारदर्शी तरीके से काम करें, साथ ही अभियंता संवेदकों से समन्वय बनाकर समय से योजनाओं को पूरा कराए।समीक्षा बैठक में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने विशेषकर एफटीसी के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन जलापूर्ति योजनाओं का अनुश्रवण कराना, संवेदक द्वारा समय से कार्य पूर्ण कराना, युद्ध स्तर पर चापाकलों की मरम्मती कराना एवं सड़े राईजर पाइप को बदलकर बंद पड़े चापाकलों को चालू कराने आदि संबंधी विषयों पर बैठक कर अधिकारियों व अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए।मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने स्पष्ट निर्देश व संदेश दिया है कि 62.50 घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य के अभियंता, संवेदक, सभी स्तर के पदाधिकारी तत्पर व कटिबद्ध होकर कार्य करें।उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन ग्रामीण जलापूर्ति योजना में रेलवे/वन विभाग/एनएचएआई/पथ निर्माण विभाग के एनओसी के अभाव में हो रहे लंबित कार्यों को अविलंब एनओसी लेकर कार्य को क्रियान्वयन कराया जाए। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता संबंधित विभाग से संपर्क स्थापित कर तुरंत एनओसी प्राप्त करें। मंत्री ने कहा कि बहुत सी योजना पूर्ण होने के बाद भी विद्युत कनेक्शन के अभाव में चालू नहीं हो पा रही है, वैसी योजनाओं के लिए समय पर विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन व आवश्यक राशि अविलंब जमा कराकर योजना को चालू कराएं।मंत्री ने सभी कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता को कहा है कि वैसे संवेदकों की सूची तैयार कर विभाग को सौपें, जिन्होंने कार्य समाप्ति की तिथि से 6 माह बीत जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण नहीं किया। साथ ही उन लोगों से कारण पूछा जाए ताकि उनका एकरार नामा रदद कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि कई योजनाओं में यह भी देखने को मिलता है कि योजना बनकर तैयार है, जलमीनार में पानी भी है।

परंतु लाभुकों को गृह संयोजन में नल नहीं लगाया जा रहा है। मंत्री ने वैसे संवेदकों के विरूद्ध संबंधित कार्यपालक अभियंता और अधीक्षण अभियंता को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए हैं। राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव, अपर सचिव, विशेष सचिव, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित योजनाओं के संवेदक उपस्थित थे।

अभाविप का छात्र ने किया गर्जना कार्यक्रम आयोजित

# रणधीर वर्मा चौक पर झारखंड सरकार का किया पुतला दहन

धनबाद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड द्वारा वर्तमान झारखंड सरकार के विफलता के लेकर बीते पंद्रह सितंबर को प्रांत स्तरीय छात्र गर्जना का आयोजन रांची में किया था। साथ ही इस कार्यक्रम को झारखंड राज्य के सभी जिलों में छात्र गर्जना के साथ बदहाल झारखंड का काला दस्तावेज समाज के समक्ष रखने का कार्यक्रम का आह्वान किया था। इसी संदर्भ में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद जिले द्वारा स्थानीय शहिद रणधीर प्रसाद वर्मा चौक पर छात्र गर्जना कार्यक्रम के साथ झारखंड सरकार का पुतला दहन का आयोजन किया । कार्यक्रम धनबाद जिला संयोजक अंशु तिवारी नेतृत्व में किया गया।उन्होंने वर्तमान झारखंड के परिदृश्य पर अपना विचार रखते हुए कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में विद्यार्थियों को शिक्षा, युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सुरक्षा एवं समान अधिकार के वादे पर राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को अवसर प्रदान किया। सरकार को चुनते समय 19 वर्ष का युवा झारखंड आज 24 वर्ष पूरे करने के कगार पर खड़ा है। लेकिन अपना वयस्क राज्य झारखंड आज भी गरीबी और कमजोर प्रशासन की मार झेल रहा



है। देश के 40 प्रतिशत खनिज संपदा से परिपूर्ण इस राज्य में आज भी लगभग 40 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं लगभग 20 प्रतिशत शिशु और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं।तिलका मांझी और सिदो कान्हू के रक्त से सींचा गया।राज्य झारखंड आज भी अपनी तंग हाली पर रो रहा है। आज भी यहां के मूल निवासी अनाज के लिए तरसते हुए जान दे रहे हैं। राज्य सरकार के मंत्री एवं कई अधिकारियों ने झारखंड को लूट खंड बना कर रख दिया है। सरकार के मुखिया स्वयं सेना की जमीन घोटाले के आरोप में जेल जा चुके हैं और अभी जमानत पर बाहर हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों एवं सत्ताधारी राजनीतिक दलों के अधिकारियों ने भी राज्य को लूटने में कोई अवसर नहीं छोड़ा। राज्य के युवा, महिला, मजदूर,किसान और आम जनता ने यह महसूस किया है कि लोक लुभावन वादों के साथ सत्ता में आई झारखंड सरकार एक बार पुनः मुफ्त की योजनाएं लाकर राज्य की जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। झारखंड के संथाल परगना के पाकुड़,साहिबगंज,जामताड़ा, राजमहल,गोड्डा और दुमका में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठ का अलग-अलग माध्यम से आने की सूचना मिलती रहती है। अतः झारखंड राज्य में व्याप्त अराजकता एवं विभिन्न शैक्षणिक,सामाजिक, रोजगार,स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा के विषय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जारी काला दस्तावेज झारखंड सरकार के निरंकुशता का परिणाम है।मौके पर मुख्य रूप से अंशु तिवारी,नीरज निखिल,धनबाद विस्तार हरगोविंद, धनबाद जिला सदस्यता प्रभारी अखिल सिन्हा, गायत्री कुमारी,निशा कुमारी,विक्की ठाकुर , रिकी श्रीवास्तव,शेखर सिंह,विशाल ब्राह्मण शुभम हजारी,विनेश,अमन गुप्ता, परशुराम रेड्डी, प्रशांत मंडल,यस,अभय जायसवाल , सचिन,रोहित, सौरभ , ओम,अभिषेक , बजरंगी तिवारी,सुधांशु, दीपू, राकेश मौजूद थे।

**कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जामताडा**

**अति–अल्पकालीन कोटेशन / दर आमंत्रण सूचना :–2024–25**

सिद्वो–कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, जामताड़ा में योजनाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के साथ क्षेत्र भ्रमण हेतु एवं दैनिक कार्यों के सफल निष्पादन हेतु किराये पर (चालक सहित) एक चार पहिया डीजल SUV वाहन With AC (**Bolero Neo/Bolero, Mahindra Scorpio, TUV 300, Tata Sumo Gold)** की आवश्यकता है। सिद्वो–कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, जामताड़ा द्वारा वाहन को भाड़े पर प्रथम स्थान पर नये चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायगी। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन / निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तीकर्त्ता बंद लिफाफे में अपना कोटेशन / निविदा दिनांक 04.10.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक कार्यालय में हाथों–हाथ / डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरान्त न्युनतम दर दाता को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायगी। वाहन का चयन होने के उपरान्त वाहन मालिक के साथ बारह माह हेतु एकरारनामा किया जायगा। कोटेशन / निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में ''निविदा समिति'' के द्वारा खोली जायगी। किसी भी समय बगैर कारण बताये निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार सचिव, सिद्वो–कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, जामताड़ा–सह–जिला सहकारिता पदाधिकारी, जामताड़ा के पास सुरक्षित रहेगा।

| Sl.No | Type of vehicle | Kms Driven | Year of Manufacture | Model of vehicle | Monthly hiring Rate (With Driver & GST) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

अतः उपरोक्त कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशन दाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदादाता निविदा करने के पूर्व निविदा की आम शर्ते, तकनीकी शर्ते एवं वित्तीय शर्ते https://jamtara.nic.in/notice_category/tenders/ एवं कार्यालय के सूचना पट पर देख सकते है।

कार्यालय पताः–संयुक्त सहकारिता भवन,
उदलबनी, जामताड़ा–दुमका रोड,जामताड़ा। पिन– 815351

**सचिव**
**सिद्वो–कान्हो कृषि एवं वनोपज**
**जिला सहकारी संघ लि०,**
**–सह–**
**जिला सहकारिता पदाधिकारी,जामताड़ा**

**PR 337125 Jamtara(24-25).D**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, धनबाद।**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06 / 2024–25**

1.विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक– 30.09.2024 को कार्यालय अवधि तक
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक – 01.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक – 01.10.2024 को 3:30 बजे अपराहन्
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची।
अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल, हजारीबाग।
कार्यपालक अभियंता,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, धनबाद।
6.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गैर योजना मद अन्तर्गत खालसा मोड़ (सेटलिंग टैंक) RMK-4 पथ (पथ स्वामित्व सिन्द्री फर्टिलाईजर) (कुल लं0–4.462 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 14.99830 | 30000.00 | 2500.00 | 45 दिन |
| 2. | गैर योजना मद अन्तर्गत मुगमा–चिरकुण्डा पथ (MDR-052)(लं0–0.85 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 24.99950 | 50000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 3. | गैर योजना मद अन्तर्गत हटीया मोड़ से गोल्फ गोउण्ड कला भवन होते हुए श्रमिक चौक बरवाड्डा पथ (कुल लं0–1.525 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 19.99850 | 40000.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 4. | गैर योजना मद अन्तर्गत सेन्ट्रल एक्साइज से आवाज प्रेस होते हुए हीरापुर पथ (कुल लं0–1.70 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 9.99930 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 5. | गैर योजना मद अन्तर्गत (MDR-060) पी0डब्लू0डी0 पथ से ऑफिसर कॉलीनी पथ (कुल लं0–1.50 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 9.99750 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 6. | गैर योजना मद अन्तर्गत टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ से जोड़ाफाटक मुख्य पथ तक (कुल लं0–1.10 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 7.99980 | 16000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 7. | गैर योजना मद अन्तर्गत संजय चौक से मैथन मोड़ पथ तक (कुल लं0–1.80 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 9.99890 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 8. | गैर योजना मद अन्तर्गत हटिया मोड़ हीरापुर से बरमसिया हावडा.मोटर तक पथ (कुल लं0–4.50 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 14.99895 | 30000.00 | 2500.00 | 45 दिन |
| 9. | गैर योजना मद अन्तर्गत बैंक मोड से पुरानाबाजार पानी टंकी होते हुए जोड़ाफाटक पथ (कुल लं0–1.90 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 4.99975 | 10000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 10. | गैर योजना मद अन्तर्गत भेलाटांड–मलकेला पथ (लं0–4.20 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 9.99990 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 11. | गैर योजना मद अन्तर्गत कपुरिया–सिजूआ पथ (कुल लं0–5.05 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 9.98799 | 20000.00 | 1250.00 | 45 दिन |

निविदा की शर्त्ते :–

7. कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि जमा करना होगा।
8. निविदा के संबंध में किसी विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।
9. झारखण्ड पथ निर्माण विभाग, रॉची का संकल्प संख्या 2146(एस0) दिनांक–09.09.2020 के आलोक में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163(ए0) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। संप्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदाएँ अनुमान्य होगी। साथ ही जे0पी0डब्लू0डी0 कोड के 163(ए0) को डिलिट किया जाता है। 10 प्रतिशत से न्यूनतम निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से –(क) दस से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा–(ख) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए0) के रूप में संम्माहित होगा। पूर्व के संहिता / नियम / परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें। वैद्य एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निष्पादन के प्राधिकार द्वारा पद्धति तरीके से लौटरी (Lottery) की पद्धति अपनाई जायेगी। यह प्रावधान झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका 163(ई0) के रूप में समाहित होगा। तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता / नियम / परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें।
10. बिटुमिनस कार्य को Hot Mix Plant से संपादित करना होगा। परिमाण विपत्र क्रय के समय / निविदा के समय Hot Mix Plant का स्वामित्व अथवा Hot Mix Plant का स्वामित्व से सहमति प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा।
11. शेष शर्त्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट् पर देखे जा सकते है।

**कार्यपालक अभियंता**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।**

PR 336979 (Road) 24-25 (D)

# बीसीसीएल के रणनीतिक कदमों से दीर्घकालिक लिंकेज ई-नीलामी में रिकॉर्ड सफलता

## ट्रेंच VII के 3.36 मि. टन कोकिंग कोल में से 2.40 मि. टन की सफलतापूर्वक बुकिंग

धनबाद । कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी और भारत में कोकिंग कोल की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने "मिशन कोकिंग कोल" पहल तहत घरेलू कोकिंग कोयले की खपत को बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतिक कदम उठाये हैं। जिसके परिणामस्वरूप कंपनी के ट्रेंच VII के तहत ऑफर किये गये 3.36 मि. टन कोकिंग कोयले में से 2.40 मि. टन की सफलतापूर्वक बुकिंग हो गयी है। कंपनी की स्थापना के बाद से यह एक रिकॉर्ड है। बीसीसीएल आत्मनिर्भर भारत विजन के तहत अपनी सक्रिय भूमिका के माध्यम से आयातित कोयले पर देश की निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कोकिंग कोल के आयात से भारत के बहुमूल्य विदेशी भंडार पर बोझ पड़ता है और इन आयातों को कम करने के लिए, बीसीसीएल ने अपनी कोकिंग कोल नीलामी प्रक्रियाओं को देश के इस्पात उत्पादकों के




लिए अधिक लचीला, पारदर्शी और आकर्षक बनाने के लिए पर्याप्त सुधार किए हैं। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास की शुरूआत तब हुई जब ट्रांच VI नीलामी के समय पेश किए गए कोयले में से कंपनी को कोई बुकिंग नहीं मिली। जवाब में, बीसीसीएल ने अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन किया और कई आवश्यक सुधार किए। इनमें से प्रमुख था कंसोर्टियम बिडिंग की शुरुआत करना, जिससे छोटे-छोटे उपभोक्ताओं को नीलामी में सामूहिक रूप से कंसोर्टियम के माध्यम से भाग लेने की अनुमति मिली और इससे बोलीदाताओं का समूह विस्तृत हुआ तथा प्रक्रिया अधिक सुलभ हुई। अधिक से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षित करने के लिए, बीसीसीएल ने लिंकेज नीलामी बोलीदाताओं के लिए पात्रता मानदंडों में संशोधन के प्रस्ताव को बीसीसीएल की कार्यात्मक निदेशकों की बैठक में मंजूरी दी गई और बाद में आगे के विचार के लिए सीआईएल को भेजा गया। इस प्रस्ताव में स्टील प्लांट, मौजूदा या नए कोकिंग कोल वॉशरीज तथा वॉशरी कोल के बाय-प्रोडक्ट्स का उपभोग करने वाले अन्य प्लांट्स के कंसोर्टियम



की भागीदारी जैसे बिंदु शामिल थे। सीआईएल ने इस विचार को तुरंत अपनाया, जिससे स्टील सब-सेक्टर के लिए लिंकेज नीलामी के सातवें चरण (ट्रांच VII) के लिए एक नई योजना दस्तावेज तैयार हुआ। योजना दस्तावेज की आधिकारिक अधिसूचना से पहले और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, बीसीसीएल एवं कोल इंडिया जून 2024 में दिल्ली में एक उपभोक्ता सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें स्टील उत्पादकों और उद्योग संघों से फीडबैक एकत्र किया गया। इस प्रयास के साथ-साथ संभावित बोलीदाताओं के साथ निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई और सक्रिय भागीदारी तथा नियमित संचार से नीलामी प्रक्रिया की भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन पहलों के परिणामस्वरूप, बीसीसीएल ने स्टील क्षेत्र के लिए हाल ही में संपन्न दीर्घकालिक लिंकेज ई-नीलामी (ट्रेंच VII) में रिकॉर्ड सफलता हासिल की। पेश किए गए 3.36 मि. टन कोकिंग कोयले में से 2.40 मि. टन की सफलतापूर्वक बुकिंग की गई, जिससे कोयला बुकिंग में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ।

बीसीसीएल के इन प्रयासों से घरेलू कोकिंग कोल के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत में इस्पात उद्योग को मजबूती मिलेगी। नीलामी प्रक्रिया के बारे में कंसोर्टियम बोली और स्पष्ट संचार के सफल कार्यान्वयन ने अधिक भागीदारी सुनिश्चित हुई है, जिससे उपभोक्ताओं और आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत आयात प्रतिस्थापन के देश के व्यापक लक्ष्य दोनों को लाभ हुआ है। इस सफलता पर बोलते हुए बीसीसीएल सीएमडी श्री समीरन दत्ता संतोष व्यक्त करते हुए कहा, "नीलामी प्रक्रिया को अधिक समावेशी और पारदर्शी बनाने के हमारे ठोस प्रयासों को काफी हद तक सफलता मिली है । सफल बुकिंग घरेलू कोकिंग कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात निर्भरता को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सफलता आत्मनिर्भर भारत के विजन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पेट्रोल पंप के समीप मिला युवक का शव

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर थाना में दिया आवेदन, गांव के चार लोगों पर आरोप



गिरिडीह । गिरिडीह के बेंगाबाद थाना इलाके के फिटकोरिया पेट्रोल पंप में मंगलवार की देर रात 37 वर्षीय अरुण मंडल का शव लावारिश अवस्था में पड़ा मिला। मृतक अरुण मंडल इसी थाना इलाके के रातडिह गांव का रहने वाला था। और मंगलवार की शाम घर से निकला था। वही चंद घंटे बाद उसका शव फिटकोटिया पेट्रोल पंप के समीप मिला। मृतक की हत्या हुआ या सड़क हादसे में उसकी मौत। बेंगाबाद थाना पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है। वही दूसरे दिन बुधवार को एसडीपीओ बिनोद रवानी के पहल पर सिविल सर्जन ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया। मेडिकल बोर्ड में डॉक्टर राजीव कुमार और फजल थे। पोस्टमार्टम के बाद अब तक जो बाते सामने निकल कर आई। उसके अनुशार मृतक की हत्या कुचल कर किया गया है। इधर अरुण मंडल के परिजनों ने साला अजय मंडल और भीम मंडल ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा की अरुण के साथ दस दिन पहले रातडीह गांव के संतोष मंडल, लीलो मंडल और बजरंगी मंडल समेत चार लोगो का किसी बात को लेकर मारपीट हुआ था। परिजनों ने चारो पर इसी मारपीट का आधार बनाते हुए चारो पर हत्या का आरोप लगाया है। और थाना में आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। इधर चारो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुशार रातडीह गांव के स्वर्गीय मुरली मंडल में 37 वर्षीय बेटा अरुण मंडल मंगलवार की शाम घर से निकला था। लेकिन चंद घंटे बाद उसका शव लावारिश अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना प्रभारी जेके सिंह भी घटनास्थल पहुंच कर जांच किया।

# बीसीसीएल में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान स्कूली बच्चों के लिए हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन




धनबाद । भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में राजभाषा पखवाड़ा – 2024 के अंतर्गत आज दिनांक 25 सितंबर, 2024 को धनबाद स्थित विभिन्न स्कूलों के कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के लिए हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कनिष्ठ और वरिष्ठ 2 वर्गों में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का शुभारंभ कथा सम्राट व उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर राजभाषा प्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने मुंशी प्रेमचंद का जीवन परिचय सभी को दिया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि हिंदी आज रोजगार प्राप्त करने का माध्यम भी बन रही है। हिंदी वैश्विक भाषा है। भारत के बाहर भी लोकप्रिय हो रही है। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के हिंदी शिक्षक श्री डी के सिन्हा ने राजभाषा के महत्व के बारे में सभी को परिचित कराया। श्रीमती रीना कुमारी, डी ए वी पब्लिक स्कूल ने इस मौके पर प्रसिद्ध कवि श्री केदारनाथ सिंह कविता मातृभाषा का पाठ किया।. इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद पब्लिक स्कूल, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, डिनोबली स्कूल, कार्मेल स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल आदि स्कूलों से लगभग 200 विद्यार्थियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में डी ए वी कोयला नगर के शिक्षकों श्री आलोक कुमार, श्रीमती मीरा कुमारी, श्री वीरेंद्र कुमार, श्री एम पी मांझी, श्री अनिल कुमार और श्री अमरनाथ का सराहनीय सहयोग रहा।

# पलक मुच्छल और पलाश मुच्छल के गीतों से सराबोर होगा धनबाद शहर का गोल्फ ग्राउण्ड

धनबाद। हिन्दी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया को जानकारी दी ।

हिन्दी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट अपने 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 29 सितम्बर को झारखंड व धनबाद के साहित्यकारों को समग्र साहित्य साधना एवं सृजन के लिए एक साथ एक मंच पर सम्मानित करने जा रही है। साथ ही उन्होंने बतालाया की राज्य के 11 समाजसेवियों को समाज सेवा सम्मान से सम्मानित भी किया जायेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष, संजय आनंद ने बताया कि कार्यक्रम के




दूसरे सत्र में बॉलीबुड की प्रसिद्ध गायिका पलक व पलाश मुच्छल के द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति होगी। इसके आगे उन्होंने जानकारी दी की गायिका पलक मुच्छल हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की हार्ट सजरी करवाती है।

इस कार्यक्रम से अर्जित राशि पलक हार्ट फाउण्डेशन को दी जायेगी। कार्यक्रम में प्रवेश पास के माध्यम से आम जन सहयोग राशि दे कर भाग ले सकते हैं।

# धनबाद प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एशियन हॉस्पिटल ने किया सम्मानित




धनबाद, बुधवार को बरटांड स्थित एशियन हॉस्पिटल के तरफ से धनबाद प्रेस क्लब 2024–27 के नवनिर्वाचित कमिटी के पदाधिकारियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन हॉस्पिटल के परिसर में किया गया। जिसमें एशियन हॉस्पिटल के डॉक्टर सी राजन,डॉक्टर ए एम रॉय समेत अन्य डॉक्टरों ने नवनिर्वाचित कमिटी को मोमेंटो व पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के डॉक्टर सी राजन ने कहा डॉक्टर और पत्रकार की भूमिका समाज में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। दोनों का प्रोफेशन समाज के लिए समर्पित है। उपस्थित एशियन हॉस्पिटल के चिकित्सकों और पत्रकारों ने एक साथ मिलकर लोगों के स्वास्थ संबंधित जन कल्याण कार्यों के लिए मजबूत सामंजस्य स्थापित करने के संदर्भ में अपना अपना विचार प्रकट किया।

# एनिमेशन के शीर्ष सम्मेलन में वेकटून स्टूडियो को मिला स्टोरीबोर्ड आर्टिस्ट पुरस्कार

धनबाद, देश-विदेश के कई स्थानों से शीर्ष सम्मेलन में भाग लेने के लिए मुंबई पहुंचे। एनिमेशन के एक ऐतिहासिक शीर्ष सम्मेलन का साक्षी बना मुंबई का ई केवेशन सेंटर। इस शीर्ष सम्मेलन में वेकटून स्टूडियो ने सोनी य़ा के सहयोग से 'हनी बानी का झोलमोल' के लिए बेस्ट स्टोरीबोर्ड आर्टिस्ट पुरस्कार जीता और एनिमेशन एंड मोर समिट 2024 के लिए सफलता प्राप्त की। दो दिन के इस सम्मेलन में हजारों एनिमेटर और एनिमेशन प्रेमी उपस्थित थे। एनिमेशन एंड मोर समिट 2024 का थीम था एनिमेशन कम आउट ट्रैप्स और इसने भारतीय एनिमेशन उद्योग की स्थिरता और आकर्षक वृद्धि का जश्न मनाया। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बिल्डन क्षेत्र की चुनौतियों के बीच भी समिट ने फीचर फिल्म, विज्ञापन, सीरीज और शॉर्ट फिल्म के तहत कई एनिमेटेड प्रोजेक्ट्स




पर प्रकाश डाला। यह भारत के एनिमेशन क्षेत्र में निरंतर विकसित हो रहे सृजनात्मक उत्थान को उजागर करता है।

इस वर्ष एनिमेशन के शीर्ष सम्मेलन में कई नामी कंपनियों द्वारा प्रेरित किया गया था। इनमें ग्रीन गोल्ड एनिमेशन, ऑटोडेस्क इंडिया, साक, 44 पिक्चर असेंबलेज, जेबू एनिमेशन, डीएनजी एनिमेशन, सोनी य़ा, वेकटून स्टूडियो, वॉककम, रीलसेंस एनिमेशन, पॉवरकिड्स एंटरटेनमेंट, टून्स मीडिया ग्रुप, हाईटेक एनिमेशन, टेक्निकलर ग्रुप और ग्राफिटी मल्टीमीडिया शामिल थे।इस एनिमेशन शीर्ष सम्मेलन में मुख्यतः हाईटेक एनिमेशन की वृद्धि रही, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म और ब्रॉडकास्टरों से काफी निवेश द्वारा संचालित थी। भारतीय एनिमेशन,

ऐतिहासिक रूप से बच्चों के लिए सामग्री के रूप में मानी जाती थी, अब व्यापक दर्शकों को पूरा करने के लिए तेजी से विकसित हो रही है। सम्मेलन में उपस्थित एनिमेटरों ने कहा कि प्रमुख फिल्म निर्माता एस एस राजामौली ने एनिमेटेड सीरीज के माध्यम से बाहुबली फिल्म के अपने सिनेमैटिक ब्रह्मांड को विस्तार दिया है। इस सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित वेकटून स्टूडियो के सीईओ निलय कांती विश्वास ने परिवर्तित एनिमेशन परिदृश्य के बारे में मूल्यवान बयान दिए। उन्होंने कहा कि सोनी य़ा के सहयोग से वेकटून स्टूडियो शीर्ष सम्मान पाने के लिए गर्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने और कहा कि एनिमेशन एंड मोर समिट 2024 में वेकटून स्टूडियो की पहचान केवल भारतीय एनिमेशन के उनके उल्लेखनीय योगदान को नहीं दर्शाती, बल्कि आधुनिक कहानी कहने में हास्य, सृजनात्मकता औरतकनीकी नवाचार की बढ़ती भूमिका को भी उजागर करती है।

निलय बाबू ने सम्मेलन के बारे में और कहा कि भारतीय एनिमेशन उद्योग अपने दायरे का विस्तार कर रहा है। और इस वर्ष के शीर्ष सम्मेलन ने मनोरंजन क्षेत्र में एनिमेशन के बढ़ते प्रभाव को मजबूत किया है।इस सम्मेलन में वेकटून के निलय बाबू के अलावा डीएनजी एनिमेशन के क्रिएटिव डायरेक्टर फिलिपी ग्लुकमैन और मैक्सन के सीईओ डेविड मैकगैबरन ने भी भाषण दिया।

स्वच्छ भारत मिशन अभियान

# पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित की गई निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता





धनबाद । स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत , भारतीय रेल द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा, 17/09/2024 से 02/10/2024 के नौवें दिन बुधवार को , धनबाद मंडल रेल कार्यालय में "स्वच्छता ही सेवा -2024" के बैनर तले, स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता, थीम के अंतर्गत "निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में धनबाद मंडल में कार्यरत कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धनबाद मंडल कार्यालय के हिंदी विभाग में आयोजित इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सहायक कार्मिक अधिकारी, धनबाद के उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

ज्ञात हो की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा दिनांक 01/10/2024 योग्यता प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया जायेगा । इसके अतिरिक्त स्वच्छता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत, धनबाद डिवीजन के विभिन्न डिपो में "स्वच्छता के लिए श्रमदान" के तहत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों, को सफाई और रखरखाव में शामिल करना था, जिससे स्वच्छता और स्वामित्व की संस्कृति को बढ़ावा मिले । ज्ञात हो की स्वच्छता के लिए श्रमदान" स्वच्छता अभियान धनबाद डिवीजन में एक बड़ी सफलता है , जिसमें सामूहिक प्रयास और समुदाय की भागीदारी की शक्ति का प्रदर्शन किया गया ।

# बोकारो जनरल हॉस्पिटल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन







बोकारो । 25 सितम्बर को बोकारो जनरल हॉस्पिटल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार एवं डॉ ए मंडल, ए सी एम ओ डॉ वर्षा घनेकर, वरीय चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत पारम्परिक तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ हुई. डॉ बी बी करुणामय ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मासिस्ट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है जिसमें उनके द्वारा दवा की सही पहचान, उसकी री-स्टॉकिंग, दवाओं की एक्सपायरी डेट का रिकॉर्ड रखना और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना आदि शामिल होते हैं ताकि किसी मरीज़ के स्वास्थ्य पर उसका कोई गलत प्रभाव न पड़े. बोकारो जनरल हॉस्पिटल में कार्यरत फार्मासिस्ट सुश्री पॉलोमी मुख़र्जी, श्री भुवनेश्वर गोराईं एवं श्री देवराज खान द्वारा इस वर्ष के थीम "वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना" पर आधारित संक्षिप्त भाषण दिया गया. कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट श्री पंकज पांडा तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री संजय कुमार के द्वारा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मासिस्ट श्री अजीत कुमार सिन्हा, श्री शशिभूषण पंडित, श्री अनिरुद्ध वैष्णव, श्री कमल किशोर प्रसाद, श्री प्रदीप कुमार, मो. ज़फ़र इक़बाल, श्री अमित सिन्हा के साथ सभी फार्मासिस्ट की अहम भूमिका रही.

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन





बोकारो । बीएसएल में जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज दिनाँक 25 सितम्बर को बोकारो जनरल हॉस्पिटल के स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़-नाटक का आयोजन सिटी सेंटर, सेक्टर 04 में किया गया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रोचक अंदाज में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया उन्हें स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का सन्देश दिया गया. इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालिग्राम सिंह, मुख्य महा प्रबंधक(नगर प्रशासन) श्री कुंदन कुमार, बोकारो जनरल हॉस्पिटल के वरीय अधिकारी व कर्मी सहित इस अभियान से जुड़े टीम के अन्य सदस्य उपास्थि थे.

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।